



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 93 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आषाढ शु.4 2082 रविवार, 29 जून-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## भाजपा ने मांगा सीएम ममता का इस्तीफा

कोलकाता, 28 जून (एजेंसियां)। भाजपा ने पश्चिम बंगाल सामूहिक दुष्कर्म के मामले में राज्य की टीएमसी सरकार पर हमला बोला। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि जिस राज्य की सीएम एक महिला हैं, वहां महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता होनी चाहिए, लेकिन वहां इतनी असंवेदनशीलता और निर्दयता क्यों है? पीड़िता ने जो बयान दिया है, उससे साफ पता चलता है कि सामूहिक दुष्कर्म की यह घटना कहीं न कहीं राज्य प्रायोजित है। संबित पात्रा ने कहा कि यह क्रूर घटना राजनीति से प्रेरित है। मैं ऐसा क्यों कह रहा हूं क्योंकि यह पूरा मामला कॉलेज संघ से जुड़ा है। मुख्य आरोपी खुद टीएमसी की छात्र शाखा का सचिव रहा है और वह टीएमसी का सदस्य है।

# मोदी को 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि



नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज की जयंती के शताब्दी समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित भी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज के विचारों ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्रेरित किया है। पीएम मोदी ने एक जैन संत के पिछले प्रवचन का भी जिक्र किया और कहा कि वे 'ऑपरेशन सिंदूर' को आशीर्वाद दे रहे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री की ओर से यह कहे जाने पर कि जो हमें छेड़ेगा..., वहां मौजूद लोगों ने जमकर 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। हालांकि, पीएम मोदी ने इस मुद्दे पर आगे कुछ नहीं कहा।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने अपने नौ संकल्पों को दोहराया और लोगों से उनका पालन करने की अपील की। संकल्प हैं- पानी बचाना, मां की याद में एक पेड़ लगाना, स्वच्छता, 'वोकल फॉर लोकल', देश में अलग-अलग जगहों की यात्रा करना, प्राकृतिक खेती को अपनाना, सेहतमंद जीवनशैली अपनाना, खेल व योग अपनाना और गरीबों की मदद करना।

पीएम मोदी ने कहा, आज हम सब भारत की अध्यात्म परंपरा के एक महत्वपूर्ण अवसर के साक्षी बन रहे हैं। पूज्य आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज, उनकी जन्म शताब्दी का ये पून्य पर्व... उनकी अमर प्रेरणाओं से ओत-प्रोत यह कार्यक्रम एक अभूतपूर्व प्रेरक वातावरण का निर्माण हम सबको प्रेरित कर रहा है। मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं। मुझे आने का अवसर देने के लिए आप सब का आभार व्यक्त करता हूं। आज का ये दिन एक और वजह से बहुत विशेष है। 28 जून यानी, 1987 में आज की तारीख पर ही आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज को आचार्य पद की उपाधि प्राप्त हुई थी। ये सिर्फ एक सम्मान नहीं था, बल्कि जैन परंपरा को विचार, संयम और करूणा से जोड़ने वाली एक पवित्र धारा प्रवाहित हुई।

उन्होंने कहा, आज जब हम उनकी जन्म शताब्दी मना रहे हैं, तब ये तारीख हमें उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाती है। इस अवसर पर आचार्य विद्यानंद मुनिराज की चरणों में नमन करता हूं। उनका आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे, ये प्रार्थना करता हूं। आज इस अवसर पर आपने मुझे 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि देने का जो निर्णय लिया है, मैं खुद को इसके योग्य नहीं समझता हूं, लेकिन हमारा संस्कार है कि हमें संतों से जो कुछ मिलता है उसे प्रसाद समझकर स्वीकार किया जाता है। इसलिए मैं आपके इस प्रसाद को विनम्रता पूर्वक स्वीकार करता हूं और मैं भारती के चरणों में अर्पित करता हूं।

## आईपीएस पराग जैन रॉ चीफ बने



**1 जुलाई से चार्ज संभालेंगे, दो साल का कार्यकाल रहेगा, एविएशन रिसर्च सेंटर के प्रमुख भी हैं**

नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)। भारत सरकार ने 1989 बैच के पंजाब कैडर के आईपीएस पराग जैन को देश की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया चीफ नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल दो साल का होगा। वे रवि सिन्हा की जगह लेंगे, जो 30 जून को रिटायर हो रहे हैं।

पराग लंबे से रॉ से जुड़े हैं। उन्होंने रॉ के पूर्व प्रमुख सामंत गोयल के साथ मिलकर काम किया है। वे पाकिस्तान डेस्क को संभाल रहे हैं। उन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाने और बालाकोट एयरस्ट्राइक जैसे अहम मिशन पर काम किया है। पराग एविएशन रिसर्च सेंटर (एआरसी) के प्रमुख भी हैं, जहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी शिविरों की पहचान में अहम भूमिका निभाई थी। पराग जैन एसएसपी चंडीगढ़ और डीआईजी लुधियाना के पद पर भी रहे हैं। पंजाब में ड्यूटी के दौरान उन्होंने आतंकवाद विरोधी कई ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जैन ने कनाडा-श्रीलंका में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। कनाडा में तैनाती के दौरान उन्होंने खालिस्तान समर्थक नेटवर्क उजागर किया था।

30 जून 2023 को छत्तीसगढ़ कैडर के सीनियर आईपीएस अधिकारी रवि सिन्हा को भारत की खुफिया एजेंसी रॉ (रिसर्च एंड एनालिसेस विंग) का नया चीफ नियुक्त किया गया था। उन्होंने तत्कालीन रॉ चीफ सामंत कुमार गोयल की जगह ली थी। रवि सिन्हा बिहार के भोजपुर जिले से ताल्लुक रखते हैं।

## 'धारा 370 हटाने का फैसला स्वीकार किया ताकि देश में एक संविधान रहे' : सीजेआई गवई



नागपुर, 28 जून (एजेंसियां)। नागपुर में देश के मुख्य न्यायाधीश ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के फैसले को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि देश को एकजुट रखने के एक ही संविधान की जरूरत है। हमने संसद द्वारा लिए गए धारा 370 को हटाने के फैसले को सर्वसम्मति से स्वीकार किया, ताकि देश में एक ही संविधान चले। देश के एक राज्य में अलग संविधान बाबा साहब आंबेडकर की विचारधारा के अनुरूप नहीं था।

उन्होंने कहा कि संविधान के केंद्रीकृत होने को लेकर बाबा साहब आंबेडकर की खूब आलोचना की गई थी। बाबा साहब ने उस आलोचना का जवाब देते हुए कहा था कि हम देश को सभी चुनौतियों के लिए उपयुक्त संविधान दे रहे हैं और मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि यह युद्ध और शांति के समय में देश को एकजुट रखेगा। आज हम अपनी 75 साल की यात्रा में देख रहे हैं कि हमारे आसपास क्या स्थिति है? जब भी भारत ने किसी संकट का सामना किया है, तो देश एकजुट रहा है। यह संविधान से ही संभव हुआ है।

इससे पहले मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि संविधान ने सरकार के तीन अंगों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की सीमाएं तय की हैं। कानून बनाना विधायिका और राज्य विधानसभाओं की जिम्मेदारी है, जबकि कार्यपालिका संविधान और कानून के ढांचे के भीतर काम करती है। उन्होंने कहा कि संविधान और नागरिकों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

## आचार्य विद्यानंद का जीवन त्याग की मिसाल
## पीएम मोदी ने डाक टिकट, सिक्के जारी किए

नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)। पीएम मोदी शनिवार को जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आचार्य विद्यानंद का डाक टिकट और सिक्का जारी किया। इस कार्यक्रम का आयोजन भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट की ओर से किया गया।

ट्रस्ट ने पीएम को 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि से सम्मानित किया। इस मौके पर मोदी ने कहा, मैं खुद को इस उपाधि के योग्य नहीं मानता, लेकिन हमारी संस्कृति में यह परंपरा है कि संतों से जो भी मिलता है, हम उसे प्रसाद मानकर स्वीकार करते हैं। इस वजह से मैं इस सम्मान को प्रसाद रूप में विनम्रता से स्वीकार करता हूं और इसे मां भारती को समर्पित करता हूं।

**पीएम मोदी की 2 बड़ी बातें...**

> पीएम ने भावुक होते हुए कहा कि आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज एक 'युग पुरुष' थे, 'युग दृष्टा' थे। मुझे सौभाग्य मिला कि मैं उन्हें निकट से देख पाया और उनके आध्यात्मिक तेज को महसूस कर सका। आज जब हम उनकी जन्म शताब्दी मना रहे हैं, तो मुझे इस मंच से भी उनका स्नेह और निकटता महसूस हो रही है।



> पीएम ने कहा- भारत दुनिया की सबसे प्राचीन और जीवित संस्कृति है। हम हजारों वर्षों से अमर हैं, क्योंकि हमारे विचार अमर हैं, हमारी सोच अमर है, हमारा दर्शन अमर है। इस अमर दर्शन का स्रोत हमारे ऋषि, मुनि, संत और आचार्य हैं। उन्होंने ही भारत की आत्मा को दिशा दी है और सदियों तक हमारी संस्कृति को जीवित रखा है।

## पुरी में तीनों रथ गुंडिचा मंदिर पहुंचे

**9 दिन मौसी के यहां ठहरेंगे भगवान, दो दिन की रथ यात्रा में 10 लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे**

पुरी, 28 जून (एजेंसियां)। ओडिशा के पुरी में सालाना जगन्नाथ यात्रा का शनिवार को दूसरा दिन है। आज सुबह 10 बजे फिर रथयात्रा शुरू हुई। भक्तों ने तीनों रथों को खींचना शुरू किया।

सुबह 11.20 बजे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज और दोपहर 12.20 बजे देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ और इनके बाद भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ 1.11 बजे गुंडिचा मंदिर पहुंच गया है। मुख्य मंदिर से गुंडिचा मंदिर की दूरी 2.6 किमी दूर है। गुंडिचा मंदिर में भगवान 9 दिन ठहरेंगे।

पुरी में सुबह से हल्की बारिश हो रही है। इससे मौसम में अच्छा हो गया है। कल की अपेक्षा आज भीड़ 10-20 प्रतिशत कम है, लेकिन आज भी कई लोग बीमार हो गए। पिछले दिन में 650 से श्रद्धालुओं के तबीयत खराब होने की खबर है।

## '2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें' : अमित शाह



गोधरा, 28 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को युवाओं से आह्वान किया कि वे संकल्प लें कि जब भारत अपनी आजादी की 100वीं वर्षगांठ यानी 2047 में मनाएगा, तब हमारा देश हर क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करेगा। अमित शाह गुजरात के पंचमहल जिले के विनजोल में मौजूद श्री गोविंद गुरु विश्वविद्यालय में 125 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। वे खराब मौसम के कारण कार्यक्रम में खुद नहीं पहुंच सके थे।

**अमित शाह ने गोविंद गुरु को दी श्रद्धांजलि :**

इस दौरान अमित शाह ने भारत की आजादी की लड़ाई में आदिवासी नेता गोविंद गुरु के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान इस क्षेत्र के लोगों की चेतना को जागृत किया। उन्होंने बताया, ब्रिटिश सरकार के खिलाफ संघर्ष में करीब 1,512 आदिवासी भाई-बहनों ने बलिदान दिया, और मांगढ़ (गुजरात) भारत की स्वतंत्रता के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया।

**मोदी के विजन को बताया प्रेरणादायक :**

अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोविंद गुरु के वीरता के इतिहास को आगे बढ़ाया है और वे 2047 तक भारत को एक महान राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा, हमारे युवाओं और बच्चों को यह संकल्प लेना चाहिए कि जब भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाए, तब हम हर क्षेत्र में दुनिया में प्रथम स्थान पर हों।

**गोविंद गुरु विश्वविद्यालय का सपना :**

गृह मंत्री ने बताया कि गोविंद गुरु विश्वविद्यालय की स्थापना का विचार स्वयं नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए किया था। उन्होंने आगे कहा, यह विश्वविद्यालय और गोविंद गुरु का स्मारक पूरे देश के आदिवासी समाज के लिए प्रेरणा का केंद्र बन सके, इस उद्देश्य से यह विचार आया।

उन्होंने जानकारी दी कि विश्वविद्यालय की स्थापना 2015 में हुई थी और आज जिन परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास हुआ है, उनकी कुल लागत 125 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं में सेंटर फॉर एक्सीलेंस, इंडोर मल्टीपर्पस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सिंथेटिक ट्रैक, फुटबॉल और क्रिकेट मैदान, कृत्रिम झील, छात्रावास भवन शामिल हैं।

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन के बीच नई सरकार की तैयारी

इंफाल, 28 जून (एजेंसियां)। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह ने शनिवार को कहा कि राज्य में एक बार फिर से लोकप्रिय सरकार बनाने की कोशिशें चल रही हैं। इस समय मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्य कार्यालय में एक कार्यक्रम से इतर बीरेन सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राज्य में जल्द ही एक नई सरकार बनेगी।

बीरेन सिंह ने कहा, हम जल्द से जल्द सरकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हम एक राष्ट्रीय पार्टी हैं। जमीनी स्थिति को देखने के बाद मुझे पूरा भरोसा है कि सरकार जल्द बनेगी।

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमला

**सैन्य काफिले को बनाया गया निशाना, 13 सैनिकों की मौत, 10 जवानों समेत 29 घायल**

इस्लामाबाद, 28 जून (एजेंसियां)। उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में एक सैन्य काफिले को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती बम विस्फोट में 13 सैनिक मारे गए। हमले में दर्जनों लोगों के घायल होने की खबर है। हालांकि, हताहतों की संख्या बढ़ भी सकती है। सूत्रों के मुताबिक, उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में आज सुबह एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम निरोधक इकाई के माइन-रेसिस्टेंट एम्बुश प्रोटेक्टेड (एमआरएपी) वाहन से भिड़ा दिया।

**विस्फोटकों से लदे वाहन की सैन्य काफिले से टक्कर :**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने कहा कि एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन की सैन्य काफिले से टक्कर करवा दी। विस्फोट में 13 सैनिक मारे गए। इसके अलावा 10 सैन्यकर्मी और 19 नागरिक घायल हो गए। यह क्षेत्र तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के निशाने पर रहता है।

सूत्रों के मुताबिक, हमले के समय इलाके में चल रही सैन्य गतिविधियों के कारण कर्फ्यू लगा दिया गया था। विस्फोट के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने बचाव अभियान शुरू किया। आतंकवादी समूह उसुद अल-हरब के एक उप-गुट हाफिज गुल बहादुर समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। घटना को हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में हुई सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है। इससे क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं।

## निजी कॉलेजों में सीट ब्लॉकिंग घोटाला

### एजेंटों ने उनके लिए सीटें ब्लॉक कराई, जिन्हें दाखिला ही नहीं लेना था

नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), बेंगलूरू के क्षेत्रीय कार्यालय ने 25 और 26 जून को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत बेंगलुरू में निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों में सीट ब्लॉकिंग घोटाले से संबंधित 17 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी की कार्यवाही में बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, आकाश इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के कार्यालय परिसरों और इन संस्थानों से जुड़े व्यक्तियों पर की गई। शैक्षिक परामर्श सेवाओं में लगी कुछ संस्थाओं और घोटाले से जुड़े कुछ निजी एजेंटों के परिसरों पर भी तलाशी ली गई। निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों के इस सीट ब्लॉकिंग घोटाले में एजेंटों व दूसरे लोगों ने ऐसे छात्रों के लिए सीटें ब्लॉक कराई, जिन्हें दाखिला ही नहीं लेना था। बाद में उन सीटों को अपने लाभ के मुताबिक भरा।

ईडी के तलाशी अभियान के दौरान धन शोधन गतिविधियों से संबंधित विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और अन्य डिजिटल डिवाइस पाए गए। उन्हें जब्त कर लिया गया है। तलाशी की कार्यवाही में निजी संस्थानों में लोकप्रिय व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर सीट ब्लॉकिंग और नकदी/धन के उपयोग के संबंध में सबूत सामने आए हैं। एजेंटों, शैक्षिक परामर्श सेवा संस्थाओं का एक व्यापक नेटवर्क है, जिसका उपयोग भारत भर से छात्रों को इन संस्थानों में प्रवेश के लिए लाने के लिए किया जाता है। प्रबंधन कोटा सीटों पर प्रवेश ज्यादातर नकदी/धन जैसे बाहरी विचारों के आधार पर अपारदर्शी तरीके से किया जाता है।

एकत्र किए गए सबूतों के अलावा, तलाशी की कार्यवाही के दौरान 1.37 करोड़ रुपये (लगभग) की नकदी के रूप में अपराध की आय भी मिली है। इसे भी जब्त कर लिया गया। इससे पहले, ईडी ने केईए (कर्नाटक परीक्षा प्राधिकरण) द्वारा बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, आकाश इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ आईपीसी/बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। आरोप है कि इन कॉलेजों ने अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलीभगत करके केईए के साथ पंजीकृत छात्रों के लॉग-इन क्रेडेंशियल प्राप्त किए और उन छात्रों के नाम पर अपने कॉलेज में सीटें चुनकर सीटें ब्लॉक कर दीं, जो वास्तव में प्रवेश लेने वाले नहीं थे।




### सिपाही ने थप्पड़ मारा तो नेता के बेटे ने कर ली खुदकुशी

हल्द्वानी, 28 जून (एजेंसियां)। कोटाबाग में भाजपा नेता विशन नगरकोटी के पुत्र कमल ने जहर खाकर जान दे दी। परिजनों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस चौकी के एक सिपाही की पिटाई से क्षुब्ध होकर उसने जानलेवा कदम उठा लिया। हालांकि कालाढूंगी थाना पुलिस ने पिटाई की बात से इन्कार किया है। सयात गांव के रहने वाले भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य विशन नगरकोटी मंडल महामंत्री और बीडीसी सदस्य भी रहे हैं। बताया कि शुक्रवार दोपहर उनका पुत्र कमल (31) बाइक से जा रहा था। तभी चौकी के एक सिपाही ने उसे रोक लिया। चेकिंग के दौरान सिपाही ने उसे थप्पड़ मारा और अभद्रता की, यह बात कमल को चुभ गई। उसने कोटाबाग के बाजार में जहर खा लिया। पता चलने पर वह उसे लेकर बेस अस्पताल गए,

# बुद्धि का दुरुपयोग ही उसे बदतर बनाती है

## मोहन भागवत ने पुणे में कार्यक्रम को किया संबोधित

पुणे, 28 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत आज पुणे में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि संघ का काम पूरे हिंदू समाज को स्नेह और अपनेपन की भावना से जोड़ना है। बता दें कि मोहन भागवत प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य पीवआई खादीवाले, जिन्हें वैद्य खादीवाले के नाम से भी जाना जाता है, उनके जीवन पर आधारित एक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर बोल रहे थे। भागवत ने कहा, जानवरों के विपरीत, मनुष्य में बुद्धि होती है। बुद्धि के बुद्धिमानीपूर्ण उपयोग से वह बेहतर बन सकता है, लेकिन अगर बुद्धि का दुरुपयोग किया जाए, तो वही बुद्धि उसे बदतर बना सकती है।



**मोहन भागवत ने कही ये बात**

मोहन भागवत ने कहा कि जो चीज उसे बुरा बनने से रोकती है, वह है स्नेह और अपनेपन की भावना। वैद्य खादीवाले का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि स्वार्थ से प्रेरित होकर व्यक्ति बुराई की ओर झुक सकता है, लेकिन करुणा और अपनेपन से प्रेरित होकर वह दिव्य रूप प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा, संघ समाज को इन मूल्यों की याद दिलाने का काम करता है, जिन्हें आज भुलाया जा रहा है। अगर कोई आपके प्रति अपनेपन की भावना दिखाता है, तो आपको भी उसके प्रति वैसा ही स्नेह और करुणा की भावना दिखानी चाहिए। भागवत ने कहा कि हिंदू समाज ने इस भावना से पूरी दुनिया को जोड़ने के विचार को अपनाया है।

'गिविंग बैक' शब्द का इस्तेमाल अब अक्सर अंग्रेजी में किया जाता है, लेकिन यह भावना यहां लंबे समय से मौजूद है। उन्होंने आयुर्वेद और परोपकार में खादीवाले के योगदान की भी सराहना की और उनके प्रशंसकों से उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। बीते दिनों नागपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा था कि देश की आजादी किसी एक व्यक्ति की देन नहीं है।

सामूहिक विचार की अहमियत बताते हुए उन्होंने कहा कि सामूहिक विचार से ही संघ की दिशा तय होती है। संघ का काम एक दो लोगों का काम नहीं है।

### मणिपुर में तीन महिलाओं समेत छह उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल, 28 जून (एजेंसियां)। मणिपुर पुलिस ने इंफाल पश्चिम और पूर्वी जिले से प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) की तीन महिलाओं समेत छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इंफाल पश्चिम जिले के थांगमेइबंद थिंगल लेइकाई इलाके से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्लूजी) की दो महिलाओं समेत तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि वे जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल थे। वहीं इंफाल पूर्वी जिले के चिंगरेल तेजपुर क्षेत्र से जबरन वसूली गतिविधि में शामिल केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया। जबरन वसूली की गतिविधि में शामिल केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के दो सक्रिय कार्यकर्ताओं को इंफाल पूर्वी जिले के वांगखेई निंगथेम पुखरी मापल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ एफआईआर, पीड़ित युवक ने कही यह बात



अशोकनगर, 28 जून (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ अशोकनगर जिले के मुंगावली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई एक वायरल वीडियो और पीड़ित के शपथ पत्र के आधार पर की गई है। थाना प्रभारी जोगिंदर सिंह यादव ने बताया कि यह एफआईआर दर्ज की गई। बताया गया कि 26 जून को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें अशोकनगर जिले के मूढ़रा बरवाह गांव के गजराज लोधी और उनके भाई रघुराज लोधी ने मारपीट और मानव मल खिलाने का आरोप लगाया था। रिपोर्ट के अनुसार, वीडियो वायरल होने के बाद गजराज लोधी ने कलेक्टर को दिए गए शपथ पत्र में स्वीकार किया कि मानव मल खिलाने की घटना झूठी थी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता उन्हें ओरछा ले गए, जहां जीतू पटवारी ने उन्हें अमानवीय घटना का झूठा बयान देने को कहा। बदले में मोटरसाइकिल और आर्थिक मदद का वादा किया गया था। शपथ पत्र के अनुसार, गजराज ने दबाव में आकर झूठा बयान दिया। जीतू पटवारी ने इस बयान का वीडियो बनवाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के इस कृत्य से विभिन्न जातियों और समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2), 196(1)(ए), 197(1)(सी), 229(2), 237 और 353(1)(सी) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीएम विजयन के मंत्री शिवनकुट्टी ने भारत माता की तस्वीर को लेकर दिया बेतुका बयान

## राज्यपाल पर लगाए आरोप



तिरुवनंतपुरम, 28 जून (एजेंसियां)। केरल में भारत माता की तस्वीर को लेकर विवाद लगातार जारी है। इस बीच केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने भारत माता की तस्वीर को लेकर बेतुका बयान दिया। मंत्री ने भारत माता के चित्र को धार्मिक चित्र बताया। साथ ही राजभवन में आधिकारिक समारोहों के दौरान भारत माता का चित्र प्रदर्शित करने के लिए राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर पर हमला बोला। बृहस्पतिवार को शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी भारत माता की तस्वीर देखकर राजभवन में आयोजित राज्य सरकार के एक कार्यक्रम को छोड़कर चले गए थे। मंत्री ने कहा कि सांविधानिक पद पर बैठे किसी व्यक्ति द्वारा आधिकारिक कार्यक्रमों के दौरान ऐसी प्रतिमा की पूजा करना संविधान के मूल सिद्धांतों को नष्ट करने के समान है। देश की प्रस्तावना में इसे एक धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया है। सांविधानिक पदों पर बैठे लोगों द्वारा सरकारी कार्यक्रमों में किसी भी धार्मिक प्रथा को बढ़ावा देना प्रतिबंधित है। शिवनकुट्टी ने कहा कि राज्यपाल की कार्रवाई भारतीय संविधान की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति पर एक स्पष्ट हमला है। यह न केवल प्रोटोकॉल का उल्लंघन है, बल्कि संविधान द्वारा गारंटीकृत धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को भी कमजोर करने वाला कृत्य है। उन्होंने राजभवन में भारत माता की तस्वीर लगाए जाने के बाद समारोह का बहिष्कार करने के अपने फैसले को भी उचित ठहराया। मंत्री ने कहा कि मैंने इसलिए कार्यक्रम छोड़ दिया क्योंकि मैं ऐसे सांविधानिक उल्लंघनों का गवाह नहीं बन सकता था। मैं केवल संविधान को बनाए रखने की अपनी जिम्मेदारी निभा रहा था। मैं संविधान की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। राज्यपाल को लेकर राज्य मंत्री ने कहा कि वे तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करके संविधान की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति का अपमान कर रहे हैं। किसी आधिकारिक समारोह में भारत माता की छवि प्रदर्शित करना और उसकी पूजा करना किसी विशेष धार्मिक प्रतीक को आधिकारिक रूप से समर्थन देने के समान होगा। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि भारत माता की छवि को एक धार्मिक प्रतीक के रूप में देखा जाता है और आधिकारिक समारोहों में इसके प्रदर्शन की आलोचना की जाती है क्योंकि यह संवैधानिक, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। केरल में विवाद तब शुरू हुआ जब राजभवन ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम में 'भारत माता' की तस्वीर का उपयोग किया। इसका राज्य के कृषि मंत्री और सीपीआई नेता पी। प्रसाद ने कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया था।

### ठाणे में फ्लैट से दो करोड़ की नशीली दवाएं जब्त

ठाणे, 28 जून (एजेंसियां)। पुलिस ने ठाणे जिले में एक फ्लैट से 2.12 करोड़ रुपये मूल्य की 1.93 किलोग्राम नशीली दवाएं (मेफेड्रोन) दवा जब्त की है। मामले में एक युवती सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय, कल्याण) अतुल जेंडे ने बताया कि पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ नेटवर्क के बारे में गुप्त सूचना मिलने पर रात डोंबिवली के पास खोनी गांव स्थित फ्लैट पर छापा मारा। 21 वर्षीय महिला को मौके पर ही पकड़ लिया गया। उसके दो पुरुष साथी भाग गए, लेकिन बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी एक संगठित ऑपरेशन के सदस्य हैं, जिसमें दो व्यक्ति कथित तौर पर नशीली दवाओं की आपूर्ति और रसद का प्रबंधन करते थे, जबकि महिला ने इसके स्थानीय वितरण और डिलीवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# महाराष्ट्र में हिंदी विवाद

## उद्धव-राज ठाकरे के समर्थन में उतरीं सुप्रिया सुले विरोध मार्च में शामिल होगी शरद पवार की पार्टी



मुंबई, 28 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी को पढ़ाने को लेकर सियासी बवाल मचा हुआ है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना-यूबीटी और राज ठाकरे की मनसे इस मुद्दे पर महाराष्ट्र सरकार पर हमलावर हैं। एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि भाषा शिक्षा एक ऐसा मुद्दा है जिसे बहुत गंभीरता से लिया जाना चाहिए। हमें विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ना चाहिए। कोई अन्य राज्य इस तरह से काम नहीं कर रहा है। मुझे समझ में नहीं आता कि महाराष्ट्र सरकार इतना अड़ियल रुख क्यों अपना रहा है। सुप्रिया सुले ने कहा कि हम किसी को खुश करने के लिए बच्चों का भविष्य खराब नहीं कर सकते। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) पूरी ताकत से विरोध उद्धव और राज ठाकरे के मार्च में हिस्सा लेगी। शिक्षा हमारे लिए एक गंभीर मुद्दा है।

**क्या है हिंदी विवाद**

बता दें कि महाराष्ट्र सरकार ने अभी हाल में एक आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि स्कूलों में कक्षा एक से पांचवीं तक के छात्रों को मराठी और अंग्रेजी के बाद तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ाई जाएगी। हालांकि विवाद होने के बाद सरकार ने संशोधित आदेश जारी कर कहा कि हिंदी वैकल्पिक भाषा होगी। अगर कोई छात्र तीसरी भाषा के तौर पर देश में बोली जाने वाली कोई अन्य भाषा पढ़ना चाहता है तो वह पढ़ सकता है। उसके लिए हिंदी अनिवार्य नहीं होगी। हालांकि इसके लिए क्लास में कम से कम 20 छात्रों का रहना जरुरी है। अगर क्लास में 20 छात्र नहीं होते हैं तो हिंदी तीसरी भाषा के तौर पर पढ़ाई जाएगी। सरकार के इसी आदेश पर विवाद हो रहा है।

# 'जब दोस्त ही बलात्कार करे तो क्या कर सकते हैं'

## कोलकाता रेप केस पर टीएमसी सांसद के बयान पर बवाल; अब दे रहे सफाई





कोलकाता, 28 जून (एजेंसियां)। कोलकाता के कस्बा क्षेत्र में स्थित एक लॉ कॉलेज में लॉ की स्टूडेंट के साथ हुई गैंगरेप की घटना के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी ) के सांसद कल्याण बनर्जी ने जो बयान दिया है, उसके बाद सियासी पारा काफी चढ़ गया है। कल्याण बनर्जी ने गैंगरेप की घटना को लेकर मीडिया से बात करते हुए कहा था कि इस तरह के अपराध कुछ ही पुरुष करते हैं। लेकिन अगर एक दोस्त अपने दोस्त का रेप करे तो क्या किया जा सकता है।

**कल्यान बनर्जी का बयान**

टीएमसी सांसद ने कहा, पुलिस हर समय कॉलेज या स्कूल में नहीं रह सकती है। यह घटना कॉलेज के छात्रों के बीच की है। यह लॉ कॉलेज एक सरकारी कॉलेज है, क्या हर समय पुलिस वहां मौजूद रह सकती है? कॉलेज प्रशासन सरकार का हिस्सा नहीं है। उनकी इस टिप्पणी के बाद राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया है। बनर्जी के बयान को लेकर भाजपा और अन्य दलों ने तीखा हमला बोला है। हालांकि, अपने बयान के बारे में सफाई देते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा कि इसे 'तोड़-मरोड़कर' पेश किया गया है।

**टीएमसी सांसद ने दी सफाई**

टीएमसी सांसद ने कहा, मेरी बातों को कुछ मीडिया संस्थानों ने तोड़-मरोड़कर पेश किया है। उन्होंने यह भी कहा कि वे किसी भी तरह के अपराध का समर्थन नहीं करते हैं और सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के पक्ष में हैं।

**बीजेपी का हमला**

कल्याण बनर्जी के बयान पर भाजपा ने निशाना साधा है। पश्चिम बंगाल बीजेपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, टीएमसी सांसद रेप के आरोपियों का समर्थन कर रहे हैं! कस्बा में एक छात्रा का गैंगरेप टीएमसी नेता और उसके गिरोह ने किया और कल्याण बनर्जी महिलाओं की सुरक्षा को राजनीतिक एजेंडा बता रहे हैं।

**अब तक क्या हुई कार्रवाई?**

कोलकाता में लॉ कॉलेज में हुई कथित गैंगरेप की घटना के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

### जालंधर-अमृतसर नेशनल हाईवे पर दो वाहन टकराए,तीन लोगों की मौत

कपूरथला, 28 जून (एजेंसियां)। कपूरथला के ढिलवां टोल प्लाजा से पहले जालंधर-अमृतसर नेशनल हाईवे पर शनिवार सुबह गुडाणा पुल के पास सड़क पर जा रहे चार पहिया वाहन और आर्टिका कार में टक्कर हो गई। हादसे में दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं दोनों वाहनों में सवार 14-15 लोग घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम ने घायलों को ब्यास के अस्पताल में भर्ती करवाया है। थाना ढिलवां एसएचओ दलविंद्रबीर सिंह ने बताया कि जांच अधिकारी एएसआई मूरता सिंह ने घटना स्थल पर पहुंच जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे का शिकार हुए लोगों को उमर अब्दुल्ला सरकार दे रही बड़ी मदद

जम्मू, 28 जून (एजेंसियां)। जम्मू में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर राहत प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व कदम उठाते हुए, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, जम्मू की पहल के समन्वय में और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (यातायात) जम्मू और मुख्य चिकित्सा अधिकारी जम्मू के सहयोग से, उपायुक्त जम्मू के सक्रिय दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप जम्मू-कश्मीर सड़क दुर्घटना पीड़ित निधि नियम, 2022 के तहत एक बड़ी सफलता मिली है। पिछले तीन महीनों में, जम्मू जिले में सड़क दुर्घटनाओं में शामिल मृतक पीड़ितों और घायल व्यक्तियों के कानूनी उत्तराधिकारियों के बैंक खातों में कुल 50,50,000 रुपये की राशि सीधे जमा की गई है। कुल 47 मृत्यु मामलों का निपटारा किया गया है, जिसमें प्रत्येक कानूनी उत्तराधिकारी को 1,00,000 रुपये की राशि जमा की गई है, जो कि 47,00,000 रुपये है। 10 घायल व्यक्तियों को चोटों की गंभीरता के आधार पर मुआवजा मिला है, यानी गंभीर चोटों के लिए 75,000 रुपये, मध्यम चोटों के लिए 50,000 रुपये और मामूली चोटों के लिए 10,000 रुपये। यह प्रदेश सड़क दुर्घटना पीड़ित निधि नियम, 2022 के पीड़ित-केंद्रित प्रावधानों को लागू करने में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य दुखद सड़क दुर्घटनाओं के बाद पीड़ितों या उनके परिवारों को तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान करना है। वितरित मामलों के अलावा, 12 और मृत्यु मामले और 5 घायल मामले वर्तमान में सक्रिय रूप से विचाराधीन हैं और इन मामलों में मुआवजा जल्द ही जमा किए जाने की उम्मीद है, जिससे सड़क दुर्घटना पीड़ितों के कल्याण के प्रति जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता और मजबूत होगी। जम्मू के डिप्टी कमिश्नर ने फंड के क्रियान्वयन पर गहरी संतुष्टि व्यक्त की और इसे संभव बनाने वाले निर्बाध अंतर-विभागीय समन्वय की सराहना की। यह पहल सड़क दुर्घटनाओं से प्रभावित लोगों को समय पर सहायता प्रदान करने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विभागों के बीच सहयोग से पीड़ितों और उनके परिवारों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना संभव हो पाया है।



# 'मेरे बेटे की हो गई मौत, कम से कम उसका स्पर्म तो दे दो'

## बेबस मां पहुंची हाई कोर्ट, अदालत ने क्या किया?



मुंबई, 28 जून (एजेंसियां)। मां और बेटे का रिश्ता दुनिया का सबसे पवित्र रिश्ता है। कहा भी जाता है कि एक बेटे के लिए मां उसकी भगवान है। हाल ही में बॉम्बे हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। यहां एक बेबस मां ने अपने मृत बेटे के स्पर्म के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, ताकि वह परिवार को आगे बढ़ा सके। बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक फर्टिलिटी सेंटर को आदेश दिया है कि वह मामले में फैसला आने तक मृतक युवक के जमा हुए स्पर्म को सुरक्षित रखे। बताया जा रहा है कि याचिकाकर्ता के बेटे को कैंसर था। कैंसर से जूझते हुए बेटे की मौत हो गई। उसने अपने शुक्राणुओं को फ्रीज करके स्पर्म बैंक में रख दिया था, लेकिन बेटे की मौत के बाद फर्टिलिटी सेंटर ने उसकी मां को वीर्य देने से मना कर दिया। ऐसे में बेटे की मां ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका जस्टिस मनीष पिताले की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई थी। इस याचिका पर जज ने कहा कि यदि सुनवाई पूरी होने से पहले युवक का वीर्य क्षतिग्रस्त या नष्ट हो जाता है, तो याचिका का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा, इसलिए कोर्ट ने फर्टिलिटी सेंटर को याचिका के निपटारे तक युवक का वीर्य सुरक्षित रखने का आदेश दिया है।

याचिका में महिला ने कहा कि जब उसके बेटे को कैंसर का पता चला तो एक ऑन्कोलॉजिस्ट ने उसे अपने स्पर्म को फ्रीज करने की सलाह दी, क्योंकि कीमोथेरेपी से स्पर्म नष्ट हो सकता है। बेटे ने अपने परिवार से सलाह किए बिना एक फॉर्म पर हस्ताक्षर किए और अपनी मृत्यु के बाद अपने स्पर्म को नष्ट करने का विकल्प चुना। इसके बाद, 16 फरवरी को युवक की बिना वसीयत लिखे ही मौत हो गई और अब फर्टिलिटी सेंटर ने स्पर्म देने से इनकार कर दिया है। महिला ने याचिका में बताया कि पति और बेटे दोनों की मौत हो चुकी है और घर में कोई पुरुष नहीं बचा है। ऐसे में वह बेटे के वीर्य से परिवार की वंश परंपरा को आगे बढ़ाना चाहती है।

## जेलों में भ्रष्टाचार के खिलाफ पंजाब सरकार का बड़ा एक्शन, 25 अधिकारी सस्पेंड



अमृतसर, 28 जून (एजेंसियां)। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जेल में कामकाज सुधारने के लिए अधिकारियों पर सख्त एक्शन लिया गया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार ने अलग-अलग जेलों के 25 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। इनमें 3 डिप्टी सुपरिडेंट और 2 असिस्टेंट सुपरिडेंट समेत 25 जेल कर्मचारी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि मान सरकार का यह फैसला भ्रष्टाचार और ड्रग्स नेटवर्क को खत्म करने के लिए है, क्योंकि सरकार को जेल के अंदर भ्रष्टाचार और नशे के नेटवर्क की जानकारी मिली थी। आम आदमी पार्टी की भगवंत मान सरकार ने तय किया है कि पंजाब के युवाओं को नशे के चंगुल से छुड़ाना है। इसको लेकर सरकार की ओर से कई बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मान सरकार नशे के खात्मे में बाधा बनने वालों को बर्दाश्त नहीं करेगी। इसी बीच पंजाब में लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक भी किया जा रहा है।

साथ ही उनकी मदद के लिए रिहैब सेंटर भी बनाए गए हैं। इसी के साथ अब जेल में हो रहे भ्रष्टाचार और ड्रग्स के नेटवर्क को भी खत्म करने के लिए कदम उठाए गए हैं। पंजाब सरकार नशे और ड्रग्स से लड़ने के लिए कई बड़े कदम उठा रही है। मान सरकार ने डेटा इंटेलिजेंस और तकनीकी सहायता यूनिट बनाने के लिए अनन्या बिड़ला फाउंडेशन के साथ एक एमओयू साइन किया। इसको लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह पहल पंजाब सरकार की नशीली दवाओं के खिलाफ चल रही लड़ाई का हिस्सा है।

# 'पीछे के दरवाजे से एनआरसी लाने की कोशिश'

## वोटर लिस्ट की जांच पर ओवैसी और टीएमसी ने उठाए सवाल



नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)। चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सियासत तेज हो गई है। विपक्षी दल इसको लेकर सवाल उठा रहे हैं। आरोप लगा रहे हैं कि सरकार पीछे के दरवाजे से एनआरसी लाना चाहती है। इसी क्रम में शनिवार (28 जून, 2025) को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि यह पिछले दरवाजे से एनआरसी लाने का एक भयावह कदम है। इस कैंपेन की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन संसद के अंदर और बाहर दोनों जगह पर इस मुद्दे को उठाएगा। चुनाव आयोग ने पिछले सोमवार को बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य करने के निर्देश जारी किए थे, ताकि अयोग्य नामों को हटाया जा सके और सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। टीएमसी सांसद ने कहा, यह कवायद अचानक अभी क्यों की जा रही है? उन्होंने दावा करते हुए आगे कहा, हमारे पास इस बात के सबूत हैं कि ऐसा अब क्यों किया जा रहा है? ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि बंगाल के लिए जो ताजा सर्वे किया गया है, उसमें भाजपा को सिर्फ 46 से 49 सीटें मिलती दिख रही हैं। चीजों को बदलने के लिए आप ऐसा ही कुछ करते हैं। इससे पहले एआईएमआईएम के चीफ और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसको लेकर सवाल उठाए। उन्होंने शुक्रवार (27 जून, 2025) को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, निर्वाचन आयोग बिहार में गुप्त तरीके से एनआरसी लागू कर रहा है। वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवाने के लिए अब हर नागरिक को दस्तावेजों के जरिए साबित करना होगा कि वह कब और कहां पैदा हुए थे और साथ ही यह भी कि उनके माता-पिता कब और कहां पैदा हुए थे। विश्वसनीय अनुमानों के अनुसार भी केवल तीन-चौथाई जन्म ही पंजीकृत होते हैं।

उन्होंने आगे कहा, बाढ़ प्रभावित सीमांचल क्षेत्र के लोग सबसे गरीब हैं; वे मुश्किल से दिन में दो बार खाना खा पाते हैं। ऐसे में उनसे यह अपेक्षा करना कि उनके पास अपने माता-पिता के दस्तावेज होंगे, एक क्रूर मजाक है। इस प्रक्रिया का परिणाम यह होगा कि बिहार के गरीबों की बड़ी संख्या को वोटर लिस्ट से बाहर कर दिया जाएगा। वोटर लिस्ट में अपना नाम भर्ती करना हर भारतीय का संवैधानिक अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने 1995 में ही ऐसी मनमानी प्रक्रियाओं पर सख्त सवाल उठाए थे। चुनाव के इतने करीब इस तरह की कार्रवाई शुरू करने से लोगों का निर्वाचन आयोग पर भरोसा कमजोर हो जाएगा।

सु वि चा र
अगर आपका भरोसा
तोड़ने के बाद माफ़ी माँगे
तो भले माफ़ कर दो पर
दोबारा भरोसा ना करे।

# सरकार अगले 100 वर्षों के लिए हैदराबाद के विकास की योजना बना रही है : रेवंत रेड्डी

## मुख्यमंत्री ने पीजेआर फ्लाईओवर का उद्घाटन किया



हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने खुलासा किया है कि राज्य सरकार अगले 100 वर्षों की जरूरतों को पूरा करने के लिए हैदराबाद के विकास की योजना बना रही है।

शनिवार को गच्चीबावली पीजेआर फ्लाईओवर का उद्घाटन करते हुए, मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि तेलंगाना का 65 प्रतिशत राजस्व हैदराबाद से आता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य की राजधानी दिल्ली, चेन्नई, बैंगलोर या मुंबई जैसे शहरों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर रही है, बल्कि न्यूयॉर्क, टोक्यो और सिंगापुर जैसे अंतर्राष्ट्रीय महानगरों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही है। रेवंत रेड्डी ने कहा, कुछ लोग शहर की प्रगति में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। हालांकि, हम हैदराबाद को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने की अपनी योजनाओं को दृढ़ता से आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार सड़कों का विस्तार करने और अंडरपास और फ्लाईओवर बनाने की योजना बना रही है। हैदराबाद में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को संबोधित करने के लिए, सरकार ने जिलों में डीजल बसों को स्थानांतरित कर दिया है। इसके अलावा, हैदराबाद में 3,000 इलेक्ट्रिक बसें शुरू की जाएंगी, और ऑटो खरीदने पर प्रतिबंध हटा दिया गया है, जिससे इलेक्ट्रिक और सीएनजी ऑटो रिक्शा दोनों की अनुमति मिल गई है। रेवंत रेड्डी ने यह भी उल्लेख किया कि राज्य सरकार तेलंगाना राइजिंग 2047 पहल के साथ आगे बढ़ रही है, जिसमें तेलंगाना को कोर अर्बन, सेमी अर्बन और ग्रामीण क्षेत्रों में वर्गीकृत करना शामिल है। उन्होंने आगे खुलासा किया कि सरकार ने एन कन्वेंशन सेंटर को ध्वस्त कर दिया है, जो एफटीएल ज़ोन के अंतर्गत आता है, उन्होंने कहा कि फिल्म अभिनेता नागार्जुन ने एन कन्वेंशन के लिए दो एकड़ जमीन दान की और शहर के विकास में योगदान दिया। मंत्री श्रीधर बाबू और पोन्नम प्रभाकर, जीएचएमसी मेयर गदवाल विजयालक्ष्मी, सीएम सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, सेरिलिंगमपल्ली विधायक अरेकापुडी गांधी, विधान परिषद के मुख्य सचेतक महेंद्र रेड्डी, जीएचएमसी आयुक्त कर्णन, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव अजित रेड्डी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय मानव संसाधन विकास नेटवर्क के नए कार्यालय का उद्घाटन किया

हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य सचिव के रामकृष्ण राव ने शनिवार को बंजारा हिल्स में राष्ट्रीय मानव संसाधन विकास नेटवर्क के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय मानव संसाधन विकास नेटवर्क (एनएचआरडीएन) ने कार्यालय में अपनी अत्याधुनिक सुविधाएं स्थापित की हैं और यह आधुनिक सुविधा देश भर में मानव संसाधन विकास को आगे बढ़ाने के लिए एनएचआरडीएन की अटूट प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो उत्कृष्टता, नवाचार और सतत विकास को बढ़ावा देने के प्रति अपने समर्पण का उदाहरण है। हैदराबाद चैप्टर द्वारा संचालित इस महत्वाकांक्षी परियोजना को नेतृत्व विकास, पेशेवर प्रमाणन कार्यक्रमों और कौशल संवर्धन पहलों के लिए एक केंद्रीय केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। इसे एक सहयोगात्मक स्थान के रूप में कार्य करने, संवाद को बढ़ावा देने, निरंतर सीखने और विभिन्न क्षेत्रों के मानव संसाधन पेशेवरों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया गया है। एनएचआरडीएन हैदराबाद चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. विपुल सिंह ने कहा, यह नई सुविधा भारत में एक मजबूत मानव पूंजी नींव के लिए हमारे सामूहिक दृष्टिकोण का प्रमाण है। उन्होंने कहा, यह मानव संसाधन पेशेवरों के लिए एक गतिशील पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में काम करेगा, ज्ञान साझाकरण और कौशल संवर्धन को बढ़ावा देगा जो आज के उभरते कार्यबल के लिए महत्वपूर्ण है।

## तलसानी ने जीएचएमसी से अन्नपूर्णा कैंटीन का नाम बदलने के फैसले को वापस लेने की मांग की

हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सनतनगर बीआरएस पार्टी के विधायक तलसानी श्रीनिवास यादव ने जीएचएमसी द्वारा अन्नपूर्णा कैंटीन का नाम बदलकर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम पर रखे जाने की कड़ी निंदा की है। विधायक तलसानी के नेतृत्व में बीआरएस पार्टी के पार्षदों ने जीएचएमसी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बोलते हुए तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि हैदराबाद और सिकंदराबाद के जुड़वां शहरों में बहुत से लोग आते हैं। हमने ऐसे लोगों को पूरा भोजन उपलब्ध कराने के लिए पूर्व सीएम केसीआर के नेतृत्व में अन्नपूर्णा कैंटीन योजना शुरू की है।

पता चला है कि कांग्रेस सरकार ने अन्नपूर्णा कैंटीन का नाम बदलने का फैसला किया है। अगर नाम बदलने का इरादा है, तो जीएचएमसी परिषद की बैठक बुलाई जानी चाहिए और बहुमत के सदस्यों की मंजूरी के अनुसार निर्णय लिया जाना चाहिए। तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लोगों से कई वादे किए हैं, उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी छह गारंटियों को कोई भी नाम दे सकती है और कहा कि उन्हें इस तरह के कदम पर कोई आपत्ति नहीं होगी। अन्नपूर्णा कैंटीन का नाम बदलना एक अच्छा तरीका नहीं है। हमने पूर्व सीएम राजशेखर रेड्डी का नाम जारी रखा है, जिन्होंने आरोग्य श्री योजना लाई थी। जब हम अन्नपूर्णा कहते हैं, तो अम्मावरु का ख्याल आता है। अगर राज्य सरकार अन्नपूर्णा का नाम बदलने का इरादा रखती है, तो हम मांग करते हैं कि परिषद की बैठक में इस पर चर्चा और मतदान हो। आज, पीजेआर फ्लाईओवर खोला जा रहा है और इसे किसने बनाया..? खुद को मूर्ख बनाना कांग्रेस पार्टी की आदत है। तलसानी ने चेतावनी दी कि अगर नाम बदलने का फैसला वापस नहीं लिया गया, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे।

# पांच हजार एकड़ में ऑयल पाम वृक्षारोपण किया जाए : मंत्री तुम्मला

## एक ही दिन में रंगारेड्डी जिले में 557 एकड़ में ऑयल पाम का वृक्षारोपण



हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। रंगारेड्डी जिले के चेवेल्ला, मनचला, कंदुकुरु, तालाकोंडापल्ली और फारुखनगर मंडलों में 111 किसानों की 557 एकड़ जमीन पर लगभग 32000 तेल ताड़ के पौधे लगाए गए। विधायक माल रेड्डी ने मंचला मंडल के बोदाकोंडा गांव में और श्री कासिरेड्डी नारायण रेड्डी ने तालाकोंडापल्ली मंडल के चीपुनुतला गांव में भाग लिया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक काले यदय्या और कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने चेवेल्ला मंडल के देवुनी एर्रावेली गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। मंत्री ने कहा कि जब प्रजा सरकार सत्ता में आई थी, तब पाम ऑयल कर्नेल की कीमत केवल 12000 प्रति टन थी, लेकिन उनकी सरकार के प्रयासों के कारण, अब इसकी कीमत 18748 रुपये है। किसानों को पारंपरिक फसलों के बजाय व्यावसायिक फसल पाम ऑयल की खेती की ओर देखना चाहिए और एक बार जब वे पाम ऑयल की खेती करेंगे, तो उन्हें लगभग 30 वर्षों तक आय प्राप्त होगी। इस अवसर पर विधायक काले यदय्या ने कहा कि पाम ऑयल फसलों के लिए ड्रिप उपकरण सब्सिडी पर उपलब्ध कराए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि एमआईडीएच योजना के तहत पैक हाउस को सब्सिडी प्रदान की जानी चाहिए और ड्रोन को सब्सिडी पर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इसी तरह, उन्होंने गुड़ी मलकापुर फूल और सब्जी बाजार को अजीज नगर में स्थानांतरित करने के लिए कहा। जवाब में, मंत्री ने आश्वासन दिया कि बिना किसी शर्त के पूरे संयुक्त रंगारेड्डी जिले को सब्सिडी पर ड्रिप उपकरण प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ताड़ के तेल की फसलों में उगाई जाने वाली बागवानी फसलों और अंतर-फसलों के लिए ड्रिप उपकरण सब्सिडी पर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में सब्जी की खेती और डेयरी को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं ताकि हमारे राज्य के लोगों को दूध और सब्जियों के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर न रहना पड़े। इसके लिए उन्होंने किसानों से कहा कि वे पारंपरिक फसलों के अलावा बागवानी फसलों, सब्जियों और डेयरी की स्थापना करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अगले महीने के अंत तक रंगारेड्डी जिले में 5 हजार एकड़ में पाम ऑयल की खेती सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएं। इस कार्यक्रम में चेवेल्ला विधायक श्री काले यदय्या, संयुक्त जिला जनप्रतिनिधि, जिला कृषि और बागवानी विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

## ट्रैक्टर पलटने से 21 वर्षीय चालक की मौके पर ही मौत

मंचेरियल, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तंदूर मंडल के अचुलापुर गांव में शनिवार को एक ट्रैक्टर पलट जाने से 21 वर्षीय चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि टेकुलापल्ली गांव के मल्लेथुला विग्नेश को ट्रैक्टर के नाले में पलट जाने से गंभीर चोटें आईं। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। विग्नेश दुर्घटना के समय अचुलापल्ली से टेकुलापल्ली जा रहा था। उसके पिता कृष्णमूर्ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच जारी है।

## CLASSIFIEDS

### CHANGE OF NAME

I, K Sujatha, W/o, No.14678696W, Hav, Paramesu Kali Varapu, R/o, Vizianagaram Dist, A P, changed my name from K Sujatha to Kalivarapu Sujatha vide Affidavit dt 16.06.2025, before Medchal Court, Telangana.

I, No.14678696W, Hav, Paramesu Kali Varapu, R/o, Vizianagaram Dist, A P, changed my Daughter's name from Shalini to Kalivarapu Shalini vide Affidavit dt 16.06.2025, before Medchal Court, Telangana.

### बिक्री के लिए

* जी+3 कमर्शियल बिल्डिंग फीलखाना बेगम बाजार, गोशामहल स्टेडियम के पास हैदराबाद में स्थित 72 स्के.याइर्स कमर्शियल प्रापर्टी -2 चौडी सडकों युक्त एवं क्लीयर रजिस्टर्ड टाइटल तथा वैकेन्ट पजेशन और प्राइवेट एन्ट्रेन्स एवं ग्राउण्ड फ्लूर पर इस्तेमाल करने के लिए तैयार मलगियों सहित *जी+3 कमर्शियल बिल्डिंग बिक्री के लिए उपलब्ध है। केवल वास्तविक खरीदार ही तत्संबंधित दस्तावेज सत्यापन के लिए, बिल्डिंग ओनर से 6302298566 पर फोन करें अथवा व्हाट्सअप करें।

### सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

# देश में अपना शीर्ष स्थान बनाए रखने में थाना अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ. जितेन्द्र

## डीजीपी ने विभिन्न जिलों के एसएचओ को संबोधित किया



हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य के पुलिस महानिदेशक डॉ. जितेन्द्र ने तेलंगाना पुलिस को देश में अपना शीर्ष स्थान बनाए रखने में थाना अधिकारियों (एसएचओ) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। शनिवार को डीजीपी कार्यालय में विभिन्न जिलों के एसएचओ की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर प्रतिबद्ध और जन-केंद्रित पुलिसिंग के साथ, विभाग अपनी मौजूदा उपलब्धियों को बनाए रख सकता है और आगे बढ़ा सकता है। डॉ. जितेन्द्र ने कहा कि एसएचओ पुलिस व्यवस्था की नींव हैं और उनकी ईमानदारी, समर्पण और जन कल्याण के प्रति संवेदनशीलता महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को याद दिलाया कि सरकार लोगों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के अपने लक्ष्य के अनुरूप सभी आवश्यक बुनियादी ढांचे और संसाधन प्रदान करके पुलिस विभाग का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। डीजीपी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पुलिस कर्मियों को जनता की बदलती अपेक्षाओं के अनुकूल ढलना चाहिए और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा, जो पुलिसिंग जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं है, वह विश्वास और सम्मान बनाने में विफल होगी। उन्होंने एसएचओ से अपने कर्मचारियों के बीच जागरूकता को बढ़ावा देने, एफआईआर का उचित पंजीकरण सुनिश्चित करने, अपराधियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्ती से कार्रवाई करने और सजा दर बढ़ाने की दिशा में काम करने का आग्रह किया, जो अपराध को रोकने का काम करता है। उन्होंने बताया कि पुलिसिंग से जनता की संतुष्टि (क्यूआर कोड-आधारित फीडबैक जैसे उपकरणों के माध्यम से निगरानी की जाती है) एक प्रमुख प्रदर्शन मीट्रिक है, और एसएचओ को 100 प्रतिशत संतुष्टि स्तर का लक्ष्य रखना चाहिए। यातायात प्रवर्तन में सुधारों पर विचार करते हुए, उन्होंने बताया कि कैसे कैशलेस प्रणाली में जाने से भ्रष्टाचार के आरोपों को कम करने में मदद मिली, उन्होंने प्रणालीगत सुधारों के महत्व पर जोर दिया। डीजीपी डॉ. जितेन्द्र ने इंडिया जस्टिस रिपोर्ट में तेलंगाना को मिली मान्यता और शीर्ष प्रदर्शन करने वाले पुलिस स्टेशनों के लिए गृह मंत्रालय द्वारा दिए गए पुरस्कारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह की प्रशंसा एक सामूहिक लक्ष्य होना चाहिए और निरंतर प्रतिबद्धता और ईमानदारी के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। अतिरिक्त डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) महेश एम. भागवत आईपीएस ने थाना प्रभारियों को संबोधित किया। एडीजीपी ने चालू कृषि सीजन के मद्देनजर नकली बीजों की बिक्री के खिलाफ सतर्कता बरतने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने जरूरत पड़ने पर अपराधियों के खिलाफ पीडी एक्ट लगाने की सिफारिश की और पुलिस अधिकारियों से किसानों के हितों की सक्रिय रूप से रक्षा करने का आग्रह किया। बैठक में एआईजी (कानून एवं व्यवस्था) रमण कुमार, डीएसपी सत्यनारायण और अन्य मौजूद थे।

# पीवी सर्वश्रेष्ठ समाज सुधारक थे : भट्टी



हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव सर्वश्रेष्ठ समाज सुधारक थे, जिन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पहल पर तेलंगाना में मुख्यमंत्री के रूप में भूमि सुधार लागू करके समतावादी समाज की नींव रखी थी। नेकलेस रोड स्थित पीवी घाट पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद शनिवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न से सम्मानित और आर्थिक सुधारों के निर्माता का जन्म हमारे राज्य में हुआ।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पीवी ने मंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और बाद में प्रधानमंत्री के रूप में कई सुधार लाए, जिससे समाज को काफी लाभ हुआ। भट्टी ने याद किया कि देश के पहले मानव संसाधन विकास मंत्री के रूप में पीवी ने सभी के लिए एक समान शिक्षा प्रणाली की वकालत करके लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव रखी। उन्होंने कहा कि जब पीवी ने प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था, तब देश आर्थिक और राजनीतिक संकटों का सामना कर रहा था। कई चुनौतियों के बावजूद, पीवी ने देश की राजनीतिक और आर्थिक प्रणालियों में स्थिरता और मजबूती लाई।

भट्टी विक्रमार्क ने देश के गिरवी रखे गए स्वर्ण भंडार को मुक्त कराया और अपने आर्थिक सुधारों के माध्यम से भारत को वैश्विक रूप से मजबूत अर्थव्यवस्था में बदल दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन के दौरान, 24 लाख एकड़ से अधिक भूमि गरीबों को वितरित की गई थी। हालांकि, पिछले दस वर्षों में, राज्य पर शासन करने वालों ने धरनी पोर्टल के माध्यम से गरीबों को बहुत कठिनाई दी और भूमि अतिक्रमण की अनुमति दी।

## बस से बाइक टकराने से दो घायल

हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। जीडीमेटला पुलिस स्टेशन के पास शनिवार सुबह टीएसआरटीसी बस से मोटरसाइकिल की टक्कर हो जाने से दो युवक घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, बस चालक बस को मोड़ रहा था, तभी तेज गति से बाइक चला रहे दो युवकों ने अपनी बाइक बस से टकरा दी और सड़क पर गिर गए। जीडीमेटला इंस्पेक्टर जी. मल्लेश ने कहा कि ऐसा लगता है कि दोनों युवक तेज़ रफ़्तार से गाड़ी चला रहे थे और बस से टकरा गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया और उनका इलाज चल रहा है। मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# टीवी एंकर स्वेच्छा ने दबाव में आकर की आत्महत्या



हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। प्रमुख तेलुगु समाचार टीवी एंकर स्वेच्छा वोटरकर ने शुक्रवार रात शहर के गांधी नगर के जवाहर नगर स्थित अपने आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने संदिग्ध मौत का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्वेच्छा की मौत को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। पुलिस ने उसके माता-पिता की शिकायत पर संदिग्ध मौत का मामला दर्ज किया है। इस बीच, स्वेच्छा की मौत पर उसके पिता शंकर ने सनसनीखेज टिप्पणी की है। उन्होंने पूर्णचंदर नामक व्यक्ति पर अपनी बेटी की मौत का जिम्मेदार होने का आरोप लगाया है। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि पूर्णचंदर पिछले तीन साल से उनकी बेटी के साथ रह रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि उसकी प्रताड़ना के कारण उनकी बेटी ने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा कि पूर्णचंदर तीन साल से उनकी बेटी का पीछा कर रहा था और उससे शादी करने का दबाव बना रहा था। गांधी शवगृह में स्वेच्छा के शव का पोस्टमार्टम पूरा हो गया है।

उसके बाद उसके शव को अंतिम संस्कार के लिए रामनगर के पारसीगुट्टा ले जाया गया। गांधी अस्पताल के शवगृह में पहुंचे बीआरएस पार्टी के नेताओं और विभिन्न जन संगठनों के नेताओं ने स्वेच्छा के पिता को सांत्वना दी। इस दुख में उसके परिवार के सदस्यों ने उसकी आंखें दान कर दीं। गांधी अस्पताल के डॉक्टरों ने उसकी आंखें एकत्र कीं।

# सामाजिक कल्याण छात्र ने हैदराबाद में की आत्महत्या

हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। शेखपेट स्थित तेलंगाना सामाजिक कल्याण आवासीय जूनियर कॉलेज (टीजीएसडब्ल्यूआरजेसी) के 17 वर्षीय प्रथम वर्ष के इंटरमीडिएट छात्र ने शनिवार सुबह आत्महत्या कर ली। एक आधिकारिक बयान में, तेलंगाना सामाजिक कल्याण आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसाइटी (टीजीएसडब्ल्यूआरईआईएस) ने छात्र की पहचान जहीराबाद के मूल निवासी बी प्रभास के रूप में की, जो जूनियर कॉलेज में एमपीसी स्ट्रीम में नामांकित था। सोसायटी के अनुसार, प्रभास को सुबह करीब 10:30 बजे छात्रावास हॉल के अंदर एक चादर के सहारे छत के पंखे से लटका हुआ पाया गया। सफाई कर्मचारियों ने, जो सफाई का काम कर रहे थे, उसे देखा और सुबह 10:55 बजे उसे शेखपेट के पास के सरकारी क्षेत्रीय अस्पताल ले गए। रास्ते में स्वास्थ्य कर्मियों ने उसे कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) दिया। बयान में कहा गया, डॉक्टरों के सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद छात्र को बचाया नहीं जा सका। उसे मृत घोषित कर दिया गया।

कॉलेज स्टाफ को कथित तौर पर छात्र द्वारा रिकॉर्ड किया गया एक सेल्फी वीडियो मिला, जिसमें उसने बताया कि उसके माता-पिता उसे समझ नहीं रहे हैं। घटना की भावनात्मक प्रकृति का हवाला देते हुए सोसायटी ने आगे कोई विवरण नहीं दिया। अधिकारियों ने परिवार को सूचित कर दिया है तथा आगे की जांच जारी है।

## इलेक्ट्रिक बस में लगी आग

करीमनगर, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। करीमनगर बस स्टैंड परिसर में शनिवार सुबह एक इलेक्ट्रिक बस में आग लग गई। बस स्टैंड पर इंतजार कर रहे यात्रियों को लेने के लिए जब ड्राइवर ने बस को करीमनगर-2 डिपो से बाहर निकालने के लिए स्टार्ट किया तो बैटरी डिब्बे से अचानक आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते पूरी बस में धुआं फैल गया।

सतर्क चालक ने तुरंत वाहन रोक दिया और डिपो अधिकारियों के साथ-साथ जेबीएम के शाखा प्रबंधक को भी इसकी सूचना दी, जो आरटीसी के सहयोग से करीमनगर-2 डिपो पर ई-बसों का संचालन करने वाली कंपनी है। डिपो अधिकारियों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। दमकलकर्मी दमकल गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।



# 'बिटिया का इलाज कराएंगे, आवास भी दिलाएंगे'

> जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनी लोगों की समस्याएं



गोरखपुर, 28 जून (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने नन्ही बिटिया के इलाज में मदद और आवास की व्यवस्था करने की गुहार के साथ बिटिया को गोद में लेकर बैठी महिला को भरोसा दिया कि बच्ची का अच्छे से अच्छा इलाज सरकार कराएगी।

महिला और उसके परिवार के लिए आवास की भी व्यवस्था कराई जाएगी। इसे लेकर सीएम योगी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया। जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषजनक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजना से मकान दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। लोगों से मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोद में बीमार बच्ची को लेकर कुर्सी पर बैठी महिला की समस्या सुन अत्यंत भावुक हो गए। महिला बच्ची के इलाज और आवास की समस्या लेकर आई थी। सीएम योगी ने उसे आश्वस्त किया कि दोनों समस्याओं, इलाज और आवास की व्यवस्था, का समाधान सरकार कराएगी। इस दौरान वह मां की गोद में बैठी बच्ची को खूब दुलारते भी रहे।

## मतदाता पुनरीक्षण में बोगस मतदाता हटेंगे, इस कारण विपक्ष को कष्ट हो रहा : जीतन राम मांझी

पटना, 28 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि इन लोगों ने कई विधानसभा क्षेत्रों में बड़ी संख्या में फर्जी (बोगस) मतदाताओं को तैयार किया हुआ है, इस कारण इन्हें पुनरीक्षण में कष्ट हो रहा है। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने विपक्ष के चुनाव आयोग के मतदाता पुनरीक्षण को साजिश करने को लेकर कहा, हमें तो पता है कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में 20 से 30 हजार बोगस मतदाता बनाए हुए हैं। पुनरीक्षण के दौरान ये हटेंगे। इसी डर से ये परेशान हैं। सांच को आंच क्या? जब सही है तो डर क्यों रहे हैं?

# 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवाद' शब्द का इस्तेमाल करके कांग्रेस ने खुलकर छलावा किया : केशव प्रसाद मौर्य



लखनऊ, 28 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के संविधान में 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्षता' पर दिए बयान पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समर्थन किया है।

उन्होंने कहा कि आपातकाल के दरम्यान निरंकुश सरकार ने संविधान की प्रस्तावना में संशोधन कर 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवाद' शब्द का इस्तेमाल करके कांग्रेस ने खुलकर धर्मनिरपेक्षता आड़ ली। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आपातकाल के दरम्यान निरंकुश इंदिरा सरकार ने संविधान की प्रस्तावना में संशोधन कर 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवाद' शब्द का इस्तेमाल करके कांग्रेस ने खुलकर धर्मनिरपेक्षता की आड़ में तुष्टिकरण और समाजवाद की ओट लेकर 'छलावे के झुनझुने' वाला खेल शुरू कर दिया था। लेकिन इसी दांव ने उसको हाशिए पर भी धकेल दिया जिससे वह अभी तक कराह रही है।

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी तथा धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा पर विचार करने की बात से एक बार फिर सियासी भूचाल आ गया है। इसे लेकर विपक्षी दल लगातार हमलावर हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए कहा कि आरएसएस का नकाब फिर से उतर गया। संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है।

आरएसएस-भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। ये बहुजनों और गरीबों से उनके अधिकार छीनकर उन्हें दोबारा गुलाम बनाना चाहते हैं। संविधान जैसा ताकतवर हथियार उनसे छीनना इनका असली एजेंडा है। आरएसएस ये सपना देखना बंद करे। हम उन्हें कभी सफल नहीं होने देंगे। हर देशभक्त भारतीय आखिरी दम तक संविधान की रक्षा करेगा।

## बेसिक शिक्षा विभाग का बाबू निकला करोड़पति

### जांच करने में लगे दो साल; 1.40 करोड कर डाला खर्च

आगरा, 28 जून (एजेंसियां)। एटा के बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात बाबू जितेंद्र प्रताप सिंह आय से अधिक संपत्ति के मामले में फंस गया है। उनके खिलाफ आगरा सेक्टर के विजिलेंस थाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि उन्होंने अपने सेवा काल में आय के वैध स्रोतों के सापेक्ष अधिक संपत्ति अर्जित की।

एसपी विजिलेंस आलोक शर्मा ने बताया कि जितेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ वर्ष 2023 में आय से अधिक संपत्ति की शिकायत की गई थी। इस पर 6 मार्च 2023 को शासन ने खुली जांच के आदेश किए। मामले में 17 मार्च 2025 को शासन को रिपोर्ट भेजी गई थी। खुली जांच में सामने आया कि लिपिक ने लोकसेवक के रूप में कार्य करते हुए ज्ञात वैध स्रोतों से कुल 9430527 रुपये की आय प्राप्त की, जबकि उन्होंने भरण पोषण और संपत्ति के अर्जन पर 14498366 रुपये का खर्च किया। उन्होंने अपनी आय से 5067839 रुपये अधिक खर्च किए। वह इस अधिक खर्च के बारे में कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दे सके। इस पर उनके खिलाफ विजिलेंस की निरीक्षक गीता सिंह ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (1) के तहत केस दर्ज कराया है। साक्ष्य संकलन कर कार्रवाई की जाएगी।

*21391 सिपाहियों को मिला नियुक्ति पत्र*

# सीएम नीतीश ने फिर पूछा–2005 से पहले बिहार की क्या स्थिति थी?



पटना, 28 जून (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार सुबह बापू सभागार में 21,391 नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र दिया। सीएम ने सौरभ कुमार, राज आनंद, हीरा लाल यादव, आकाश पांडेय, अंकित कुमार, सोनू कुमार, प्रभाकर कुमार, चंचल कुमारी, ऋतु कुमारी, डॉली, मो. सलीम अंसारी, बांके बिहारी आदि को नियुक्ति पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री सभी के चेहरे पर खुशी देखना चाहते थे। जो सिपाही सलामी देकर गंभीर नजर आ रहे थे, उन्हें नियुक्ति पत्र लेते समय हंसने के लिए कह रहे थे। फोटो में दिक्कत हो रही थी तो मुख्यमंत्री ने खुद मंत्री विजय कुमार चौधरी और विजेंद्र यादव की जगह बदली। मुख्यमंत्री ने सभी को कहा कि सबलोग हंसिए। इसके बाद उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा और मंत्री विजेंद्र यादव ने भी सिपाहियों को नियुक्ति पत्र दिया। नव नियुक्ति सिपाहियों का पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने शपथ ग्रहण कराया। विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत ने मद्य निषेध की शपथ दिलाई।

**बहुत अच्छे ढंग से पुलिस में काम हो रहा है**

मुख्यमंत्री यह बहुत खुशी की बात है कि बहुत अच्छे ढंग से पुलिस में काम हो रहा है। आपको मालूम है कि सबसे पहले 2013 में हमलोगों ने तय किया था कि पुलिस में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। 24 नवंबर 2005 के पहले तो दूसरे का राज था। पहले क्या स्थिति थी? पहले से तय था कि पुलिस में स्वीकृत बल की संख्या 51 हजार थी और उन लोगों के समय में मात्र 42481 पुलिसकर्मी तैनात थे। हमलोग आए तो देखे कि पुलिसकर्मियों की संख्या इतनी कम क्यों है? इसलिए संख्या बढ़ाने की सोचे। 2006 के अंत में हमने पहली बार पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई। फिर 2013 में महिलाओं को आरक्षण दिया। 1.10 हजार पुलिसकर्मियों की संख्या हो गई, तब भी हमें संतोष नहीं हुआ। हमलोगों को और बढ़ाना है। हमने दो साल पहले ही कह दिया कि 2.29 लाख होनी चाहिए। हम हर बार कह रहे थे कि तेजी से कीजिए। 55 हजार भी कहें हैं कि जल्दी कीजिए। खड़े होइए, कहते हुए सिपाही चयन पर्षद के अध्यक्ष से बुलवाया कि जल्दी करना है।

**सीएम ने कहा- खड़े होकर हंसिए आपलोग**

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि अगली बार कुल मिलाकर 19838 सिपाहियों की भर्ती कर रहे हैं। अगले महीने परीक्षा होने की बात कहते हुए पर्षद अध्यक्ष से फिर पूछा कि हो जाएगा न! फिर सीएम ने हाथ जोड़कर कि अगले महीना कर दीजिएगा तो हमको बहुत खुशी होगी। देश के किसी राज्य में इतनी महिला पुलिसकर्मी नहीं हैं, जितनी बिहार में हैं। इसी तरह बाकी जगह भी नियुक्ति कराना है। आज पहली बार इतनी बड़ी संख्या में एक दिन में इतने सिपाहियों की भर्ती हुई है।

## अपराध व घटनाएं

### निजी बस ट्रक से टकराई तीन की मौत

फिरोजाबाद, 28 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में सवारियां लेकर जालौन जा रही निजी बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर टाइल्स से भरे हुए ट्रक में पीछे से जा आज टकराई। इस हादसे में बस में तीन की मौत हो गई। एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि एक डबल डेकर बस जो कि दिल्ली से उरई जा रही थी, आगे चल रहे मार्बल से भरे ट्रक से अचानक टकरा गई। मौके पर तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। इस हादसे में दो लोग घायल है। जिन्हें सैफई के पीजीआई में भर्ती करवाया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। मृतकों में से एक की पहचान हो गई है। वह उरई का रहने वाला है। वहीं अन्य की पहचान कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। बस को किनारे लगवा दिया गया है। जिससे यातायात व्यवस्था सुगमता से चलती रहे।

### मेरठ में दवा विक्रेता का मर्डर

मेरठ, 28 जून (एजेंसियां)। मेरठ में बाइक सवार तीन बदमाशों ने मेडिकल स्टोर संचालक की गोलियां मारकर हत्या कर दी। आरोपियों ने एक गोली चेहरे तो दूसरी माथे पर मारी। फायरिंग की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शक के आधार पर कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। मामला मुंडाली थाना क्षेत्र का है। जिसौरा निवासी 32 वर्षीय माहिर गांव में मेडिकल स्टोर चलाते थे। घर से 600 मीटर दूर इश्तखार के मकान में मेडिलक स्टोर है। शुक्रवार रात करीब 12 बजे वह मेडिकल स्टोर बंद कर बाइक से घर जा रहे थे। रास्ते में बाइक सवार तीन लोगों ने माहिर को रोक लिया। इससे पहले माहिर कुछ समझ पाता। आरोपियों ने माहिर के माथे पर गोली मार दी।

### पति ने ममेरे भाई संग मिलकर की पत्नी की हत्या

गया, 28 जून (एजेंसियां)। गयाजी जिले के वजीरगंज इलाके में मंझौली पहाड़ी के पास 3 जून को मिली अज्ञात महिला की लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। हत्या की वारदात को महिला के पति ने अपने ममेरे भाई के साथ मिलकर अंजाम दिया था। मृतका की पहचान नीमचक बथानी थाना क्षेत्र के शेखपुरा निवासी दीपक कुमार की पत्नी सुलेखा कुमारी (30) के रूप में हुई है। घटना के बाद एसडीपीओ सुनील कुमार पांडेय और वजीरगंज थानाध्यक्ष ने मौके की जांच कर शव की पहचान में जुटी थी। शव मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के सभी थानों में फोटो भेजी। इसी दौरान सूचना आई कि शव सुलेखा कुमारी का है और उसका पति दीपक है। पुलिस ने पति दीपक को हिरासत में लेकर पूछताछ के साथ खातिरदारी की तो पूरा मामला सामने आ गया।

### स्कूल प्रबंधक की हत्या, गर्दन काटी

देवरिया, 28 जून (एजेंसियां)। यूपी के देवरिया में स्कूल प्रबंधक की गला काटकर हत्या कर दी गई। प्रबंधक शुक्रवार रात स्कूल के बरामदे में सो रहे थे, तभी हमलावर ने कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर उनकी गर्दन धड़ से अलग कर दी। वारदात के बाद आरोपी कुल्हाड़ी को स्कूल से 100 मीटर दूर झाड़ियों में फेंककर फरार हो गया। शनिवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले ग्रामीणों ने स्कूल के बरामदे में खून से लथपथ शव देखा। उन्होंने इसकी सूचना घरवालों और पुलिस को दी। इसके बाद रुद्रपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि हत्या रंजिश के चलते की गई है। घटना जिला मुख्यालय से 18 किलोमीटर दूर रुद्रपुर कोतवाली के फत्तेपुर गांव की है। इसी गांव में एक साल पहले भी 5 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### रिटायर्ड सैनिक की पीट-पीटकर हत्या

छपरा, 28 जून (एजेंसियां)। सारण के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नैनी उत्तर टोला गांव में देर रात एक रिटायर्ड सैनिक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान महेश प्रसाद राय के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वह भारतीय सेना से रिटायर होने के बाद गांव में खेती-बाड़ी कर जीवनयापन कर रहे थे। वहीं हत्या का कारण बीते 20 वर्षों से चला आ रहा जमीनी विवाद बताया जा रहा है। शुक्रवार रात किसी बात को लेकर दोनों पक्षों की महिलाओं में कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दूसरे पक्ष के लोगों ने मिलकर पूर्व सैनिक महेश राय पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

### पत्नी से अफेयर के शक में डबल मर्डर

मथुरा, 28 जून (एजेंसियां)। मथुरा में पत्नी से अफेयर के शक में छोटे भाई ने बड़े भाई की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पिता को बचाने आई बेटी को पर भी चाकू से वार किया। चीख-पुकार मचने के बाद घर के लोग ऊपर कमरे में पहुंचे तो देखा कमरे में दोनों खून से लथपथ तड़प रहे थे। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां देर रात दोनों की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिवार के लोगों को रो रोकर बुरा हाल है। घटना गोविंद नगर थाना क्षेत्र की है। गोविंद नगर में संजय (40) और उसका परिवार रहता है। संजय पांच भाई है। सभी पायल बनाने का काम करते हैं।

देर शाम करीब आठ बजे संजय और खिल्लन में विवाद हुआ। विवाद के बाद छोटे भाई खिल्लन ने बड़े भाई संजय और उसकी बेटी अंजलि (18 साल) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। संजय के बेटे पृथ्वी ने बताया-शुक्रवार की रात हम लोग नीचे खाना खा रहे थे। तभी चाचा खिल्लन अपने हाथ में कुछ लेकर आए और कमरे में चले गए। हम लोग भी खाना खाने के बाद अपने कमरे में चले गए। थोड़ी ही देर में जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज आने लगे।

## 'विरासत गलियारा' को लेकर सरकार पर बरसे अखिलेश


**बोले-कारिडोर के नाम पर लूट तंत्र सक्रिय**



लखनऊ, 28 जून (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ में शनिवार को सपा मुख्यालय में अखिलेश यादव ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गोरखपुर में सपा कार्यकर्ताओं से हुई अभद्रता को लेकर भाजपा पर निशाना साधा।

कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को भाजपा के लोगों ने बुलडोजर लेकर रोका। पीड़ित दुकानदारों से मिलने नहीं दिया। इसमें पुलिस-प्रशासन भी उन्हीं लोगों का साथ दे रहा था। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने आगे कहा कि सीएम ने गोरखपुर के लिए सबसे पहली घोषणा झांसी से की थी। उन्होंने कहा था कि झांसी और गोरखपुर में मेट्रो बनाएंगे। सरकार के नौ साल होने जा रहे हैं। ना तो झांसी में मेट्रो में बनी, ना ही गोरखपुर में। आज गोरखपुर में गोरखधंधा चल रहा है। यदि गोरखपुर वालों ने अपने मुंह खोल दिए तो वहां पर विरासत गलियारा की जगह हिरासत गलियारा बनवाना पड़ेगा। गोरखपुर में जमीन मकान का मुआवजा आपसी सहमति से नहीं, बल्कि बाजार की कीमत के हिसाब से देना चाहिए।

## कोसी नदी पर बन रहा बिहार का सबसे बड़ा पुल हादसे का शिकार, 40 फीट दूरी तक क्षतिग्रस्त



भागलपुर, 28 जून (एजेंसियां)। भागलपुर जिले के नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत एनएच-106 के बिहपुर से फुलौत तक कोसी नदी पर निर्माणाधीन पुल का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। त्रिमुहान घाट के समीप बीते शुक्रवार की देर रात वोल्वो लोडर से सिगमेंट ढोते वक्त एक बड़ी घटना हुई है। इसमें पुल का करीब 40 फीट हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। बीती रात करीब दो बजे हरिओ से फुलौत की ओर ले जाए जा रहे एक भारी सिगमेंट को वोल्वो लोडर के माध्यम से पुल पर पार कराया जा रहा था। इसी दौरान अचानक लोडर के प्रेसर पंप का पाइप फट गया।

**हादसे में कुल पांच सिगमेंट क्षतिग्रस्त हुए**

बताया जा रहा है कि तेज झटका लगने पर सिगमेंट को पकड़ने वाली रस्सी टूट गयी। और एक सिगमेंट पुल पर गिर गया। इस घटना में कुल 5 सिगमेंट क्षतिग्रस्त हो गए। जबकि एक सीधे कोसी नदी में समा गया। गनीमत थी कि घटना के समय कोई श्रमिक मौके पर मौजूद नहीं था। जिससे बड़ी घटना हो सकती थी। इस जगह पर पूर्व में भी घटना हो चुकी है।

**बिहार का सबसे लंबा पुल होगा**

एनएच-106 मिसिंग लिंक (30 किमी) परियोजना के तहत यह पुल 6.94 किमी लंबा होगा। जो बिहार का अब तक का सबसे लंबा पुल होगा। इसमें दोनों ओर कुल 21.988 किमी सड़क निर्माण भी शामिल है। इस परियोजना की कुल लागत 996 करोड़ रुपये है। 2026 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित है इस महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2020 में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रखा था। इसके निर्माण होने से यह पुल उत्तरी और दक्षिणी बिहार को जोड़ने वाली कनेक्टिविटी की रीढ़ बनेगा।

## ग्राम पंचायतों का परिसीमन शुरू, दावे और आपत्तियां 4 जुलाई से लिए जाएंगे

लखनऊ, 28 जून (एजेंसियां)। पंचायत चुनाव के लिए ग्राम पंचायतों का परिसीमन शुरू होगया है, आपत्ति 4 से 8 जुलाई तक ली जाएगीलखनऊ। पंचायत चुनाव 2026 के लिए ग्राम पंचायत का परिसीमन शनिवार से शुरू हो रहा है। ग्राम पंचायत में जनसंख्या का निर्धारण 28-30 जून के बीच होगा। परिसीमन में प्रस्तावित वार्डों पर आपत्तियां 4 जुलाई से 8 जुलाई के बीच ली जाएंगी। परिसीमन के लिए पंचायत राज विभाग ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। 2026 में अप्रैल-मई में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने है।। प्रदेश में निकाय चुनाव से पहले नई नगर पंचायत के गठन, नगर पालिका और नगर निगम के विस्तार के कारण बनाए ग्राम पंचायतों का परिसीमन होगा।

## ससुर ने महिला से किया दुष्कर्म, कर्नाटक से आए पति ने पत्नी को 7 माह की प्रेग्नेंट देख काटा बवाल

कौशांबी, 28 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कौशांबी में ससुर-बहू के रिश्ते को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। रोजी रोजगार के लिए परदेश गए बेटे की पत्नी के साथ चचिया ससुर द्वारा दुष्कर्म किया गया।

वर्षो बाद परदेश से लौट कर आए बेटे ने पत्नी को 7 माह की गर्भवती देख हंगामा खड़ा कर दिया। करारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पत्नी ने पति के साथ थाने में पहुंच कर चचिया ससुर के खिलाफ जबरन दुष्कर्म किए जाने को आरोप लगाया। पुलिस ने घटना के आरोपी पर केस दर्ज कर जांच कार्यवाई शुरू कर दी है। युवक की शादी 14 माह पहले हुई थी। शादी के कुछ दिनो बाद रोजी रोजगार के तलाश में युवक पत्नी को परिवारी जनों के सहारे छोड़कर कर्नाटक चला गया। वर्षों बाद लौटकर आए पति ने पत्नी के पेट में पल रहे 7 माह का गर्भ देख अवाक रह गया, और उसने हंगामा काटना शुरू कर दिया।

## नकली पुलिस बनकर मवेशी लदा ट्रक ले गए तस्कर

बक्सर, 28 जून (एजेंसियां)। बक्सर नगर के आईटीआई फील्ड रोड पर शाम स्थानीय लोगों ने एक ट्रक में भरे मवेशियों को पकड़ा, जिसके बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर लिया। जिसके बाद ट्रक को पुलिस अपने साथ थाने ले जाने की बात कहकर ले गई। वहीं जब स्थानीय थाने से लोगों ने बातचीत की तो उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि ऐसी कोई जानकारी नहीं है। ये सुनने के बाद लोग होश उड़ गए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक के वहां खड़े होने के कुछ देर बाद एक स्कॉर्पियो गाड़ी मौके पर पहुंची, जिस पर 'पुलिस' लिखा हुआ स्टीकर चस्पा था। गाड़ी में मौजूद वर्दीधारी लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताया, ट्रक को कब्जे में लिया और उसे ज्योति चौक की ओर लेकर चले गए। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या वाकई वे असली पुलिसकर्मी थे? इस घटना को लेकर वार्ड संख्या-20 के पूर्व पार्षद प्रतिनिधि सिड्डू मियां और अन्य स्थानीय युवकों ने गहरी शंका जाहिर की है। उनका कहना है कि यदि वे असली पुलिसकर्मी थे, तो नगर थाना की टीम को इसकी जानकारी क्यों नहीं थी? लोगों ने आशंका जताई कि यह मवेशियों की तस्करी का मामला हो सकता है।

# भाजपा विधायक बोले–आरोप मत लगाओ, सबूत सामने लाओ

### विधायक आए सामने, कहा-महिला बहकावे में राजनीतिक साजिश कर रही



विधायक कीरत सिंह

सहारनपुर, 28 जून (एजेंसियां)। 'मैं नारी शक्ति का सम्मान करता हूं। वे मेरे लिए पूजनीय हैं। मुझे गाली भी दे रही हैं तो कोई बात नहीं। जो उनके साथ मिलकर मुझे बदनाम करा रहे, भगवान उनका भी भला करें। इस पूरे प्रकरण से मेरा कोई लेना-देना नहीं। मैंने कोई गलत काम नहीं किया। मुझे फंसाया जा रहा है।'

यह बातें सहारनपुर की गंगोह विधानसभा से भाजपा के विधायक कीरत सिंह ने कहीं। उन पर भाजपा महिला मोर्चा की नगर मंत्री कोमल गुर्जर ने पार्टी कार्यकर्ता के साथ समलैंगिक संबंध बनाने और 13 साल की लड़की के शारीरिक शोषण के आरोप लगाए हैं।

**20 जून को विधायक कीरत सिंह पर उत्पीड़न का लगाया था आरोप**

भाजपा महिला मोर्चा की नगर मंत्री कोमल गुर्जर ने 20 जून को सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किया।

इसमें बताया- गंगोह विधायक किरत सिंह के इशारे पर मेरे परिवार का उत्पीड़न हो रहा। मेरे पैर में टक्कर मारी गई। मुझ पर कई फर्जी मुकदमे कराए। इस महापंचायत में आप सबको आना होगा। मेरा सभी से अनुरोध है कि 27 को एक महासभा होगी, लेकिन वही आएं जो मेरे भाई हैं। चमचों की मुझे जरूरत नहीं।

**भाजपा नेत्री बोलीं-विधायक के अपने सहयोगी के साथ समलैंगिक संबंध**

गंगोह में महापंचायत से एक घंटे पहले कोमल गुर्जर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- भाजपा विधायक किरत सिंह के अपने नजदीकी सहयोगी के साथ समलैंगिक संबंध हैं। इसके अलावा विधायक ने एक 13 साल की नाबालिग लड़की का शारीरिक शोषण किया है। विधायक लगातार उन्हें, उनके पति और उनके परिजनों को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। वह जल्द ही पुख्ता प्रमाण सार्वजनिक करेंगी।

## असम में पांच करोड़ की हेरोइन जब्त

कछार, 28 जून (एजेंसियां)। असम के कछार जिले में एक संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से पांच करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन जब्त की गई है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर कछार पुलिस ने सिलचर में मादक पदार्थ विरोधी अभियान चलाया। 5.55 करोड़ रुपये मूल्य की 1.109 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई।

## पांच ड्राइवरों पर चोरी का केस

मुंबई, 28 जून (एजेंसियां)। नवी मुंबई पुलिस ने निर्यात के लिए जेएनपीटी जा रहे खेप से 16 लाख रुपये मूल्य का माल चुराने के आरोप में एक ट्रक के पांच चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी व्यक्तियों ने नवंबर 2024 और जनवरी 2025 के बीच ट्रक में जीपीएस बंद करके लाल मिर्च और चावल की खेप कथित तौर पर चुरा ली। उन्होंने बताया कि 23 जून को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस जांच कर रही है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## शराब, रेप और ब्लैकमेल! अय्याश पति के इस पाप में कैसे पत्नी भी हो गई शामिल

मुंबई, 28 जून (एजेंसियां)। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मुंबई पुलिस ने एक व्यक्ति और उसकी पत्नी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपी व्यक्ति ने एक महिला को नशीला पेय पिलाकर उसके साथ रेप किया और फिर उसके फोटो और वीडियो के जरिए उसे कई बार ब्लैकमेल किया। पीड़िता की शिकायत पर मुंबई पुलिस ने मामला दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 32 वर्षीय पीड़िता पालघर जिले की रहने वाली है और उसकी मुलाकात आरोपी से पिछले साल हुई थी। दिसंबर 2024 में आरोपी ने महिला को एक होटल में बुलाकर उसे नशीला पेय पिलाया। होश में आने के बाद महिला को पता चला कि उसके साथ बलात्कार किया गया है। आरोपी ने घटना के फोटो और वीडियो भी बनाए थे, जिनका इस्तेमाल कर वह पीड़िता को कई बार संबंध बनाने के लिए ब्लैकमेल करता रहा। इसके साथ ही आरोपी ने महिला के क्रेडिट कार्ड की जानकारी लेकर ऑनलाइन खरीदारी भी की। पीड़िता ने जब आरोपी के घर जाकर उससे बात करने की कोशिश की, तो आरोपी और उसकी पत्नी ने उसे धमकाया और उसके आपत्तिजनक वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी दी। एफआईआर में यह भी दर्ज है कि आरोपी दंपति ने महिला के गहने भी छीन लिए। बार-बार हो रही धमकी और उत्पीड़न से तंग आकर आखिरकार महिला ने हिम्मत जुटाकर मुंबई पुलिस से संपर्क किया और पूरे मामले की जानकारी दी।

# पश्चिम बंगाल, बिहार में आंधी के साथ मूसलाधार बारिश की चेतावनी

## दिल्ली में गर्मी से कब मिलेगी राहत



नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर के लोग जहां उमस भरी गर्मी से परेशान हैं, वहीं, गुजरात, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं। भारतीय मौसम विभाग ने आज यानी शुक्रवार को देश के कई राज्यों में मूसलाधार बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान उत्तर प्रदेश, पश्चिमी राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारी बारिश की संभावना है।

इस दौरान गरज के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

**पश्चिम बंगाल के इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट**

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। दक्षिण बंगाल के जिलों उत्तरी 24 परगना, पुरुलिया, पूर्वी और पश्चिमी बर्धमान, झाड़ग्राम, बांकुरा और हुगली में एक जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना है। 29 जून को दक्षिणी 24 परगना में और 30 जून को पूर्वी मिदनापुर, पश्चिमी मिदनापुर, झाड़ग्राम, बांकुरा और हुगली में बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान है।

उप-हिमालयी जिलों दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार में एक जुलाई तक भारी वर्षा होने की संभावना है। 29 जून से ओडिशा-पश्चिम बंगाल तट और उत्तरी बंगाल की खाड़ी में 35-45 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने की संभावना है जो 55 किमी प्रति घंटे की गति तक जा सकती है।

**आंध्र प्रदेश में आंधी-तूफान के साथ बारिश की चेतावनी**

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक आंध्र प्रदेश के कई इलाकों में बिजली चमकने, तेज हवा चलने और गरज के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है। आईएमडी के अनुसार, उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने का अनुमान है।

**पूर्वोत्तर भारत का मौसम**

अगले 7 दिनों के दौरान पूर्वोत्तर भारत में अधिकांश स्थानों पर तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा स्तर की बारिश हो सकती है। कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

**दक्षिण भारत का मौसम**

मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार को केरल और तमिलनाडु में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। 28-30 जून के दौरान कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा, तेलंगाना में 40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश और बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

## केरल में इमारत ढहने से तीन प्रवासी मजदूरों की दबने से मौत

त्रिशूर, 28 जून (एजेंसियां)। केरल के त्रिशूर जिला स्थित कोडकारा इलाके में सुबह 6 बजे एक पुरानी इमारत ढहने से उसमें रह रहे तीन प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई। सभी मजदूर काम पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी हादसा हुआ। पुलिस और दमकल एवं बचाव सेवाओं के अधिकारियों के अनुसार इमारत में 17 प्रवासी श्रमिक रह रहे थे, जिनमें से 14 सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए। पुलिस के अनुसार बचाव अभियान ढाई घंटे चला। श्रम आयुक्त को घटना की विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## पुणे में तीन बांग्लादेशी आरोपी पकड़े गए

पुणे, 28 जून (एजेंसियां)। इंटेलिजेंस और अहिल्यानगर पुलिस के संयुक्त अभियान में तीन बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से देश में रहने के आरोप में पकड़ा गया है। तीनों अहिल्यानगर जिले के पोखरदी गांव में निर्माणाधीन स्थल पर काम कर रहे थे। इनकी पहचान 34 वर्षीय जहांगीर शेख, 40 वर्षीय हनीफ खालिद और 40 वर्षीय मुश्रीफ शेख के रूप में हुई है। एमआईडीसी पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा, जांच में पाया गया कि वे वैध वीजा या अन्य आवश्यक दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किए थे। उनके पास से जाली आधार कार्ड और अन्य फर्जी दस्तावेज मिले हैं। तीनों को भारतीय न्याय संहिता और विदेशी अधिनियम 1946 के तहत गिरफ्तार किया गया।

## जगन्नाथ यात्रा के दौरान शाही मस्जिद पर फेंकी चप्पल

### मुस्लिम समाज के लोगों में आक्रोश, थाने के बाहर प्रदर्शन

उज्जैन, 28 जून (एजेंसियां)। धार्मिक नगरी उज्जैन में वैसे तो सभी त्योहार सौहार्द के साथ मनाए जाते हैं, लेकिन रात को नगर में धूमधाम से निकली खाती समाज की जगन्नाथ यात्रा के दौरान कुछ लोगों ने छत्रीचौक स्थित शाही मस्जिद पर चप्पल फेंक दी। पूरे मामले में बवाल उस समय मच गया जब इस घटना का वीडियो वायरल होने लगा। हालांकि, वायरल वीडियो की टीवी 9 पुष्टि नहीं करता है। इस घटना से मुस्लिम समाज के लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने देर रात को ही खाराकुआं थाने पर पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दरअसल, शुक्रवार को नगर भर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। खाती समाज ने वर्षों से चली आ रही अपनी परंपराओं का निर्वहन हुए इस वर्ष भी यह यात्रा धूमधाम से निकाली, लेकिन यात्रा में शामिल कुछ लोगों ने यात्रा के छत्रीचौक पहुंचने पर शाही मस्जिद पर चप्पल जूते फेंक दिए, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद पूरा बवाल मच गया।

इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने खाराकुआं थाने पर पहुंचकर आक्रोश व्यक्त किया। मुस्लिम समाज के लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की, लेकिन वायरल वीडियो में काफी लोगों की भीड़ होने के कारण रात को किसी की पहचान न हो सकी।

हालांकिखाराकुआं थाना पुलिस ने इस मामले में अबरार अहमद निवासी मोचीवाड़ा की शिकायत पर 91/ 25 धारा 299 बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस पूरे मामले को लेकर पुलिस गंभीर दिखाई दे रही है क्योंकि एक ओर मुस्लिम और बोहरा समाज का मोहर्रम चल रहा है। वहीं आने वाले दिनों में श्रावण मास की शुरुआत भी होने वाली है। बाबा महाकाल की सवारी भी इसी मार्ग से होकर गुजरती है। इन सभी बातों को ध्यान में रखकर पुलिस इस मामले मे ऐसी कार्रवाई करना चाहती है, जिससे कि सौहाद्र बना रहे और कोई फिर इस तरह की घटना को अंजाम न दे।

## सभी महिलाएं एक जैसी नहीं होतीं, 8-10 मामलों से डर गए

### सोनम- राजा रघुवंशी मामले पर बोलीं कथावाचक जया किशोरी



भोपाल, 28 जून (एजेंसियां)। मशहूर कथावाचिका और मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी ने हाल ही में एक निजी टीवी चैनल के साथ बातचीत की। इस बातचीत में उन्होंने समाज और रिश्तों से जुड़े कई मुद्दों पर अपनी राय रखी। उन्होंने इंदौर और मेरठ के चर्चित हत्याकांडों पर समाज के दोहरे रवैये की आलोचना की। जया किशोरी ने पुरुषों को सशक्त महिलाओं के साथ रहने की सलाह दी। उन्होंने शादी के बारे में भी बात की और कहा कि उन्हें अभी तक ऐसा कोई व्यक्ति नहीं मिला जिससे वह शादी करना चाहें। उन्होंने पैसे की अहमियत पर भी अपने विचार व्यक्त किए।

**राजा रघुवंशी मामले पर भी बोलीं**

इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में जया किशोरी ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह पुरुष हो या महिला, अगर अपराध करता है तो वह अपराधी है। उन्होंने सवाल किया कि ऐसी कितनी घटनाएं हुई हैं जिनसे लोग डर गए हैं। उन्होंने कहा कि सालों से हजारों महिलाओं के साथ ऐसा होता रहा है। तब भी हम यही कहते रहे कि सभी पुरुष एक जैसे नहीं होते। अब हम वैसे ही पुरुषों को ढूंढ रहे हैं जो सही हों। 'कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी लिंग का क्यों न हो, अपराध करता है,

वह अपराधी है। उन्होंने सवाल किया कि ऐसी कितनी घटनाएं हुई हैं? आप आठ-दस मामलों से डर गए? वर्षों से हजारों महिलाओं के साथ ऐसा होता रहा है। तब भी हम यही कहते रहे कि सभी पुरुष एक जैसे नहीं होते। अब हम भी वैसे ही पुरुषों को ढूंढ़ रहे हैं जो सही हों।' पैसे की अहमियत पर पूछे जाने पर जया किशोरी ने कहा कि यह बहुत जरूरी है। लेकिन उससे भी जरूरी है कि उसे संभालना आना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई कहे कि पैसा जरूरी नहीं है, तो फिर उसे दान कर देना चाहिए।

## लुधियाना में गुंडागर्दी का नंगा नाच

### पूर्व सांसद के पीए को सड़क पर तलवारों से काटा तमाशबीन बने रहे लोग


लुधियाना, 28 जून (एजेंसियां)। लुधियाना में शिरोमणि अकाली दल के पूर्व सांसद जगदेव सिंह तलवंडी के पीए कुलदीप सिंह मुंडियां को देर रात कार सवारों ने तलवारों से काट डाला। मौके पर कुछ लोगों ने पूरी वारदात का वीडियो बना लिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। कुलदीप सिंह मुंडियां शुक्रवार की देर अपनी कार में फार्म हाउस से निकले थे। रास्ते में कार सवार आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और कार से निकाल कर आरोपी तब तक उन्हें तलवार मारते रहे, जब तक कुलदीप सिंह की मौत नहीं हुई। हैरानी की बात यह है कि जिस समय आरोपी वारदात को अंजाम दे रहे थे आस-पास कई लोग आ जा रहे थे, लेकिन किसी ने भी आगे जाकर आरोपियों को रोकने और कुलदीप सिंह को बचाने की हिम्मत तक नहीं की। एक व्यक्ति कार में बैठ कर इस पूरी वारदात की वीडियो बनाता रहा। आरोपियों के फरार होने के बाद किसी राहगीर ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस के उच्चाधिकारी और थाना सदर की पुलिस मौके पर पहुंच गई। वीडियो बनाने वाले ने पूरी वीडियो पुलिस अधिकारियों को सौंप दी।

## एक महीने का बिजली बिल 1.5 लाख रुपये, पूरे गांव को चोर कह रहा बिजली विभाग, ग्रामीण परेशान

लातूर, 28 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के लातूर में बिजली विभाग की मनमानी ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। यहां बिजली विभाग ने पूरे गांव पर बिजली चोरी का जुर्माना लगा दिया है और बिजली चोरी के बदले पेनाल्टी भी सबसे वसूल रहा है। इसके साथ ही बिजली विभाग के कर्मचारी रीडिंग लेने की बजाय अपनी मर्जी से बिल बनाकर भेज रहे हैं। गांव में कई लोगों का बिल एक लाख से ज्यादा है, जबकि उनके घर में बिजली का कोई विशेष उपकरण नहीं है। बिजली बिल में साफ तौर पर लिखा गया है कि किसी उपभोक्ता से बिजली चोरी के बदले कितने रुपये वसूले जा रहे हैं। महाराष्ट्र राज्य विद्युत विभाग ने ग्रामीणों को 50 हजार से लेकर लगभग डेढ़ लाख तक का बिजली बिल भेजकर झटका दिया है। मामला लातूर जिले के रामलिंग मुदगड़ गांव का है। यहां ग्रामीणों को सीधे 50 हजार से लेकर डेढ़ लाख तक का बिजली बिल आया है। बिजली बिल की इस राशि से ग्रामीण परेशान हैं और अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। राज्य विद्युत विभाग ने इन ग्रामीणों को 50 हजार से लेकर लगभग डेढ़ लाख तक का बिजली बिल भेजकर झटका दिया है। पत्रे के मकान में रहने वाले दादा को करीब डेढ़ लाख का बिल दिया गया है। इससे भी बड़ी बात यह है कि ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि इन हजारों बिलों का भुगतान करते समय ग्रामीणों को बिजली चोर कहा गया है। महाराष्ट्र राज्य विद्युत विभाग ने रामालिंग मुदगड़ गांव के करीब 200 बिजली उपभोक्ताओं को यह झटका दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब बिजली का इतना उपयोग ही नहीं हुआ तो इतनी बड़ी राशि का बिल कैसे आ गया। इसके अलावा, महाराष्ट्र राज्य विद्युत विभाग द्वारा इतनी बड़ी राशि के बिजली बिलों का भुगतान करते समय बिजली चोरी भुगतान का उल्लेख करने से ग्रामीणों में काफी गुस्सा है। ग्रामीणों का आरोप है कि महाराष्ट्र राज्य विद्युत विभाग द्वारा सीधे तौर पर 200 लोगों को चोर घोषित करने से गांव की बदनामी हुई है।

## गुजरात हाई कोर्ट का अजीब वीडियो वायरल

### टॉयलेट में बैठे-बैठे सुनवाई में शामिल हुआ शख्स, देखते रह गए लोग



सूरत, 28 जून (एजेंसियां)। रोजाना ही सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे तरह-तरह के वीडियो हमें हैरान कर देते हैं। कभी कोई सड़क पर स्टंट करता दिख जाता है तो कभी अजीबोगरीब डांस। लेकिन इस बार जो वीडियो वायरल हो रहा है, वो देखकर आप दंग तो हो ही जाएंगे, साथ ही शायद हंसी भी छूट पड़े। दरअसल, यह वीडियो गुजरात हाई कोर्ट में ऑनलाइन सुनवाई का है, जहां कथित तौर पर एक शख्स टॉयलेट में बैठे हियरिंग में शामिल हुआ। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें देखा जा सकता है कि शख्स कथित तौर पर शौचालय की सीट पर बैठकर कार्यवाही में हिस्सा ले रहा है।

**'समद बैटरी' के नाम से ऑनलाइन आया था शख्स**

यह मामला बीते 20 जून का बताया जा रहा है, जब जस्टिस नीरज एस देसाई एक केस की सुनवाई कर रहे थे। वीडियो में दिख रहा है कि पीले रंग की टी-शर्ट पहने एक व्यक्ति ने मोबाइल फोन से लॉग इन किया है। स्क्रीन पर उसका नाम 'समद बैटरी' लिखा दिखाई दे रहा था। चौंकाने वाली बात यह है कि वीडियो में दिखाई दे रहा है कि जब वह लिंक के माध्यम से कार्यवाही में शामिल हो रहा था, तब वह शौचालय की सीट पर बैठा हुआ था।

**कोविड-19 के दौरान शुरू हुई ऑनलाइन सुनवाई**

गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी के बाद से, गुजरात हाई कोर्ट ने वकीलों और वादियों दोनों को ऑनलाइन माध्यम से कार्यावाही में शामिल होने की अनुमति दी है। हर सुनवाई का अदालत के यूट्यूब चैनल के माध्यम से सीधा ब्रॉडकास्ट भी किया जाता है।

लगभग एक मिनट के इस शॉर्ट वीडियो में दिख रहा है कि व्यक्ति ने मोबाइल फोन को शौचालय के फर्श पर रखा हुआ था और कैमरा उसकी ओर है। शौचालय में नित्यक्रिय करने के बाद व्यक्ति ने फोन उठाया और चला गया। वीडियो देखकर ऐसा लगता है कि शायद जस्टिस देसाई ने उसकी हालत पर गौर नहीं किया।

**सूरत का रहने वाला है शख्स**

बाद में वही व्यक्ति ने इयरफोन लगाए हुए, फिर से लॉगइन किया और इस बार एक कमरे में बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखा गया। लगभग 10 मिनट के बाद, जस्टिस देसाई ने उसका नाम पूछा और उसने अपना नाम अब्दुल समद बताया, जो सूरत के किम गांव का निवासी है और मारपीट के एक मामले में शिकायतकर्ता है।

## मनरेगा घोटाला: गुजरात कांग्रेस उपाध्यक्ष समेत 3 गिरफ्तार



भरूच, 28 जून (एजेंसियां)। गुजरात में कथित मनरेगा घोटाले के मामले को लेकर भरूच पुलिस ने गुजरात कांग्रेस के उपाध्यक्ष हीरा जोतवा और उनके बेटे दिग्विजय जोतवा समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

भरूच के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मयूर चावड़ा ने बताया कि 11 गांवों के सर्वेक्षण में पता चला कि सरकारी धन की हेराफेरी की गई है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, मनरेगा में अवैध काम के बारे में संदेह होते ही भरूच डीडीओ ने 56 गांवों में प्राथमिक जांच शुरू कर दी। एसपी ने बताया कि डीडीओ ने 11 गांवों का सर्वेक्षण किया और पाया कि सरकारी धन की हेरफेर की गई है। फिर उन्होंने पुलिस शिकायत की और जाली दस्तावेजों, सरकारी राशि की अवैध हेराफेरी और साजिश के बारे में शिकायत दर्ज कराई। एसपी मयूर चावड़ा ने बताया कि मनरेगा में प्रयुक्त सामग्री का 60:40 का अनुपात नहीं रखा गया। उन्होंने कहा, डिप्टी एसपी की निगरानी में एक एसआईटी गठित की गई और जांच की गई। टीम ने उस साइट का दौरा किया जहां काम ठीक से नहीं किया गया था। यह पाया गया कि इस्तेमाल की गई सामग्री संलग्न बिलों से मेल नहीं खाती है, साथ ही 60:40 का अनुपात भी नहीं रखा गया था। उन्होंने बताया कि जलाराम और मुरलीधर एजेंसियों के मालिक फरार हैं, जिनके विवरण हमने एकत्र किए और पाया कि इन एजेंसियों के अलावा बहुत से लोग इसमें शामिल हैं। मीडिया से बात करते हुए एसपी ने बताया कि हीरा जोतवा किसी और के नाम से एजेंसिया चला रहा था और पैसा उसके रिश्तेदार के खाते में स्थानांतरित कर दिया गया था। उन्होंने कहा, विस्तृत जांच के बाद हमने हीरा जोतवा को गिरफ्तार किया जो किसी और के नाम पर इन एजेंसियों को चला रहा था और पैसा उसके रिश्तेदार के खाते में स्थानांतरित किया गया था। उन्होंने बताया कि राजेश दर्जी को गिरफ्तार किया गया है, जो जाली दस्तावेजों के आधार पर सरकार से पैसा इकट्ठा करता था।

हीरा जोतवा का बेटा दिग्विजय जोतवा भी इसमें शामिल था, क्योंकि सरकारी धन इन खातों से उसके निजी खाते में स्थानांतरित किया गया था और उसे गिर-सोमनाथ से गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया, हमारे साक्ष्य के अनुसार फर्जी जॉब कार्ड बनाना, काम न करने वाले लोगों के खाते में पैसा डालना, उस पैसे का निजी उपयोग करना, इस मामले को लेकर हमने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और जो लोग इसमें संलिप्त पाए जाएंगे, उन्हें गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

## एअर इंडिया ने 4 कर्मचारियों से इस्तीफा मांगा

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 8 दिन बाद मनाया था जश्न डांस का वीडियो सामने आया

नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)। एअर इंडिया ने अपने ग्राउंड हैंडलिंग वेंचर एआईएसएटीएस के 4 कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए कहा है। ये कार्रवाई एक वायरल वीडियो को लेकर की गई है, इसमें ये कर्मचारी अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया फ्लाइट एआई 171 हादसे के बाद ऑफिस में डांस पार्टी करते नजर आ रहे हैं। एअर इंडिया ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा, 'एआई 171 की दुखद घटना से प्रभावित परिवारों के साथ हम पूरी संवेदना के साथ खड़े हैं। वायरल वीडियो में जो आचरण दिखा, वह हमारी कंपनी की पॉलिसी के खिलाफ है। हमने जिम्मेदार लोगों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।' एयरलाइन ने वीडियो कब और किस ऑफिस का है, ये स्पष्ट नहीं किया है। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो घटना के 8 दिन बाद 20 जून का है, इसमें कर्मचारी एआईएसएटीएस के गुरुग्राम ऑफिस में पार्टी कर रहे हैं। दरअसल, अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिससे लोगों में गुस्सा देखा गया। इसको लेकर यूजर एअर इंडिया की संवेदनशीलता पर सवाल उठा रहे हैं। वहीं, एयरलाइन को ट्रोल किया जा रहा है। डीजीसीए ने 21 जून को एअर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने का आदेश दिया था। इनमें डिविजिनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लॉनिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल थे।

## तिहाड़ जेल में बंद सांसद इंजीनियर रशीद करेंगे भूख हड़ताल



जम्मू, 28 जून (एजेंसियां)। जेल में बंद बारामूला सांसद और अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के अध्यक्ष इंजीनियर रशीद जेल में ही भूख हड़ताल करने जा रहे हैं। उन्होंने घोषणा की है कि वह कश्मीरियों को लगातार लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित किए जाने के विरोध में तिहाड़ जेल के अंदर 24 घंटे की भूख हड़ताल करेंगे। यह भूख हड़ताल शनिवार, 28 जून को रात 8:00 बजे से रविवार, 29 जून को रात 8:00 बजे तक होगी। ऐसा कहा जा रहा है कि यह भूख हड़ताल राष्ट्रीय दलों की उन सैकड़ों कश्मीरियों के बारे में चुप्पी को भी उजागर करने का प्रयास है, जो केवल राजनीतिक विश्वास रखने के कारण यूएपीए जैसे कठोर कानूनों के तहत तिहाड़ जेल और अन्य जेलों में सड़ रहे हैं। एआईपी के मुख्य प्रवक्ता इनाम उन नबी के अनुसार, इंजीनियर रशीद ने हाल ही में अपने परिवार के साथ एक बैठक के दौरान अपने निर्णय से अवगत कराया, जिसमें उन्होंने जोर देकर कहा कि बीजेपी और कांग्रेस दोनों द्वारा एक-दूसरे पर लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगाने का पाखंड उजागर होना चाहिए। जेल में बंद सांसद रशीद ने अपने परिवार से कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दोनों पार्टियां एक-दूसरे पर अपने-अपने शासन के दौरान स्वतंत्रता, आजादी और मौलिक अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। फिर भी, जब कश्मीरियों के संवैधानिक, लोकतांत्रिक और नवाधिकारों को छीनने की बात आती है, तो दोनों ही इसमें भागीदार हैं। उन्होंने आगे कहा, बीजेपी 1975 के आपातकाल के दौरान किए गए अत्याचारों को उजागर कर रही है, वह आसानी से भूल जाती है कि उसने पिछले 11 वर्षों में कश्मीरियों के साथ कैसा व्यवहार किया है। वैध राजनीतिक आवाज़ों को जेल में डाला गया, असहमति को दबाना और राजनीतिक विश्वास को अपराध के रूप में ब्रांड किया गया।" रशीद ने ये भी कहा, "दूसरी ओर कांग्रेस और अन्य, मोदी सरकार पर अघोषित आपातकाल लगाने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन यूएपीए जैसे कठोर कानूनों के तहत तिहाड़ और अन्य जेलों में बंद सैकड़ों कश्मीरियों के बारे में चुप रहते हैं। भूख हड़ताल का उद्देश्य भारत के लोगों को यह याद दिलाना है कि अतीत और वर्तमान आपातकाल पर बहसें होने के बावजूद, 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद से कश्मीरियों के अधिकारों का निरंतर और व्यवस्थित हनन नहीं किया जा सकता है

# भक्त प्रेम और सेवा के प्रतीक भगवान विट्ठल



अतुल कुमार

हर साल आषाढ मास में लाखों वारकरी भक्त पंढरपुर में भगवान विट्ठल के दर्शन के लिये 250 कि मी की पैदल यात्रा कर पहुंचते हैं . जिसको वारी कहा जाता है . दुनिया की यह सबसे लंबी पैदल धार्मिक यात्रा है . साधक आलंदी और देहू से पंढरपुर पहुंचते हैं . पालकी मे संतों की पादुकाएं ले वह भक्ति पूर्ण भजन कीर्तन और नृत्य करते हुए यात्रा करते हैं .जिसे वैष्णवो का कुंभ कहा जाता है. हर साल इस यात्रा में भाग लेने वाले को वारकरी कहा जाता है . वारी का अर्थ होता है सालों साल यात्रा करना और यह " वारकरी संप्रदाय " के नाम से मशहूर है .वारकरी महाराष्ट्र के पंढरपुर में आसीन भगवान विट्ठल की पूजा करते हैं .भगवान विट्ठल को भगवान कृष्ण का अवतार माना गया .इसलिये कहा भी गया है " वो हज़ारों मुश्किलें देख कर भी हंसते हैं / जिनके रोम – रोम मे विट्ठलनाथ बसते हैं / मिलना तो पल भर का हुआ उनसे / पर रिश्ता उम्र भर का जोड गये वो हमसे //

भगवान विट्ठल को विठोबा या पांडुरंग के नाम से भी जाना जाता है .महराष्ट्र के लोकप्रिय देवताओं में एक हैं . अपने दोनों हाथ कमर पर रख ईंट पर खडे हैं .ईंट को मराठी में वीट कहते हैं . जिससे विट्ठल नाम आया सदियों से उनको भगवान कृष्ण का एक रूप माना गया . पौराणिक मान्यताओं के अनुसार 13 वी शताब्दी के संत ज्ञानेश्वर से ले वर्तमान आधुनिक कवि भी विट्ठल को भगवान कृष्ण का रूप मानते हैं.

"विट्ठल" शब्द का अर्थ " बुद्धिमानों का स्थान " या " ज्ञानी पुरुष "है .जो उनके ज्ञान और शक्ति को दर्शाता है . वह सभी जातियों ,वर्गों और संप्रदायों के देवता माने गये . जो उनको जन प्रिय देवता बनाता है . वह आध्यात्मिक ,सांस्कृतिक और समर्पित भक्ति के प्रतीक हैं . जिनकी भक्ति में डूब भक्त " विट्ठल – विट्ठल " भजन – कीर्तन करते हैं .

भगवान विट्ठल ने माता पिता को ईश्वर तुल्य माना और बताया कि जीवन में संतान का माता पिता से बडा कोई शुभ चिंतक और नहीं है .इस संदर्भ में पौराणिक कथानुसार एक बार श्रीहरि अपनी पत्नी रुक्मिणी के साथ अपने सबसे समर्पित भक्त पुंडलिक से मिलने उनके घर गये तब वह अपने माता पिता की सेवा में लीन थे तभी द्वार पर भगवान पधारे और कहा कि वह उनका आतिथ्य स्वीकार करने पधारे हैं . पुंडलिक ने कहा कि वह माता पिता की सेवा में लगे हैं थोडी प्रतीक्षा करनी होगी. कहा कि वह पास रखी ईट पर खडे हो उनका इंतज़ार करें . भगवान ने भक्त की बात मानी और खडे हो गये .कुछ देर बाद पुंडलिक आये तो ईश्वर को देख भाव विह्वल हो उनकी आराधना करने लगे श्री हरि ने कहा भक्त हम तुम्हारी अनन्य भक्ति से प्रसन्न हैं जो वरदान मांगना है मांगो तब भक्त पुंडलिक ने निवेदन किया कि वह वहीं रुक जाएं अपने भक्त की श्रद्धा को देख श्रीहरि उसी ईंट पर खडे हो कर , कमर पर हाथ रख कर प्रसन्न मुद्रा में खडे हो गये शास्त्रानुसार यही मुद्रा ही विट्ठल अवतार कहलायी और भगवान विष्णु का एक नाम " विट्ठल " पडा .

भगवान भक्त द्वारा की जा रही माता पिता की सेवा को देख प्रभावित हुए . बताया जाता है कि इसी पुंडलिक ने विवाह के बाद पत्नी की बातों में आ अपने माता पिता को प्रताडित और अपमानित कर घर से निकाल दिया था लेकिन ऋषि कुक्कुटा से मिलने के बाद माता पिता के प्रति उनका ह्रदय परिवर्तन हुआ और उन्हें पछतावा हुआ. माता पिता को ईश्वर तुल्य मान उन्होंने सारा जीवन उनकी सेवा में लगा दिया .आज के संदर्भों में यह महत्वपूर्ण प्रसंग है . जब समाज में माता पिता को तिरस्कार , उपेक्षा और अपमान की दृष्टि और व्यवहार का सामना करना पड रहा है तब भक्त पुंडलिक का माता पिता के प्रति आदर भाव प्रेरक दिखायी देता है कहा भी गया कि " मां बाप का प्यार , जीवन का आधार उनका आशीर्वाद सदा रहे हमारे साथ / हर खुशी मां बाप से है ,हर दुआ मां बाप से है / दुनिया में सब कुछ है पर मां – बाप से बढ कर कुछ नहीं है //

अतः भगवान विट्ठल भक्त पुंडलिक की माता पिता की सेवा को देख उनके आने का इंतज़ार करते रहे क्यों कि वे जानते हैं कि माता पिता की सेवा उनकी सेवा समान ही तो है .पुंडलिक को वारकरी संप्रदाय का ऐतिहासिक संस्थापक भी कहा जाता है . अन्य प्रसंगानुसार माता पिता की सेवा के बाद उन्होंने प्रतीक्षा कर रहे प्रभु की ओर रुख किया और द्वार की ओर देखा तब तक प्रभु मूर्ति रूप ले चुके थे पुंडलिक ने उस विट्ठल रूप को ही अपने घर में विराजमान किया .यही स्थान पुंडलिक पुर या अपभ्रंश रूप में पंढरपुर कहलाया .

भगवान विट्ठल की स्तुति में कई भजन लोकप्रिय हैं जैसे " रूप देखता हूं आंखों से " यह भगवान विट्ठल के रूप की सुंदरता और भक्तों के मन में उनके प्रति अगाध प्रेम भाव को दर्शाता है . अन्य हैं " हे ! सखी सुख हो गया है " " बहुत पुण्यों का फल है " और " सभी सुखों का भंडार " आदि है . विट्ठल की भक्ति में गाये भजनों की अनूठी महत्ता है क्यों कि उसमें भक्ति की गहराइयों में समर्पित भाव प्रकट होता है .शास्त्रानुसार आषाढी एकादशी जिसे देवशयनी एकादशी भी कहा जाता है उस दिन भगवान विष्णु चार महीने के लिये योग निद्रा में चले जाते हैं इस दिन भगवान विट्ठल की विशेष पूजा की जाती है .इस वर्ष आषाढी एकादशी 6 जुलाई को है।

कई विद्वान विट्ठल को पिता ही नहीं ,बल्कि विठाई अर्थात माता भी मानते हैं. भगवत गीता पर संत ज्ञानेश्वर द्वारा लिखी " ज्ञानेश्वरी " में लिखा है कि " जब कृष्ण अर्जुन के सामने अपने सर्वव्यापी रूप में प्रकट होते हैं तब अर्जुन कृष्ण को अपना मित्र नहीं मानते या उनके भक्त के रूप में पेश नहीं आते .वह कृष्ण को सर्वव्यापी माता के रूप में देखते हैं जो स्नेही हैं .

पौराणिक विद्वानों के अनुसार विट्ठल का अर्थ है जो कण कण में मौजूद है . उनको देखने के लिये मन की आंखें खोलने की ज़रूरत है .यानी अपने भीतर की ओर देखने की आवश्यकता है . इसके अतिरिक्त " विट्ठल गायत्री मंत्र " लोक प्रसिद्ध है " ओम रुक्मिणी पति च विद्महे , भक्त दर्शनाय च धीमहि / तन्नो विट्ठल प्रचोदयात "'




# काव्य कुंज

## अक्सर ही



संजुला सिंह
जमशेदपुर

आज अक्सर शेर की खाल में
भेड़िया ही घुमा करते हैं, पर
भेड़ियों की झुंड में कभी भी
नहीं शेर फिरा करते हैं।
आज अक्सर लोग मजहबी
बातें करके लड़ा करते हैं,पर
हम हैं कि सबसे अमन-चैन
की बातें ही किया करते हैं।
आज अक्सर ही लोग अपनी
दोस्ती में भी दगा करते हैं,पर
हम हैं कि रिपुओं से भी हमेशा
हंस के गले मिला करते हैं।
आज अक्सर ही लोग सच्चे
हृदय को छला करते हैं,पर
हम हैं कि अक्सर ही
झूठों से भी प्यार करते हैं।
आज अक्सर ही लोग दूसरों
की टांग खींच गिराया करते हैं
हम हैं कि गिरे हुए को भी उठा
दिल से लगाया करते हैं।
आज अक्सर ही लोग अपनी
जुबां से जहर ही उगला करते हैं
हम हैं कि उस जहर को भी
अमृत समझ के पान किया करते हैं।

## रहें बुलंद हौसले



कुमुद बाला,
हैदराबाद

इस बुलंद हौसले
की गहराइयाँ सच कहती हैं
आमंत्रित ऊर्जा की
शहनाइयाँ कुछ कहती हैं
आईने ने सूरत अपनी
शायद ही देखी है
फूलों ने अपनी मधुर सुगंध शायद ही रोकी है
सुनहरी प्रकृति के हौसले कभी कम नहीं होते
सुंदर धरती ने सौंधी सुगंध शायद ही रोकी है
कुछ उड़ते बादल की परछाइयाँ हठ करती हैं
आमंत्रित ऊर्जा की शहनाइयाँ सच कहती हैं
दिल की आवाज़ भी कुछ विस्मित कर जाती है
अपनेपन की सुवास भी आकर्षित कर जाती है
शायद हवा के झोंके भी जानते हैं गुनगुनाना
चाँदनी भी अवरोध को परावर्तित कर जाती है
लुप्त हो रहीं हरतरफ अमराइयाँ कुछ कहती हैं
आमंत्रित ऊर्जा की शहनाइयाँ सच कहती हैं
डरना व छुपकर बैठना अब नारी का काम नहीं
कभी बिना वजह पथ मोड़ना नारी का नाम नहीं
मशाल जली है शिक्षा की अब यह कभी कम न होगी
धुँधला सा चश्मा पहनना अब नारी का काम नहीं
अब विरासत में मिलीं रुसवाईयाँ कुछ कहती हैं
आमंत्रित ऊर्जा की शहनाइयाँ सच कहती हैं
ठुमकते मौसम की कहानी हर रोज़ बदलती है
धरती की हरियाली भी हर पतझड़ में झरती है
पंछी जब उन्मुक्त गगन में बेखौफ होकर उड़ते हैं
किस्मत कलकल झरने की भी कभी खूब बदलती है
परिवर्तित जीवन की अंगड़ाइयाँ सच कहती हैं
आमंत्रित ऊर्जा की शहनाइयाँ सच कहती हैं
मस्तिष्क और दिल की राहों में जंग चलती रहती है
हौसले औ चिंतन में अवरोध की बाती जलती है
फिर भी उन्मुक्त उड़ान तो मुस्कुराती है जीवन में
सोच की सुंदर तूलिका भी कैनवास संग घुलती है
भक्ति के विश्लेषण में चौपाइयाँ सच कहती हैं
आमंत्रित ऊर्जा की शहनाइयाँ सच कहती हैं
परिवर्तन का स्वागत तो समाज को करना चाहिए
प्रतिदिन के आयामों को सबको समझना चाहिए
दिल के चौराहे पे अगर द्वेष की होलिका जलेगी
प्रेम ही है ईश्वर इसे तो सबको समझना चाहिए
फूल बिछें गर पथ में तनहाइयाँ सच कहती हैं
आमंत्रित ऊर्जा की शहनाइयाँ सच कहती हैं।।

## पिता सबसे बड़े सम्मानी



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

माँ तो माँ होती है पर
पिता अद्भुत बलिदानी,
खाकर दुनियां के थपेड़े
बढ़ाए घर की कहानी,
मजबूत कांधे,दे संतान को
हर हाल में दाना पानी,
संतान आवश्यकताए पूर्ण करने को,
पिता भेंट चढ़ा दे जवानी,
पिता ने संतान संरक्षण में
कवच बन अंगुली थामी,
अनुशासन का पाठ पढ़ाकर,
संस्कारित दुनियादारी समझानी
आदर्श जीवन समझ में आया,
पिता की ही जुबानी,
कोमल हृदय के मालिक पर,
भावना कठोर दिखानी,
दी बेटे को मजबूत छत्र छाया,
स्वयं सहकर परेशानी,
बेटी बने दो घर की रौनक
बेटी अमूल्य धरोहर जानी,
नम आंखों से करते विदाई
जब बेटी हो जाए सयानी,
दिखाते कुछ होते कुछ
पिता की विचित्र कहानी,
पितृ कर्ज उतार सके न कोई,
दुनियां में पिता सबसे बड़े सम्मानी।

## अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णिम युग...!



संजय एम.
तराणेकर, इंदौर

भारत के अंतरिक्ष
इतिहास में स्वर्णिम युग,
शुभांशु शुक्ला की
अमर उड़ान का हैं मृग।
सीमाओं को तोड़कर
अनंत की ओर बढ़ते,
विज्ञान एवं विरासत
की संगम यात्रा चढ़ते।
ये करोड़ों दिलों की धड़कनों का उत्सव था,
सांस्कृतिक विरासत ब्रह्मांड में 'तिरंगा' था।
भारत के अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णिम युग,
शुभांशु शुक्ला की अमर उड़ान का हैं मृग।
यह भारत की जिजीविषा का ही प्रतीक है,
सितारों के उस पार पहचान 'अमरदीप' हैं।
साढ़े सात किलोमीटर प्रति सेकंड की गति,
पृथ्वी की परिक्रमा करते हो रहीं थी प्रगति।
भारत के अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णिम युग,
शुभांशु शुक्ला की अमर उड़ान का हैं मृग।
14 दिवसीय यात्रा वैज्ञानिक प्रयोग मिशन,
60 से ज्यादा प्रयोगों का ज़बरदस्त सेशन।
भारत के भविष्य अंतरिक्ष सपनों की धार,
शुभांशु लाखों 'तरुणाई' की प्रेरणा आधार।

## मिलो एक बार ..



दर्शन सिंह
हैदराबाद

कसम उसने तो खाई थी
चमन को सींचने की
मगर जिस फूल को देखो
रौंदा हुआ है
उसे परवा क्या होगी
किसी के आबरू की
वो जिसके नैन का पानी
खुद ढलका हुआ है
थक तो गया था, चलते रह गया
क्या करें,
किसी सैयाद का हाका हुआ है
ख्वाब में आते हो
सामने तो आओ,
मुंडेरे उजास करनी है
मिलो एक बार को तुम
शिद्दत से एक बात करनी है
तुझ से गले लगकर
तेरी ही शिकायतें हजार करनी है
छेड़ती रहती मन की वीणा
पनपती रहती हृदय की पीड़ा
रेत के महल पर खड़े
कुछ ख्वाब सजाती है
पहले तुम
अब तुम्हारी याद सताती है
था वह सफर कितना सुहावना
हाथों में हाथ लिए दूर निकल जाते थे
धीरे धीरे लम्हों का फलसफा सुनाती है
गज़ल जीत कविता बेतुके से लगते
हां, दीदार हो जाए
फिर से संवाद स्थापित करनी है
मिलो एक बार...

## ख़ुशियाँ



पद्मजा श्रीवास्तव

छोटी –छोटी बातों में छिपी हैं ख़ुशियाँ
न कोई महल चाहिए न चाहिए
बड़ीबडी गाड़ियाँ , घर आलीशान
ख़ुशियाँ तो होती हैं मन के अंदर
झांक कर तो देखो
सवेरे की किरणें रोज लेकर
आती हैं एक नई आशा
चाय का कप ,अखबार और
मोबाईल बस और क्या चाहिए
सुबह सवेरे दुनिया आपके हाथों में।
दोस्तों , परिवार संग हंसी –मजाक ,
गप्पें लडाना ,हंसना हंसाना यही तो जीवन के रंग हैं
ख़ुशियाँ बिकती नहीं , न हीं खरीदी जाती हैं ,
ख़ुशियाँ तो बनाई और बाँटी जाती हैं
ये हमारे मन में बसती हैं ,
दिल से दिल का सफर तय करती हैं
किसी का दुख साझा करना,
घावों पर मरहम लगाना ,
तो किसी को हौसला देना
लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना ,
किसी की सहायता करना
कर के तो देखो ऐसी ख़ुशी
मिलेगी कि दिल बाग- बाग हो उठेगा।
न ढूंढो ख़ुशियों को बडे.– बडे माल में, महँगे दुकानों में
ये तो मिलती है लोगों के प्रेम में ,
स्नेह में ,आदर में, आशीर्वाद में
थोडी सी तसल्ली, थोड़ा धैर्य,
लोगों का सम्मान, लोगों का साथ
फिर देखो जीवन में कमी नहीं रहेगी ख़ुशियों की ।।।

## तलाश



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

हर मांझी को साहिल की तलाश है,
हर राही को मंजिल की तलाश है,
हर सफर को हमसफ़र की और,
हर नदी को समंदर की तलाश है।
हर ज़रूरतमंद को दानदाता की तलाश है,
हर गुरू को योग्य शिष्य की तलाश है,
हर घायल को मरहम की और,
हर दोस्ती को दोस्तों की तलाश है।
क्षितिज को धरती और आकाश की,
वर्षा ऋतु को इंद्रधनुष की,
मोर पपीहे को मेघ गर्जन की,
मधुमास को चटख फूलों की तलाश है।
आदि से अनन्त तक की यात्रा है तलाश,
एक जिज्ञासा,एक जीजिविषा है तलाश।।
तलाश की एक पहल ऐसी भी हो,
जहां स्व से स्व का मिलन हो,
साक्षात्कार हो आत्मा का परमात्मा से,
आत्मचिंतन और मंथन का जतन हो,
वसुधैव कुटुम्बकम की परिकल्पना हो,
परांतः सुखाय का प्रयत्न हो।।।

## लहरें



हेमंत सुराना,
उदयपुर

समुद्र से लहरें आती गई,
शोर बहुत मचाती गई
मन के समुद्र में उछाल आते गए,
विचारों की लहरों में डूबते गए
बन के लहर, इस समंदर से गुजरो,
बाहर नहीं,सवाल अपने अंदर से पूछो
कहां ले चला मकसदों का बहाव,
अनुभूति की लहरें
शांत स्वभाव, तेज बहाव,
ख्यालों के समंदर की लहरें
चट्टानों से टकरा कर फिर उठ जाती,
मुश्किलों में भी हिम्मत कभी ना खोती
कभी रफ्तार से चलती, कभी थम जाती लहर,
कभी सख्त तो कभी नरम यह लहर
लहरों से सीखो जीने का अंदाज ,
लहरों से सीखो जीने का अंदाज।

## कभी कभी मेरे दिल में...



डॉ डी डी देसाई

कभी कभी मेरे दिल में...
ये खयाल आता है....।
कि...मैं सिगरेट पी रहा हूँ...
या सिगरेट मुझे पी रही है।
उसकी चोटी को मैं आग लगाता हूँ,
और अंजाने में जिंदगी मेरी सुलग रही है।
जरूर मेरी उंगलियों में दबी है वह,
पर असल में उसने मुझे...
अपने चूंगुल में फसाएँ रखा है।
शायद कभी आज़ाद हो न पाऊँ।
कभी कभी मेरे दिल में...
ये खयाल आता है....।
कि मैं तमाखू चबा रहा हूँ...
या तमाखू मुझे दबोच रहा है..?
हथेली में लिए उसे मसलता रहा हूँ मैं,
पर असल में मैं कुचला जा रहा हूँ।
सरेआम उसे चूना मैं लगा रहा हूँ..
पर असल में खून मेरा सुख रहा है।
इस कदर हूँ उसके आधीन...
जैसे दो पाटों के बीच पीसा जा रहा हूँ।
कभी कभी मेरे दिल में...
ये खयाल आता है....।
कि...मैं शराब पी रहा हूँ...
या शराब मुझे निगल रही है।
बड़े चाव से मयखाने में बैठ कर ...
प्याला हाथों में लहरा रहा हूँ।
खुदबखुद नशे में झूम रहा हूँ...।
असल में बोतल को मैं फोड़ रहा हूँ...
या बोतल मुझे चूर कर रही है।
कभी कभी मेरे दिल में...
ये खयाल आता है....।
कि मैं इन आदतों को अपना रहा हूँ...
या मौत को गले लगा रहा हूँ।
जानता हूँ ये साब जानलेवा है....
मद्यपान...धूम्रपान यदि करते रहोगे...
तो जिंदगी से हाथ धो बैठोगे....।

## बची है सुनहरे कल की आरजू



संजीव ठाकुर,
रायपुर

रिश्ते अब रिश्तों से दूर होने लगे है,
लोग इस कदर मजबूर होने लगे हैं।
दुश्मनो से दोस्त करतें है गुजारिश,
भोले चेहरे भी मगरूर होने लगे है।
ज़माने की कैसी हो गई फितरत,
भाई चारे कितने बेनूर होने लगे है।
आजमाँ कर देख बेदर्द ज़माने को,
मंसूबे अब चकनाचूर होने लगे है।
नयें रिश्तों का है अजब मायाजाल,
सिक्के ही चेहरों के नूर होने लगे है।
बची है सुनहरे कल की आरजू
आज ईमान कसूर होने लगे हैं।
फकीरी शायरी हमारी हमसफर,
खुदा के करम पुरनूर होने लगें हैं।
कलयुगी मायाजाल में अब संजीव
दोस्त ही दोस्त से दूर होने लगे हैं।

## भारत माता की जय



जे गंगाधर 'गंध'
हैदराबाद

ऽभारत माता की जय।
जब रूस-यूक्रेन के बीच
छिड़ा था भीषण संग्राम,
कई लोग जिंदगी-मौत के बीच,
फंसे पड़े थे क्या होगा अंजाम,
और जब इजराइल-गाज़ा के बीच,
भी ताबड़-तोड़ गिरने लगे बम,
और अब इरान-अमेरिका के बीच,
शुरु हो ही गई दमादम बम-बारी,
जहाँ-कहाँ तहाँ-तहाँ फसे रहें,
सारे रास्ते बंद हुए सब रोते रहें,
तब भारत ने आफत में राहत दिया,
अपनों को तो औरों को भी बचा लिया,
भीषण रण प्रांगण से सुरक्षित ले आया,
प्राण बचा कर हाथों में तिरंगा थाम लिया,
मोदमय मुस्कान से मोदी को याद किया,
हिन्दुस्तान-पाकिस्तान का बच्चा बच्चा कहा,
मोदी है तो मुमकिन है मुस्लिम बच्ची ने कहा,
हिन्दुस्तान जिन्दाबाद भारत माता की जय।
भारत माता की जय। अब तो कट्टरता छोड़ो,
भारत माता की जय कहो धरती से नाता जोड़ो।

## वर्षा



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

आई वर्षा हुई बसंत बहार।
कभी घनघोर तो कभी फुहार।
छह ऋतुओं में एक बरखा रानी,
प्यासी धरती ने की थी पुकार।
धुल गए कण कण धरती के।
उग आए सभी खर पतवार।
पेड़ों के पत्ते हरे चटक हुए,
फसलों पे आया निखार।
कोई भीगे प्यार में,
कोई भीगे बरखा में।
वर्षा रानी पुलकित करे,
गूंद के लड्डू हुए तैयार।
सर्दी में खोया ,तन को लागे।
काया हृष्ट पुष्ट हुई ,चली बयार।
नदियां उफान पर आई।
पानी भरे गांवों में बारम्बार।
हर मौसम के दो पहलू है।
किसी का मनमीत आया है।
कोई गोरी करे इंतजार।
यही होता है सच्चा प्यार।
बरखा रानी,बड़ी सयानी।
धूप खिलाए,कभी लाए पानी।
बादल घुमड़ घुमड़ आते।
आंधी में फिर उड़ भी जाते।
सृष्टि के मौसम निराले।
चखते सभी मतवाले।
जीवन में सुख दुःख है आते,
मुंह से छीन जाते निवाले।

## अंतरिक्ष अभियान



डॉ.प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

हिमालय के श्रृंग पर
लहरा उठा तिरंगा न्यारा
स्वाभिमान स्वदेश का
लेकर चला सपूत प्यारा
उठ गई निगाह सबकी उस वायु वीर पर
धीर स्थिर अडिग खड़ा था
अवलोकता था नक्षत्र पर
क्यों ना हो वसुधा प्रफुल्लित
अपने इस सपूत पर
जो बढाये मान अपने
देश का समूचे विश्व पर।
मानती दुनिया उसी को जो ना घबराता कभी
लक्ष्य कितना भी कठिन हो पीठ दिखलाता नहीं
मुश्किलें उसके लिए नहीं जो किनारे बैठ कर
कल्पना के गोते लगाता सूखे जमीं के तीर पर।
मुश्किलें उसके लिए है जो खेलता है
तूफानी लहरों के संग,
डूबना या पार लगना यही उसकी सोच है।
कुछ न करने से तो अच्छा कुछ तो करके देख लें
क्या पता अगला शुभांशु तुम ही बनो इस देश के
तुमने जो कर के दिखाया वह बहुत अमूल्य है।
कठिन से कठिनतम की ओर पग बढ़ाया
यह सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।
तुम हो अभिमान सबके गर्व देश करता है तुम पर।
हिमालय भी गर्दन उठाये देख रहा अंतरिक्ष पर।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# 42 की उम्र में दुनिया छोड़ गईं कांटा गर्ल शेफाली जरीवाला



'कांटा लगा' गाने से मशहूर हुईं अभिनेत्री शेफाली जरीवाला की शुक्रवार देर रात मौत हो गई। वो 42 वर्ष की थीं। शुरुआती रिपोर्ट में बताया गया कि शेफाली की मौत कार्डियक अटैक के चलते हुई है। हालांकि, पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की असल वजह स्पष्ट होगी। अभी तक परिवार की तरफ से कार्डियक अटैक से ही मौत बताई गई है। मुंबई पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शेफाली जरीवाला अकेली नहीं हैं, हाल के दिनों में कई एक्टर्स और सेलेब्स की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है।

ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब चलते-फिरते, नाचते-गाते हार्ट अटैक या फिर कार्डियक अरेस्ट से लोगों की मौत हो गई। ऐसे में सवाल यही है कि आखिर इस मर्ज की दवा क्या है। शेफाली जरीवाला की मौत की खबर से टीवी और फिल्म इंडस्ट्री सनसनी फैल गई। हर कोई यही सोच रहा कि आखिर शेफाली को अचानक क्या हो गया। ऐसा इसलिए क्योंकि शेफाली जरीवाला अपनी फिटनेस के लिए भी जानी जाती हैं। फिर उन्हें कार्डियक अरेस्ट कैसे हुआ। हालांकि, आपको जानकर हैरानी होगी हर साल कार्डियेक अरेस्ट से मौत का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। ये खतरनाक ट्रेंड है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, हाइपरटेंशन, लाइफस्टाइल, डायबिटीज, एल्कोहल और स्मोकिंग जैसे कारण इसकी मुख्य वजह हैं। इसके अलावा पोस्ट कोविड इफेक्ट के चलते भी कार्डियक अरेस्ट और हार्ट अटैक के मामले बढ़े हैं। कोविड से रिकवर हो चुके लोगों में दिल की समस्याएं बढ़ रही।

खास तौर पर 50 साल से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ रहा है। शेफाली जरीवाला की तबीयत बिगड़ने के बाद शुक्रवार को उनके पति एक्टर पराग त्यागी ने उन्हें मुंबई के बेलेव्यू मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहीं पर देर रात डॉक्टरों ने शेफाली को मृत घोषित कर दिया। अब तक की रिपोर्ट्स के मुताबिक, शेफाली की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। ये कोई पहला मामला नहीं है जब इस तरह से किसी की जान अचानक गई है। कार्डियक अरेस्ट या फिर दिल का दौरा पड़ने से जिस तरह अचानक मौत के मामले सामने आ रहे वो चौंकाने वाले हैं। इनका विश्लेषण करने पर पाया गया कि कई घटनाओं के पीछे कार्डियक अरेस्ट ही बड़ा कारण है।कार्डियक अरेस्ट का ज्यादातर शिकार युवा बन रहे हैं। इसके पीछे तनाव, खराब जीवनशैली और कोविड जैसे कारण अहम माने जा रहे हैं। केवल भारत में ही नहीं, दुनियाभर में ऐसे ही कई लोगों की जान गई है।

शेफाली जरीवाला अकेली नहीं हैं जिनकी मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई है। मशहूर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव भी इसी तरह के कार्डियक अरेस्ट का शिकार हुए। बिग बॉस 13 के विनर जाने-माने एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला की भी 2 सितंबर 2021 को हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। सिंगर केके को भी बंगाल में एक परफॉर्मेंस के दौरान दिल का दौरा पड़ा था, जिससे उनकी मौत हो गई थी। जिस तरह से अचानक मौत के ये मामले सामने आ रहे ये बेहद चिंताजनक और डराने वाले हैं। कैसे हंसता खेलता इंसान अचानक दुनिया छोड़ दे रहा है।

इन सभी मामलों में दिल अचानक साथ छोड़ देता है। जब अचानक किसी का दिल काम करना बंद कर दे तो समझ लीजिए कि उसे कार्डियक अरेस्ट हुआ है। यह बिना चेतावनी के और अचानक होता है। कार्डियक अरेस्ट को ऐसे समझें कि ये दिल के इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी से होता है। इसमें पूरा शरीर एक झटके में काम करना बंद कर देता है। कार्डियक अरेस्ट आने पर मिनटों में जान जा सकती है। कार्डियक अरेस्ट से बचाव कैसे हो सकता है, ये सवाल हर किसी के मन में उठ रहा होगा। इसके बारे में जानकारी होना ही इसके बचाव की पहली शर्त है। कार्डियक अरेस्ट आने पर दिल की धड़कनें बहुत तेज हो जाती हैं। इस अनियमित हार्ट बीट को मेडिकल लैंग्वेज में एरिथमिया कहते हैं।

इस स्थिति के बाद अचानक दिल की धड़कन बहुत कम होकर धीरे धीरे बंद हो जाती हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो भारत में 50 फीसदी हार्ट अटैक 50 साल से कम उम्र के लोगों को आते है। 25% हार्ट अटैक के मामलों में मरीज की उम्र 40 साल से कम होती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि 26 से 40 एज ग्रुप के लोग हार्ट अटैक के हाई रिस्क जोन में हैं। ये आंकड़ा 53 फीसदी का है।

एक स्टडी में सामने आया कि कोविड के दौरान 50 साल से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक की आशंका 11 फीसदी थी। वो अब कोविड के बाद बढ़कर 13 फीसदी तक पहुंच हो गई। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, हमें ये भी समझना चाहिए कि हार्ट अटैक के पीछे कई कारण होते हैं, जो पिछले 20 साल से युवाओं में बढ़ रहे हैं। इसमें डायबिटीज, हाइपरटेंशन, स्ट्रेस, प्रदूषण भी अहम है। ऐसे में हमें अपनी जीवनशैली में बदलाव करने की जरूरत है। तनाव कम करें, स्वस्थ और ताजा खाना खाएं। नियमित रूप से टहलना-व्यायाम करना भी जरूरी है। तंबाकू और शराब से दूरी जरूरी है। इसके अलावा हार्ट से जुड़ी कोई शिकायत नजर आए तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। इसका मतलब है कि दिल स्वस्थ रहे तो आप भी हेल्दी रहेंगे।

## शेफाली की पर्सनल लाइफ



शेफाली और पराग त्यागी का साथ खत्म हो चुका है और इस बात से उनके फैंस काफी दुखी हैं। दोनों की लव स्टोरी बहुत खास थी, दोनों ने एक दूसरे के साथ जीने-मरने की कसमें खाई थीं, लेकिन किस्मत को कुछ और मंजूर था। शेफाली के लिए पराग किसी ब्लेसिंग से कम नहीं थे, जब उनका प्यार और रिश्तों से विश्वास उठ गया था तब पराग उनकी लाइफ में आए थे। जी हां! पराग से शेफाली ने दूसरी शादी की थी। उनकी पहली शादी मीत ब्रदर्स की जोड़ी के हरमीत सिंह से हुई थी। जब शेफाली 'कांटा लगा' गाने से मशहूर हुई थीं, उसी के कुछ समय बाद उनकी लाइफ में हरमीत की एंट्री हुई थी, कुछ समय तक एक दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने साल 2004 में एक दूसरे से शादी कर ली थी। मगर उनकी शादी ज्यादा लंबी नहीं चल पाई और 2009 में उन्होंने तलाक ले लिया। इस रिश्ते के खत्म होने के बाद शेफाली भी टूट गई थीं और उन्हें नहीं लगा था कि वो दोबारा किसी से प्यार कर पाएंगी। फिर एक बार अपने किसी दोस्त की पार्टी में उनकी मुलाकात पराग से हुई। पराग जो उस वक्त टीवी इंडस्ट्री में बड़ा नाम बन चुके थे। वो 'पवित्र रिश्ता' में काम कर रहे थे और दोनों के बीच दोस्ती हो गई। पहले तो शेफाली ने खुद को पराग के प्यार में पड़ने से रोका, लेकिन पराग की केयर और अच्छे स्वभाव ने उनका दिल जीत लिया। पराग हर मुश्किल समय में शेफाली के साथ खड़े रहे और दोनों को प्यार हो गया। शेफाली के ग्लैमर और खूबसूरती का हर कोई फैन था, लेकिन पराग को उनका दिल पसंद आया। एक बार इंटरव्यू में पराग ने बताया था "शेफाली बहुत प्यारी है। जब उसका म्यूजिक वीडियो आया था, तो लोगों के मन में उसकी दूसरी छवि थी, लेकिन वो अपनी स्क्रीन इमेज से बिल्कुल अलग थी। वो एक ऐसी लड़की है जिसे कोई भी लड़का अपनी पत्नी के रूप में पाना चाहेगा। वो बहुत ख्याल रखने वाली है, और यो दिखता भी है। किसी इंसान को जज करने के लिए, आपको उसके घर में क्या हो रहा है, ये देखना होगा। वो अपने माता-पिता से प्यार करती है और एक बेटे की तरह उनकी देखभाल करती है। वो मेरे माता-पिता की भी देखभाल करती है। पराग त्यागी और शेफाली जरीवाला ने 12 अगस्त, 2014 में एक दूसरे से शादी की थी।

# जहां गणना है, वहीं निर्णय है

## जहां निर्णय है, वहीं विकास है

प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

आंकड़े केवल संख्याएं नहीं, वे समाज का जीवंत चेहरा हैं—हर अंक में छिपी है एक कहानी, हर गणना में बसता है सत्य, और हर तथ्य में बसता है भविष्य का सपना। 29 जून को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस महज एक तारीख नहीं, बल्कि एक प्रेरक आह्वान है—वह आह्वान जो तथ्यों की ताकत से भारत को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाता है। यह दिन भारत के महान सांख्यिकीविद् प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की दूरदर्शिता को सलाम करता है, जिन्होंने सांख्यिकी को केवल गणित का हिस्सा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया। 2025 की थीम, "निर्णय लेने के लिए आंकड़ों का उपयोग", हमें याद दिलाती है कि सही आंकड़े सही निर्णयों का प्राण हैं। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम अंधेरे अनुमानों को त्यागें और तथ्यों की रोशनी में एक सशक्त, समृद्ध भारत का निर्माण करें। सांख्यिकी वह जादुई चश्मा है, जो समाज की जटिलताओं को सरल बनाता है और सत्य को उजागर करता है। भारत जैसे विविधता से भरे देश में, जहां हर क्षेत्र, हर समुदाय और हर व्यक्ति की अपनी कहानी और चुनौतियां हैं, सांख्यिकी वह दिशासूचक यंत्र है, जो नीति निर्माताओं को सही रास्ता दिखाता है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएसओ) के 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण भारत में प्रति व्यक्ति मासिक खर्च 3,773 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 6,459 रुपये था। ये आंकड़े न केवल आर्थिक असमानता को दर्शाते हैं, बल्कि नीतियों को समावेशी और प्रभावी बनाने में भी मदद करते हैं। 2025 की थीम "निर्णय लेने के लिए आंकड़ों का उपयोग" इस बात पर बल देती है कि सटीक डेटा के बिना न तो "मेक इन इंडिया" जैसी महत्वाकांक्षी पहल सफल हो सकती हैं और न ही "आयुष्मान भारत" जैसी योजनाएं लाखों लोगों तक पहुंच सकती हैं। सांख्यिकी वह आधार है, जो स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण और शासन जैसे हर क्षेत्र में तथ्य-आधारित निर्णयों को संभव बनाता है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस का उद्देश्य केवल विशेषज्ञों या शोधकर्ताओं तक सीमित नहीं है। यह दिन हर नागरिक, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों को सांख्यिकी की ताकत से जोड़ने का अवसर है। 2025 की थीम हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करती है कि आंकड़े न केवल बड़े नीतिगत निर्णयों के लिए, बल्कि हमारे रोजमर्रा के जीवन में भी महत्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, कोविड-19 महामारी के दौरान सांख्यिकीय मॉडलिंग ने टीकाकरण रणनीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत ने 2021-22 में 2 बिलियन से अधिक वैक्सीन खुराकें वितरित कीं, जो सटीक डेटा और विश्लेषण के बिना असंभव था। इसी तरह, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक क्षेत्र सांख्यिकी की नींव पर खड़े हैं। विश्व बैंक के अनुसार, 2024 में वैश्विक डेटा उत्पादन 147 जेटाबाइट्स तक पहुंच गया, और यह आंकड़ा 2025 में और बढ़ने की उम्मीद है। लेकिन इस विशाल डेटा का उपयोग तभी संभव है, जब हमारे पास सांख्यिकीय साक्षरता और कुशल जनशक्ति हो।

प्रो. महालनोबिस की दूरदर्शिता ने भारत में सांख्यिकी को एक नया आयाम दिया। उनकी स्थापित भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई) आज भी वैश्विक स्तर पर शोध और विश्लेषण का एक प्रमुख केंद्र है। उनके द्वारा शुरू किया गया राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) देश की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने का मजबूत आधार प्रदान करता है। उनकी "महालनोबिस दूरी" (महालनोबिस डिस्टन्स) आज भी डेटा साइंस और मशीन लर्निंग में व्यापक रूप से उपयोग होती है, जो उनकी सोच की प्रासंगिकता को दर्शाता है। महालनोबिस का मानना था कि सांख्यिकी केवल संख्याओं का खेल नहीं, बल्कि समाज को समझने और उसका कल्याण करने का दृष्टिकोण है। उनकी यह सोच आज के डिजिटल युग में और भी प्रासंगिक हो गई है, जहां बिग डेटा और डेटा एनालिटिक्स सांख्यिकी की नींव पर फल-फूल रहे हैं। भारतीय डेटा साइंस बाजार 2025 तक 16 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, और यह सांख्यिकी की शक्ति का ही प्रमाण है। सांख्यिकी का महत्व केवल नीतियों तक सीमित नहीं है। यह समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाती है। एक किसान मौसम के आंकड़ों के आधार पर फसल की बुआई करता है, एक उद्यमी उपभोक्ता व्यवहार के डेटा के आधार पर व्यवसाय बढ़ाता है, और एक छात्र डेटा विश्लेषण के जरिए भविष्य की तकनीकों को समझता है। 2025 की थीम हमें यह सिखाती है कि सही आंकड़े सही समय पर सही निर्णय लेने की कुंजी हैं। लेकिन इसके लिए सांख्यिकीय साक्षरता जरूरी है। भारत में सांख्यिकी शिक्षा को बढ़ावा देना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमें अफवाहों और भावनात्मक निर्णयों से बचना चाहिए और तथ्यों पर आधारित सोच को अपनाना चाहिए। एक सटीक आंकड़ा कई बार एक बड़े सामाजिक परिवर्तन की नींव बन सकता है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक आंदोलन है। सत्य की खोज, तथ्यों पर आधारित निर्णय और एक समृद्ध भारत के निर्माण का आंदोलन। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम सांख्यिकी को न केवल एक विषय के रूप में देखें, बल्कि इसे समाज के हर क्षेत्र में लागू करें।

# छोटे दलों की तिकडी बिहार में बगेगी चुनौती




बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए माहौल पूरी तरह बन चुका है। इस बार के चुनाव में जेडीयू-बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए और राजद-कांग्रेस की अगुवाई वाले महागठबंधन के बीच जोरदार मुकाबला तय माना जा रहा है लेकिन इस चुनावी समर में छोटे राजनीतिक दलों की भी भूमिका अहम है। इन राजनीतिक दलों में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और चुनाव रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर की पार्टी जान सुराज पार्टी भी शामिल है। जैसे-जैसे बिहार विधानसभा चुनाव की ओर बढ़ रहा है, बड़े राजनीतिक दलों के अलावा इन छोटे दलों के प्रदर्शन को लेकर भी बात होने लगी है। हमें यहां पर 2020 के विधानसभा चुनाव के नतीजों को भी देखना होगा।

उस विधानसभा चुनाव में 11 सीटों पर 1 हजार वोटों से भी कम और 26 सीटों पर एक से ढाई प्रतिशत के अंतर से हार-जीत का फैसला हुआ था। पिछले विधानसभा चुनाव में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर), लोक जनशक्ति पार्टी, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी), उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा, एआईएमआईएम और पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी ने भी कुछ सीटों पर चुनाव लड़ा और इससे चुनाव मुकाबले पर भी असर पड़ा। छोटे राजनीतिक दलों में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) तेजी से उभर रही है।

2024 के लोकसभा चुनाव में इसका प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। दलित समुदाय से आने वाले चिराग पासवान वैशाली, जमुई, खगड़िया, समस्तीपुर और बेगूसराय की लोकसभा सीटों में पासवान जाति के लोगों के बीच जाना-पहचाना चेहरा हैं। बिहार के दलित समुदाय में पासवान जाति की आबादी 5.31 प्रतिशत है। चिराग पासवान का नारा 'बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट' का है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी भी दलित समुदाय से आते हैं और एनडीए के लिए चुनाव में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। मांझी का दलित समुदाय की मुसहर जाति के बीच प्रभाव है।

दलित समुदाय में इस जाति की आबादी 3.08% है। इसी तरह निषाद जाति के नेता और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी भी कुछ जगहों पर असर रखती है। मल्लाह जाति के मतदाता दरभंगा, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, सीतामढ़ी और मधुबनी में नदी के किनारे वाले इलाकों में अच्छी संख्या में हैं। सहनी इस बार निषाद, केवट और मल्लाह समाज में आने वाली अन्य जातियों को साथ लेकर महागठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बिहार की राजनीति में एक बड़ी चर्चा प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की भी है। 2024 में बिहार में चार सीटों पर उपचुनाव हुए और इसमें पार्टी को लगभग 10% वोट मिले।

एक सीट इमामगंज में इसे 20% तक वोट मिले। प्रशांत किशोर ने 'बिहार बदलाव यात्रा' के जरिए पूरे राज्य का दौरा किया है और वह लगातार लोगों से मिल रहे हैं। अपने भाषणों में प्रशांत किशोर बिहार की राजनीतिक व्यवस्था को बदलने की अपील करते हैं। इसके अलावा असदुद्दीन ओवैसी की अगुवाई वाली पार्टी ने पहली बार बिहार में 2020 में चुनाव लड़ा और पांच सीटें जीती।

इनमें से अधिकतर सीटें मुस्लिम समुदाय की बड़ी आबादी वाले सीमांचल क्षेत्र में थीं। एआईएमआईएम का किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार में प्रभाव है और इससे आरजेडी को मुस्लिम वोटर्स के मामले में चुनौती मिल रही है। बीजेपी यहां "घुसपैठियों" के खिलाफ अभियान चला रही है।

सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी (लोकतांत्रिक) का पूर्णिया, मधेपुरा, सुपौल, अररिया, कटिहार और किशनगंज के कुछ हिस्सों में असर है तो पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) की काराकाट, बक्सर, नालंदा और जहानाबाद में कुशवाह/कोइरी मतदाताओं (राज्य की आबादी का 4.27 प्रतिशत) के बीच मौजूदगी बरकरार है। यह भी एनडीए की प्रमुख सहयोगी है। देखना होगा कि यह तमाम छोटे राजनीतिक दल क्या बिहार के चुनाव में किंग मेकर बनेंगे?

# क्या तेजस्वी का 'तेज' मिटाने निकल पड़े तेजप्रताप?

कई किरदारों के साथ जिंदगी को जीने वाले तेजप्रताप यादव अब जिस नए किरदार में आने वाले हैं, उससे राजद के रणनीतिकारों की नींद उड़ गई है। क्या जिस शिक्षा को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार ट्रोल हो रहे हैं, यह उसके विरुद्ध तेजप्रताप यादव की अगली मुहिम तो नहीं? यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण बन गया है कि बीजेपी के कुछ कद्दावर नेता तेजप्रताप के पक्ष में कसीदे गढ़ने लगे हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव के विरुद्ध तेजप्रताप यादव का महिमामंडन कहीं बीजेपी की सोची समझी राजनीति का तो हिस्सा तो नहीं?






तेजप्रताप अपने कई किरदारों के कारण अक्सर चर्चा में रहते हैं। कभी घुड़सवार तो कभी बाइकर बन युवाओं के बीच चर्चित होते तेज प्रताप का जीने का अपना एक अलग अंदाज रहा है। राजनीति में भी आए तो राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के फोटो कॉपी की तरह। उनके संबोधन में राजद सुप्रीमो की तरह हलका फुल्का हास्यरस तो रहता ही है, पर भड़के तो एंग्री मैन बनते भी देर नहीं लगते। वह मंच हो या सदन बाहें फड़कने लगती हैं और जुबान बेकाबू।

संन्यासी की भूमिका में आए तो वही धैर्य। भेष पकड़ा तो कभी कृष्ण बन गए तो कभी बाबा भोला बन गए। अपने इस स्वरूप से राजनीतिक जगत में सबसे ज्यादा चर्चित भी होते रहे। गाहे बगाहे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की राजनीति का संवाहक तेजप्रताप ही माने जाते रहे। वहीं तेजस्वी यादव को थोड़ा रिफाइंड नेता के रूप देखा जाता है। तेजस्वी से ज्यादा सुलभ होते तेजप्रताप यादव अब राजनीति के उस ऊंची उड़ान की तरफ बढ़ चले हैं, जहां तेजस्वी की तरह शिक्षा को लेकर ट्रोल होना न पड़े। राजद की जमीनी राजनीति से दरकिनार किए गए तेजप्रताप अब हवाओं में लहराने का फैसला करते आकाश से बात करेंगे। तकनीकी शिक्षा में एक मुकाम पाकर सामाजिक न्याय की राजनीति के लिए अपने पिता लालू यादव की तरह एक पढ़े लिखे नेता के रूप में बतौर एक विकल्प बनकर राजनीति की नई पारी खेलेंगे।

दरअसल, तेजप्रताप अब कमर्शियल पायलट बनने की राह पर कदम बढ़ा चुके हैं। हाल ही में उड्डयन प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से जारी सूची में तेजप्रताप यादव का नाम भी उन सौभाग्यशाली 18 चयनित अभ्यर्थियों में शामिल है, जिन्होंने वाणिज्य विमान चालक प्रशिक्षण के लिए पात्रता प्राप्त की है।

### बीजेपी की मंशा क्या?

यह कोई पहली बार नहीं बल्कि, राजनीति के जानकारों की माने तो बीजेपी एक तयशुदा रणनीति के तहत यह बताने में लगा है कि लालू प्रसाद के रियल राजनीतिक की झलक तेज प्रताप में मिलती है।

हाल ही में बिहार सरकार के मंत्री मंत्री नीरज कुमार बबलू ने तेज प्रताप यादव को बहुमुखी प्रतिभा वाला राजनेता बताया है। तेज प्रताप को लालू परिवार का सबसे टैलेंटेड सदस्य बताया। साथ ही यह भी कहा कि तेज प्रताप के साथ उनके परिवार में नाइंसाफी हुई है।

यह बीजेपी की राजनीतिक मुहिम लगती है। एक कहावत है घर फूटे गवांर लूटे। बीजेपी इसी राह पर चल रही है। तेजप्रताप को लेकर मंत्री नीरज बबलू ने जो भी कसीदे पढ़े हैं उसकी मंशा राजद के भीतर ही नेतृत्व पैदा करना है। भाजपा की नीति वैसे भी वोट विभाजन कर आपने लिए जीत सुनिश्चित करना। लेकिन जिस बात को लेकर बीजेपी तेज प्रताप का पक्ष ले रही है उसमें सत्यता भी है। इसमें कोई शक नहीं कि तेज प्रताप में लालू यादव की राजनीति का स्पार्क तो है। बस, इसी बात को राजद समर्थकों के बीच बीजेपी एक रणनीति के तहत परोसना चाहती है।

# इस पेड़ से है भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणि का नाता



यूपी के संभल जनपद में श्रीवंश गोपाल धाम मंदिर स्थापित है। इस मंदिर की स्थापना श्री कृष्ण भगवान ने की थी। इस मंदिर के अंदर जो कदम का वृक्ष है वह 5,244 साल पुराना है। पुजारी के मुताबिक इस वृक्ष की परिक्रमा करने से मनोकामना पूरी होती है। इस वृक्ष के नीचे ही श्रीकृष्ण, रुक्मणी का हरण कर ठहरे थे। दूर-दूर तक इस वृक्ष की मान्यता है। लोग यहां पर परिक्रमा कर अपनी अपनी मनोकामना मांगते हैं और भक्तों की मनोकामना यहां पूरी भी होती है।

**वंश गोपाल तीर्थ मंदिर में है वृक्ष**

मंदिर के पुजारी स्वामी भगवत प्रेरिय ने बताया की संभल के बेनीपुर कमलपुर गांव में वंश गोपाल तीर्थ मंदिर स्थित है। यहां पर एक कदम का पेड़ मौजूद है। यहां श्री कृष्ण, रुक्मणी का हरण करके आए थे और इसी पेड़ के नीचे रुके थे। यहां पर मौजूद यह कदम का वृक्ष 5244 वर्ष पुराना है।

**यह थी पूरी कहानी**

उन्होंने बताया कि कृष्ण भगवान, शिव जी के साथ में युद्ध करने गए थे, तो स्वर्ग में रुके थे। फिर कृष्ण भगवान सत्यभामा को लेकर गए थे। तो सत्यभामा ने कहा था कि मेरे को कदम का पेड़ चाहिए या पारिजात का पुष्प चाहिए। उस समय कृष्ण भगवान यहां पर कदम का वृक्ष ले आए थे और इंद्र को वचन दिया था कि जहां-जहां कदम का पेड़ होगा। वहां पर मैं निवास करूंगा। संभल में मौजूद इस मंदिर में जो कदम का पेड़ है इसी पेड़ के नीचे भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी का हरण करके लेकर आए थे और इसी पेड़ के नीचे उन्होंने विश्राम किया था।

**भागवत के द्वादश स्कंद में भी है जिक्र**

यह भागवत जी में द्वादश स्कन्द के दूसरे अध्याय में लिखा हुआ है कि रुक्मणी को लेकर भगवान श्री कृष्ण, संभल के इस गांव में आए थे।

इसके साथ ही यह मंदिर स्कंद पुराण में गोपाल मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। यहां पर मौजूद कदम के वृक्ष पर संकल्प लेकर चारों ओर परिक्रमा करने से संतान प्राप्ति से लेकर नौकरी व्यापार सहित सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। दूर-दूर से लोग इस मंदिर में अपनी मनोकामना लेकर आते हैं और इसी कदम के वृक्ष के चारों ओर परिक्रमा कर अपनी मनोकामना मांगते हैं और भक्तों की मनोकामना यहां पर पूरी होती है।

# स्वर्ग से आया है ये फूल! बेडरूम में रख दो पति-पत्नी रहेंगे खुश



सिर्फ गर्मी में खिलने वाला माधुकामिनी का फूल बेजोड़ है। मान्यता है कि स्वर्ग से धरती पर तीन फूल आए थे। इसमें अपराजिता, पारिजात और मधुकामिनी के नाम शामिल हैं। मधुकामिनी की महक जितनी कमाल है, उससे कहीं ज्यादा लाभप्रद इसका पौधा और पत्तियां हैं। आयुर्वेद में मधुकामिनी के कई चमत्कारिक गुण बताए गए हैं। आप भी जानें।

मधुकामिनी एक सदाबहार पौधा है। इसका वनस्पति नाम मुराया पैनीकुलेटम है। अन्य राज्यों में इस वेंगारा, नागा गोलुंग, कामिनी कुसुम, मारामुला आदि नामों से भी जानते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, मधुकामिनी के फूलों को बेडरूम में रखने से दाम्पत्य जीवन सुखी रहता है। घर आंगन को खुशियों से भर देता है।

आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ। संतोष मौर्य ने बताया कि आयुर्वेद में मधुकामिनी को रक्त परिसंचरण को सक्रिय करने में, ड्रॉप्सी, डायरिया, पेचिश, दंत रोग व सूजन के उपचार आदि में प्रयोग किया जाता है। इसके फूलों की सौंधी महक मानसिक तनाव भी दूर करने में कारगर मानी गई है।

गर्मी के दिनों में मधुकामिनी के पौधे पर सफेद रंग के खुशबूदार फूल खिलते हैं। इन फूलों को घर की साज-सज्जा, पूजा के साथ औषधि के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। इसके मात्र 2-3 पत्तों को उबाल कर पीने से श्वास रोग संबंधित बीमारियों में फायदा मिलता है। गला भी साफ होता है।

मधुकामिनी दिन-रात खुशबू से महकने वाला पौधा है। यह झाड़ीनुमा होता है। ऊंचाई 5-15 फीट तक होती है। नारंगी यानी संतरा जैसी सुगंध आने के कारण इसको ऑरेंज जैस्मीन नाम से भी जाना जाता है। इसे आप घर की बालकनी या गार्डन में भी लगा सकते हैं।

घर में मधुकामिनी का पौधा लगाने पर 5 साल से भी अधिक समय तक इस पर फूल खिलते हैं। फूलों की महक के लिए इसे अपने घर की बालकनी में लगाना बहुत ही आसान है। इस प्लांट को सबसे अच्छे इनडोर और आउटडोर पौधों में से भी एक माना जाता है।

# शिवलिंग पर चढ़ा प्रसाद खाना चाहिए या नहीं ?

भगवान शिव का प्रिय मास सावन का शुभारंभ होने वाला है। सावन में भगवान शिव के पूजन का विशेष महत्व है। वैसे तो भगवान शंकर जल और बेलपत्र से ही प्रसन्न हो जाते हैं। लेकिन महादेव के भक्त अपनी क्षमता के अनुसार कई चीजें शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, फल समेत अन्य पूजन सामग्री चढ़ाने की परंपरा है। लोग शिवलिंग पर प्रसाद चढ़ाने के बाद उसमें से कुछ प्रसाद लेकर खा लेते हैं। वे सोचते हैं कि शिवलिंग का प्रसाद खाने से शिव कृपा प्राप्त होगी और दुख दूर हो जाएंगे। शिवलिंग पर चढ़ाया गया प्रसाद खाना चाहिए या नहीं? आइए जानते हैं कि शिव पुराण में इसका क्या जवाब है।

**शिवलिंग पर चढ़ा प्रसाद खाना चाहिए या नहीं?**

शिव पुराण में मंत्र है "लिंगस्योपरि दत्तं यत, नैवेद्यं भूतभावनम तद् भुक्त्वा चण्डिकेशस्य, गणस्य च भवेतपदम" इस मंत्र के अनुसार शिवलिंग पर चढ़ाया गया प्रसाद भूत-प्रेत के स्वामी चण्डेश्वर को अर्पित होता है और उसे ग्रहण करने से व्यक्ति चण्डेश्वर के पद को प्राप्त कर लेता है। इसका अर्थ है कि वह भूत-प्रेत के प्रभाव में आ सकता है या उसका नकारात्मक असर देखने को मिल सकता है।



शिव पुराण की पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान शिव के मुख से चण्डेश्वर नामक गण प्रकट हुए थे। चण्डेश्वर को भूत-प्रेतों और गणों का प्रधान माना जाता है। इस कारण शिवलिंग पर चढ़ाया गया प्रसाद चण्डेश्वर का हिस्सा माना जाता है।

धार्मिक मान्यता है कि शिवलिंग पर अर्पित भोग चण्डेश्वर को समर्पित हो जाता है और इसे ग्रहण करना भूत-प्रेतों का भोजन खाने के समान है। इसलिए शिवलिंग पर चढ़ा प्रसाद खाने की मनाही है। ऐसा करने से व्यक्ति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और उसे दोष लग सकता है।

**खा सकते हैं ऐसे शिवलिंग पर चढ़ा प्रसाद**

हालांकि, कुछ विशेष परिस्थितियों में प्रसाद ग्रहण करने की अनुमति है। यदि शिवलिंग धातु या पारद यानि पारे से बना हो, तो उस पर चढ़ाया गया भोग प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जा सकता है। शिव पुराण के अनुसार, इस तरह के प्रसाद से कोई दोष नहीं लगता। जिस शिवलिंग का निर्माण पत्थर, मिट्टी और चीनी मिट्टी से होता है। उन पर चढ़े प्रसाद को ग्रहण नहीं करना चाहिए।

वहीं, धातु से बने शिवलिंग या फिर पारद पर चढ़ाए गए प्रसाद पर चण्डेश्वर का अंश नहीं होता है, इन शिवलिंग पर चढ़े प्रसाद को ग्रहण करने से कोई दोष नहीं लगता है।

**शिव मूर्ति पर चढ़ाया गया प्रसाद**

इसके अलावा, भगवान शिव की मूर्ति पर चढ़ाए गए भोग को ग्रहण करना शुभ माना जाता है। ऐसा प्रसाद खाने से कई पापों का नाश होता है और भक्त को भोलेनाथ की कृपा प्राप्त होती है।

**शिवलिंग के प्रसाद का क्या करें?**

शिवलिंग का प्रसाद भक्तों को ग्रहण करने की जगह इसे जलाशयों में प्रवाहित या पशुओं को खिला देना चाहिए।

# किचन में ये 5 चीजें रखी हैं तो तुरंत हटा दें

किचन का वास्तुदोष न केवल परिवार के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि इससे घर में धन की कमी, मानसिक तनाव, पारिवारिक कलह और रोग भी उत्पन्न हो सकते हैं। वास्तुशास्त्र के अनुसार किचन में रखी हुई वस्तुएं भी वास्तु दोष का एक प्रमुख कारण मानी जाती हैं। अगर आपके किचन में वास्तुदोष होगा तो इससे आपके घर की सुख-शांति बाधित होती है। परिवार के लोगों की तरक्की रुक जाती है।

अगर आपके घर की किचन में प्रयोग में न आने वाली वस्तुएं, टूटे फूटे, बर्तन या फिर फालतू सामान रखा होता है तो यह नकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बढ़ाता है और किचन में वास्तुदोष पैदा करता है।




आज हम आपको बता रहे हैं ऐसी चीजों के बारे, जिनको अगर आपने किचन में रखा है तो तुरंत हटा दें। वरना आपके हाथ में पैसा कभी नहीं रुकेगा। देखें कौन सी हैं ये चीजें जिन्हें तुरंत किचन में से हटा देना चाहिए।

**जले या टूटे हुए बर्तन** – धन हानि और अशांति का कारण

यदि आपके किचन में जले हुए तवे, फूटा पतीला या चटकी हुई हांडी पड़ी है, तो यह न केवल सौंदर्यहीनता को बढ़ाता है, बल्कि वास्तु शास्त्र के अनुसार यह दरिद्रता का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसे बर्तनों का रसोई में होना घर में नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाता है और धन का प्रवाह रुक सकता है। साथ ही, यह मानसिक तनाव, अनचाहे झगड़े और पारिवारिक अशांति का कारण बन सकता है। इन्हें तुरंत बाहर निकालना ही श्रेष्ठ होता है।

**बासी तेल या बार-बार उपयोग किया गया तेल** – नकारात्मक ऊर्जा का स्रोत

रसोई में कई बार पुराने या पहले से इस्तेमाल किए हुए जूठे तेल का फिर से उपयोग किया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए तो हानिकारक होता ही है, साथ ही यह वास्तु के अनुसार भी नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करता है। ऐसा तेल पाचन तंत्र को प्रभावित करता है, घर के वातावरण में बेचैनी लाता है, और देवी लक्ष्मी की कृपा को रोक देता है। इससे धन संबंधित कार्यों में रुकावट और खर्चों में वृद्धि देखी जाती है।

**पुराने मसाले, सड़ा अनाज** – रुके हुए धन का संकेत

किचन में यदि वर्षों से जमा फालतू मसाले, सड़ी दालें या एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री रखी हो, तो यह घर की ऊर्जा को बासी और रुकी हुई बना देती है। वास्तु के अनुसार यह अभाव और धन की रुकावट का कारण बनता है। ऐसे सामान के कारण न केवल खर्चे अनियंत्रित होते हैं बल्कि इनसे आने वाले कीड़े-मकोड़े और गंध भी नकारात्मकता को जन्म देती हैं। अतः समय-समय पर रसोई की छंटनी करना आवश्यक है।

**झाड़ू-पोछे की चीजें किचन में** – लक्ष्मी का अपमान

किचन में सफाई से संबंधित वस्तुएं जैसे झाड़ू या गंदे पोछे रखना बहुत बड़ा वास्तु दोष माना जाता है। रसोई मां अन्नपूर्णा का स्थान होती है और इसे अत्यंत पवित्र माना गया है। झाड़ू को देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है, और इसका अपमान सीधे-सीधे धन की हानि और गरीबी का संकेत माना जाता है। इसलिए इन वस्तुओं को किचन से दूर रखें और रसोई को स्वच्छ एवं पवित्र बनाए रखें।

**दवाइयां, बिल, कागजात** – अशुद्ध ऊर्जा का कारणरसोई में बिल, दवाइयां, दस्तावेज या राशन कार्ड जैसे गैर-खाद्य पदार्थों को रखना न केवल अव्यवस्था को बढ़ाता है, बल्कि भोजन की ऊर्जा को भी दूषित करता है। यह वास्तु के अनुसार अशुभ माना गया है और इससे घर में रोग, मानसिक तनाव, और आर्थिक तंगी बनी रहती है। किचन केवल सात्विक भोजन, शुद्ध ऊर्जा और प्रेम से जुड़ा स्थान होना चाहिए, इसलिए इसमें केवल खानपान से संबंधित चीजें ही रखें।

# जगन्नाथ मंदिर की तीसरी सीढ़ी का रहस्य

## क्यों नहीं रखते यहां कोई भी भक्त अपना पैर?

भगवान जगन्नाथ को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। इनकी पूजा उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ होती है। पुरी का जगन्नाथ मंदिर चार धामों में से एक माना गया है और यहां दर्शन करने मात्र से भक्तों को पापों से मुक्ति मिलने की मान्यता है।

इस मंदिर में कुल 22 सीढ़ियां हैं, लेकिन इनमें से एक – नीचे से तीसरी सीढ़ी – को लेकर अलग ही नियम है। भक्त इस पर पैर नहीं रखते और इसे पूरी श्रद्धा के साथ पार करते हैं। इस सीढ़ी को "यम शिला" कहा जाता है।

**यमराज और तीसरी सीढ़ी का संबंध**

पुरानी कथा के अनुसार, एक बार यमराज भगवान जगन्नाथ से मिलने पुरी आए। उन्होंने कहा कि इस मंदिर में दर्शन करने के बाद कोई भी व्यक्ति यमलोक नहीं आता, क्योंकि उसके सारे पाप धुल जाते हैं। यह बात सुनकर भगवान जगन्नाथ मुस्कुराए और बोले, "यदि ऐसा है तो इस मंदिर की तीसरी सीढ़ी को तुम्हारा स्थान माना जाए।" भगवान ने तय किया कि दर्शन के बाद जो भक्त इस सीढ़ी पर पैर रखेगा, उसके पाप तो जरूर मिट जाएंगे, लेकिन उसे यमलोक जाना ही होगा। तभी से यह तीसरी सीढ़ी यमराज की प्रतीक बन गई और इसे यम शिला कहा जाने लगा।

**क्यों है मनाही?**

इस मान्यता के कारण मंदिर में यह नियम बना कि भगवान के दर्शन के बाद कोई भी व्यक्ति इस तीसरी सीढ़ी पर पैर न रखे। यह नियम न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि एक तरह की चेतावनी भी है। तीसरी सीढ़ी को सम्मान देना, यमराज को सम्मान देने के बराबर माना जाता है। भक्त इसे पूरी गंभीरता से मानते हैं और इसे पार करते समय सावधानी बरतते हैं।



**मंदिर में धड़क रहा है भगवान का हृदय**

कहा जाता है कि जब श्रीकृष्ण ने पृथ्वी पर अपने देह का अंत किया, तो उनका पूरा शरीर पांच तत्वों में विलीन हो गया था। लेकिन उनका हृदय बच गया। मान्यता है कि यही हृदय लकड़ी से बनी श्रीकृष्ण की मूर्ति में आज भी सुरक्षित है और धीरे-धीरे धड़कता भी है। हर 12 साल में इस मूर्ति को बदला जाता है, लेकिन अंदर रखा हुआ 'रहस्यमयी तत्व' कभी नहीं बदला जाता।

**लहरों की आवाज क्यों हो जाती है बंद?**

मंदिर के मुख्य द्वार यानी सिंहद्वार के बाहर खड़े होकर समुद्र की लहरों की आवाजें साफ-साफ सुनाई देती हैं। लेकिन जैसे ही आप मंदिर के अंदर प्रवेश करते हैं, लहरों की वह आवाज अचानक गायब हो जाती है। यह कोई भ्रम नहीं, बल्कि ऐसा हर किसी के साथ होता है। आज तक कोई यह नहीं समझ पाया कि आखिर ऐसा क्यों होता है।

**हवा के विपरीत झंडा और 18 साल का डर**

मंदिर के शिखर पर जो झंडा लहराता है, वह हमेशा हवा के उलट दिशा में उड़ता है। यह प्राकृतिक नियमों को चुनौती देता है। एक मान्यता यह भी है कि अगर किसी दिन मंदिर का झंडा नहीं बदला गया, तो मंदिर 18 साल के लिए बंद हो जाएगा। ऐसा माना जाता है कि पुराना झंडा नकारात्मक ऊर्जा को अपनी ओर खींच लेता है, इसलिए रोज़ उसे बदला जाता है।

**रसोई में उल्टा क्रम**

जगन्नाथ मंदिर की रसोई दुनिया की सबसे बड़ी रसोइयों में गिनी जाती है। यहां सात मिट्टी के बर्तनों में एक के ऊपर एक रखकर खाना पकाया जाता है। पर आश्चर्य की बात यह है कि सबसे ऊपर रखा हुआ बर्तन सबसे पहले पकता है, फिर उसके नीचे वाले, और अंत में सबसे नीचे रखा बर्तन पकता है। यह नियम हर रोज चलता है और इसे आज तक कोई समझ नहीं पाया।

**सुदर्शन चक्र और अदृश्य छाया**

मंदिर के ऊपर सुदर्शन चक्र स्थापित है जिसे किसी भी दिशा से देखें, ऐसा लगेगा कि वह आपकी ओर ही देख रहा है। यह चक्र हर कोण से एक जैसा दिखता है। इसी तरह एक और रहस्य है मंदिर के शिखर की छाया। इतनी ऊंचाई के बावजूद मंदिर की छाया जमीन पर कहीं दिखाई नहीं देती। यह बात विज्ञान को भी हैरान कर देती है।

# छिपकली का गिरना कब शुभ और कब अशुभ?

हमारे जीवन में आस पास होने वाली छोटी मोटी एक्टिविटी कई बार भविष्य का संकेत करती है। हालांकि इसे जानना और समझ पाना हर किसी के बस में नहीं होता है।इसके बलिये ज्योतिष के अंतर्गत पूरा विज्ञान है। जिसका विस्तृत वर्णन शकुन शास्त्र में है।शकुन शास्त्र में मानव जीवन के आस पास रहने वाले पशु-पक्षियों के एक्टिविटी के जरिए भविष्य के कुछ संकेतो के बारे में बताया गया है।

**इस संकेत पर क्या कहता है शास्त्र**



आम तौर पर वे जानकार जो घर में रहते है या जिनका सीधा संबंध मनुष्य से होता है। छिपकली भी उनमें से एक है।आज कल घर में छिपकली का आना आम बात है।लेकिन इस छिपकली की कुछ एक्टिविटी शुभ और अशुभ होने का सूचना देती है।

**ऑफत का मिलता है संदेश**

बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के धर्म विद्या विज्ञान संकाय के ज्योतिष विभाग के प्रोफेसर पंडित विनय पांडेय ने बताया कि छिपकली का मानव शरीर पर कूदना या गिरना कई बार शुभ संदेश देता है और कई बार इससे मनुष्य के जीवन में आने वाली ऑफत का पता चलता है।

**इस अंगों पर गिरना बेहद अनिष्टकारी**

मनुष्य के शरीर के दाएं बाजू पर छिपकली का गिरना किसी संकट का सूचक होता है।इससे मनुष्य को धन की हानि हो सकती है। वहीं यदि मनुष्य के नासिका यानी नाक पर छिपकली गिरती है तो इससे मनुष्य को रोग,व्याधि और शारिरिक कष्ट होता है। जो धन नाश का कारण भी बनता है।

**सिर्फ कूदने या गिरने का होता है फल**

हालांकि ये सिर्फ छिपकली के मानव शरीर पर गिरने या कूदने से होता है। यदि कोई व्यक्ति सोया है और तब छिपकली रेंगते या दौड़ते हुए मनुष्य के बाजू पर चढ़ती है तो इसका कोई शुभ अशुभ फल नहीं होता है।

# मुझे लोकप्रियता से फर्क नहीं पड़ता : अपूर्वा मखीजा



पिछले दिनों 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर विवादों में रही अपूर्वा मखीजा ने अपने आगे के प्लान के संबंध में बताते हुए मुंबई छोड़ने को लेकर बात की। अपूर्वा ने कहा, "मैं बाहर जाना चाहती हूं। मुझे ऐसा लगता है मुंबई में कितना आसान है सब कुछ । अगर मुझे किसी डायरैक्टर से मीटिंग करनी है, तो मुझे 15 फोन कॉल लगेंगे, लेकिन मीटिंग हो जाएगी या किसी बड़ी दीवाली पार्टी में मिल जाएंगे। यह बहुत आसान है और इसमें आगे बढ़ने की कोई गुंजाइश नहीं है ।

अपूर्वा ने कहा, मुझे लोकप्रियता से कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं अपने खुद के मौके पाने के लिए उत्साहित थी । खासकर अपने नए शो के लिए लेकिन जब यह आया, तो मुझे कुछ खास महसूस नहीं हुआ। पहले मुझे लगता है। यह चीज करनी है, फिर जब मैं इसे करती हूं और यह होता है, तो मुझे इससे बहुत कम महसूस होता है । खाली करना पड़ा घर अपूर्वा ने 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के विवाद को लेकर एक खुलासा किया है। उसने बताया कि कैसे पुलिस उसे बुलाने आई थी और उसके बाद मकान मालिक ने उसे घर खाली करने के लिए कह दिया था ।

उसने कहा, "क्योंकि पुलिस मेरे घर पर नोटिस चिपकाने और मुझे सम्मन करने के लिए आई थी, बिल्डिंग मैनेजमैंट ने शिकायत दर्ज कराई कि - पुलिस इस बिल्डिंग में आ रही है, यह गलत है, इसलिए हम बैचलर (कुंवारे) लोगों को परमिशन नहीं देते, इसलिए हम सिंगल मन को किराए पर नहीं देते हैं । इसीलिए लैंडलॉर्ड (मालिक) ने मुझे जाने के लिए कहा। मैं उस घर में सिर्फ एक साल तक रही।

### रेप तक की मिल रही थी धमकी इसी साल

अप्रैल महीने में विवाद के बाद अपूर्वा ने अपने एक ब्लॉग में बताया था कि वह अपने घर वापस नहीं जा सकी क्योंकि लोगों को पता था कि वह कहां रह रही है और वे उसे धमकियां भेज रहे थे और उसे डर था कि उस पर हमला न हो जाए।

उस समय उसने कहा था, "मैंने अपने मैसेज पढ़ने शुरू किए और वे सभी इस बात के साफ संकेत थे कि मेरा रेप करना चाहते हैं, एसिड फैंकना चाहते हैं। अपूर्वा इस समय रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' की कंटेस्टेंट है। उसने शो में पहले 'गद्दार' (राज कुंद्रा को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई थी। अगले एपिसोड में उसका उर्फी जावेद के साथ टकराव हुआ । उनके बीच ऑफ कैमरा भी काफी बहस हुई थी।

# अच्छा दिखने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है : सौंदर्या शर्मा



फिल्म 'हाऊसफुल- 5' में धमाल मचाने के बाद आई. एम.डी.बी. पॉपुलर इंडियन सेलीब्रिटीज में नंबर वन पर अपनी जगह पक्की करने वाली सौंदर्या शर्मा अभिनेत्री के साथ ही दांतों की डॉक्टर हैं। अपनी खूबसूरती और आकर्षक उपस्थिति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाली सौंदर्या ने अपने चाहने वालों पर अपनी अलग छाप छोड़ी है।

'शर्मा जी की लड़की' टाइटल मुझे बहुत अच्छा लगा। करियर की शुरुआत तो बहुत धमाकेदार हुई और मैं आशा करती हूं कि आगे की यात्रा भी बहुत अच्छी रहेगी। रही बात सफर की तो वह मुश्किल और चुनौतीपूर्ण रहा, जैसा सभी का रहता है। सच कहूं तो बिना कुछ करे, जय जयकार नहीं होती । मेहनत करने के साथ ही अपना सब कुछ झोंक देना पड़ता है, तब कहीं जाकर ईश्वर आपकी शिद्दत से की हुई मेहनत का फल देते हैं और आप आगे बढ़ते हैं।

मैं उत्तर प्रदेश के मध्यमवर्गीय ब्राह्मण परिवार से हूं और दिल्ली में पली-बढ़ी। मध्यमवर्गीय परिवार से होने के कारण पढ़ाई की प्राथमिकता थी। एक्टिंग सीखने व डेंटल की पढ़ाई करने के लिए मैं सैन फ्रांसिस्को भी गई। मेरे माता-पिता नौकरी में हैं और मेरी बहन टीचिंग जॉब में। भाई ने एम.बी.ए. किया हुआ है। मैं इकलौती हूं, जो डॉक्टर होने के बावजूद इस इंडस्ट्री में आई । सच कहूं तो 'हाऊसफुल- 5' के सभी किरदार मजेदार हैं और सभी ने अपने किरदार बड़ी शिद्दत से निभाए हैं। अभिनय में कॉमेडी करके सबको हंसाना बहुत कठिन काम है और इसीलिए मैं चार्ली चैपलिन की फैन हूं। भविष्य में कॉमेडी वाले रोल जरूर करना चाहूंगी, पर कॉमेडी के अलावा कोई भी शैली मिले, चाहे वह रोमांटिक हो या थ्रिलर, ड्रामा हो या एक्शन, मैं सब करना चाहूंगी। मैं यहां काम ही तो करने आई हूं ।

'बिग बॉस' करने के बाद 'विमल' का मेरा एक ऐड आया था शाहरुख खा न , अजय देवगन और अक्षय कुमार के साथ, जो काफी चला और मुझे उससे पहचान मिली। 'हाऊसफुल- 5' के लिए मुझे ऑडिशन देना पड़ा और एक प्रक्रिया के तहत मेरा चुनाव हुआ। अक्षय और रितेश दोनों अद्भुत कलाकार होने के साथ ही उतने ही अच्छे इंसान भी हैं। अपनी पहली फिल्म में ही बेहतरीन कलाकारों के साथ काम करना सपने का हकीकत में बदलने जैसा है। संजय दत्त, नाना पाटेकर, अभिषेक बच्चन, जैकलीन सहित सभी कलाकारों से मुझे बहुत प्यार मिला ।

भविष्य में ब हु त का म

# कीर्ति सुरेश को देखते ही अचानक क्यों दौड़े फैंस?

साउथ एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें फैंस उन्हें देखते ही दौड़ते नजर आ रहे हैं। इसके बाद अभिनेत्री ने जो प्रतिक्रिया दी, उसे देख आप हैरान हो सकते हैं। आइए देखें वायरल वीडियो।

### क्या है वायरल वीडियो?

सोशल मीडिया पर एक वडियो सामने आया है, जिसमें साउथ की चर्चित अभिनेत्री कीर्ति सुरेश एयरपोर्ट पर नजर आ रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि जैसी ही एक्ट्रेस को उनके प्रशंसक देखते हैं, तो उनसे मिलने और सेल्फी लेने के लिए तेजी से दौड़ पड़ते हैं। इसमें एक फैंस पीले शर्ट में पीछे से भागता हुआ आता है, जिसे देखते ही अभिनेत्री ने उसके साथ सेल्फी लिया। हालांकि, तस्वीरें क्लिक करने के दौरान कीर्ति सुरेश उस इंसान



को सही से फोटो खींचने के बारे में बताती हैं। फिर अंततः उन्होंने खुद अपने हाथों में मोबाइल पकड़कर उस आदमी के साथे सेल्फी ली। अभिनेत्री का ये रिएक्शन तेजी से वायरल हो रहा है।

### नेटिजंस ने दिए रिएक्शंस

वीडियो के वायरल होते ही नेटिजंस की प्रतक्रियाएं आ रही हैं। एक यूजर ने कहा कि सुंदर दिख रही हैं। वहीं एक यूजर ने बोला कि वाह फैंस लोगों का इतना सम्मान करती हैं एक्ट्रेस। इसके अलावा कुछ यूजर्स ने लिखा कि वो बहुत सिंपल अभिनेत्री हैं।

कीर्ति सुरेश ने कई बेहतरीन साउथ फिल्में की हैं। अभिनेत्री ने 'रिंग मास्टर', 'नेनु शैलजा', 'रजनीमुरुगन' और 'रेमो' जैसी कई फिल्मों में अभिनय कर दर्शकों का दिल जीता है। साउथ फिल्मों के अलावा कीर्ति ने फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में बुज्जी रोबोट को अपनी आवाज दी थी। इसके अलावा कीर्ति ने फिल्म 'बेबी जॉन' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था, जो एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन कलीस ने किया है।

# मैं पति के लिए करती हूं व्हाट्सएप कुकिंग : रकुल प्रीत सिंह



जैकी और मेरी पसंद-नापसंद बहुत मिलती-जुलती है। मैं शैफ के साथ व्हाट्सएप कुकिंग करती हूं। मैं उसे बताती हूं कि पहले क्या डालना है, फिर लहसुन कब डालना है, अदरक कब डालना है, सब फोन पर । मुझे पता होता है खाना कैसे बन रहा है क्योंकि मैं गाइड करती हूं, लेकिन खुद से पका नहीं सकती। तो मेरी दी गई रैसिपी उसे पसंद आती है, जो मैं इंस्टाग्राम से लेकर दे देती हूं।

रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी बॉलीवुड के सबसे लोकप्रिय जोड़ों में से एक हैं। उनकी पहली मुलाकात से पहले वे पड़ोसी थे। हालांकि, इस बात का पता दोनों को ही नहीं था। दोनों की मुलाकात लॉकडाऊन में हुई, जहां उन्हें किसी कॉमन फ्रैंड के जरिए पता चला कि वे एक-दूसरे के पड़ोसी हैं। कोरोना काल में जब उनकी मुलाकात हुई तो दोनों दोस्त बन गए। एक-दूसरे के घरों में आना-जाना बढ़ा।

धीरे-धीरे दोनों की दोस्ती गहरी होती गई। दोनों इस दौरान घर पर ही थे, तो दोस्ती प्यार में बदलनी ही थी । इस प्यार का इजहार भी जैकी ने सोशल मीडिया पर ही किया था और अंततः दोनों ने शादी कर ली ।

हाल ही में रकुल ने बताया है कि उसके पति जैकी भगनानी को क्या खाना पसंद है और वह उसके लिए कैसे खाना बनवाती है। उसने हंसते हुए कहा, जैकी और मेरी पसंद-नापसंद बहुत मिलती-जुलती है। मैं शैफ के साथ व्हाट्सएप कुकिंग करती हूं। मैं उसे बताती हूं कि पहले क्या डालना है, फिर लहसुन कब डालना है, अदरक कब डालना है, सब फोन पर । मुझे पता होता है खाना कैसे बन रहा है क्योंकि मैं गाइड करती हूं, लेकिन खुद से पका नहीं सकती। तो मेरी दी गई रैसिपी उसे पसंद आती है, जो मैं इंस्टाग्राम से लेकर दे देती हूं। हर दिन मैं हमारे माइक्रो लैवल पर कुछ न कुछ न या दिलचस्प बनाने की कोशिश करती हूं।

इसके साथ ही रकुल ने कॉर्पोरेट कर्मचारियों के लिए आसान फिटनैस मंत्र भी शेयर किया । उसने कुर्सी पर बैठे- बैठे किए जाने वाले कुछ सिंपल चेयर योग के तरीके बताए, जो लंबे ऑफिस ऑवर्स के दौरान भी अपनाए जा सकते हैं, छोटे-छोटे बदलाव जो बिजी दिन में भी आपको अच्छा महसूस करा सकते हैं।

### योग दिवस के अवसर पर मिला सम्मान

गत शनिवार को पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर केंद्र सरकार की तरफ से भी फिट इंडिया मूवमैंट के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें रकुल और उसके पति जैकी को 'फिट इंडिया कपल' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस खिताब को पाने के बाद दोनों ने प्रतिक्रिया।

इसे पाकर गर्व महसूस कर रही रकुल ने कहा, हमें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 'फिट इंडिया कपल' का पुरस्कार मिला, यह बहुत गर्व की बात है। हमें उम्मीद है कि हम लोगों को फिटनेस के बारे में प्रेरित कर सकेंगे, ताकि वे इसे अपने जीवन का हिस्सा बना सकें।

### जैकी ने 75 किलो वजन घटाया

यह सम्मान पाने के बाद उसके पति जैकी भगनानी ने कहा, केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया 'संडे ऑन साइकिल' जैसी कई पहल कर रहे हैं। यह अद्भुत लगता है और मुझे यहां सभी के साथ होने पर गर्व है ।

साथ ही जैकी ने बताया कि उसने भी अपना वजन 75 किलो कम किया है, एक समय वह 150 किलो का था ।

### रकुल का हालिया करियर

रकुल को पिछली बार फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' में देखा गया था, जिसमें अर्जुन कपूर मुख्य भूमिका में था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलैक्शन करने में नाकामयाब साबित हुई थी । उसकी आगामी फिल्मों की बात करें, तो उसे जल्द ही 'इंडियन 31 और 'दे दे प्यार दे 2' में । देखा जाएगा।

औ र

बता दें कि रकुल सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव रहती है। वह कभी अपनी फैशनेबल तस्वीरें सभी से शेयर करती है तो कभी अपने स्किन केयर के बारे में बताती है। रकुल बॉलीवुड की सबसे स्टा इ लि श अभिनेत्रियों में से एक और फिल्म 'यारियां' के । बाद से ही उसकी युवाओं के बीच अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है।

# लोग मेरे शरीर का मजाक उड़ाते थे : बनिता संधु



महिलाओं से हमेशा उम्मीद की जाती है कि उनका शरीर बिल्कुल परफैक्ट दिखे। शारीरिक बनावट को लेकर महिलाओं पर की जाने वाली टिप्पणियां और बॉडी शेमिंग पर कई अभिनेत्रियां बात कर चुकी हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में तो अभिनेत्रियों को उनकी लुक्स के लिए लगातार परखा जाता है और कई बार आलोचना तथा ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है।

बनिता संधू, जिसे 'अक्तूबर' और 'सरदार उधम' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है, ने हाल ही में अपने साथ हुई बॉडी शेमिंग की बात शेयर की। बनिता ने एक घटना को याद करते हुए कहा, 'जब मैंने एक साऊथ इंडियन फिल्म की थी, तब मुझे लोगों ने बहुत दुबली होने की वजह से बॉडी शेम किया । कुछ लोगों ने मुझे 'सूखी टहनी' जैसी कहा और कहा कि मैं इतनी दुबली हूं तो फिल्म में मेरा हीरो मुझसे कैसे आकर्षित हो सकता है। यही वह पहला मौका था, जब मैंने बॉडी शेमिंग का सामना किया।

उसने आगे कहा, यह अनुभव अजीब था, जैसे ये सब एक तरह का सपना या सिमुलेशन हो रहा हो, क्योंकि ये सब ऑनलाइन हो रहा था और एक ऐसी कल्चर से आ रहा था, जिसमें मैं पली- बढ़ी नहीं हूं, तो मुझे उतनी तकलीफ नहीं हुई । मुझे ऐसा नहीं लगा कि मुझे पर्सनली टारगेट किया गया है। मैंने बस यही समझा कि इस जगह की सुंदरता की सोच अलग है और मैंने इसे उतनी गंभीरता से नहीं लिया। मुझे नहीं लगा कि मुझे वजन बढ़ाना चाहिए। मैं वैसे ही काफी दुबली हूं लेकिन सैट पर सबसे ज्यादा खाना मैं ही खाती हूं, यह आप किसी भी प्रोड्यूसर से पूछ सकते हैं।

# शादी के बाद मैंने घर खर्च उठाया : ताहिरा कश्यप

आयुष्मान खुराना ने लंबे वक्त तक डेट करने के बाद साल 2008 में ताहिरा कश्यप से शादी की थी। दोनों खुशहाल शादीशुदा जीवन बिता रहे हैं लेकिन जब आयुष्मान मुंबई आया था तब घर का पूरा खर्च ताहिरा ही उठाती थी क्योंकि आयुष्मान काम के लिए संघर्ष कर रहा था।

ताहिरा ने अपने पुराने वक्त को याद करते हुए बताया, ₹ मैंने अपनी शादी पर कुछ पैसे खर्च किए थे। मेरे पास अपनी बचत थी लेकिन, मुंबई में मेरे पास नौकरी नहीं थी । हमारी अभी-अभी शादी हुई थी और मैं अभी भी नौकरियों के लिए आवेदन कर रही थी जबकि आयुष्मान ने वी. जे. के तौर पर अपना काम शुरू ही किया था। यह लड़का यह नहीं समझता



था कि हम खाना कैसे पा रहे हैं, हम ये सारी सब्जियां, फल कैसे खरीद रहे हैं । मेरा बैंक बैलेंस कम हो रहा था। लेकिन फिर सब कुछ बिगड़ गया क्योंकि एक साल हो गया था और मेरा बैंक बैलेंस जीरो था । 'एक दिन आयुष्मान ने पूछा कि मैं क्यों नहीं खा रही हूं। उसे नहीं पता था कि मैं दो दिनों से आम नहीं खा रही थी ताकि वह खा सके। मैं इस सवाल से काफी परेशान हो गई और रोने लगी। मैंने बताया कि मैं अपनी बचत से ही घर का सारा खर्च चला रही थी, जो अब पूरी तरह खत्म हो चुकी है। आयुष्मान ने हैरानी जताते हुए कहा कि मैंने उससे पैसे क्यों नहीं मांगे, तो मैंने बताया कि मैं खुद ऐसा नहीं कर सकती और उम्मीद है कि वह घर चलाने की जिम्मेदारी में मेरा साथ देंगे। तब आयुष्मान को एहसास हुआ कि मैं महीनों से चुपचाप बोझ उठा रही थी ।



# वॉरेन बफेट ने 6 अरब डॉलर दान किया

## गेट्स फाउंडेशन और तीन बच्चों को 1.6 करोड़ शेयर्स दिए; दो दशक में 5.13 लाख करोड़ डोनेट किया

मुंबई, 28 जून (एजेंसियां)। बर्कशायर हैथवे सीईओ व इन्वेस्टर वॉरेन बफेट (94) ने अपने फर्म के 6 अरब डॉलर (करीब 51,300 करोड़) के शेयर गेट्स फाउंडेशन और अपनी चार फैमिली चैरिटीज को दान किया है। ये उनकी अब तक की सबसे बड़ी एनुअल डोनेशन है।



हालिया डोनेशन में बफेट ने 94.3 लाख शेयर्स गेट्स फाउंडेशन को दिए। सुसान थॉम्पसन बफेट फाउंडेशन को 43,384 शेयर्स को दान किया और अपने तीन बच्चों के फाउंडेशन को 19,81,098 शेयर्स दिए।

हावॉर्ड के हावर्ड जी.फाउंडेशन को 660,366 शेयर्स

सूसी के शेयरवुड फाउंडेशन को- 660,366 शेयर्स

पीटर के नोवो फाउंडेशन को- 660,366 शेयर्स दान दिए।

**दो दशक में 5.13 लाख करोड़ दान किया**

बफेट साल 2006 से दान कर रहे हैं। मौजूदा डोनेशन को मिलाकर अब तक उनकी कुल दान की गई राशि 60 अरब डॉलर (करीब 5.13 लाख करोड़) हो गई है। वॉरेन बफेट के पास अभी भी बर्कशायर के 13.8% शेयर हैं। बफेट 1965 से नेब्रास्का के ओमाहा में बर्कशायर को लीड कर रहे हैं।

**वसीयत में बच्चों के ट्रस्ट को 99.5% संपत्ति दान की**

बफेट ने एक बयान में कहा था कि वे अपनी कंपनी बर्कशायर का कोई भी शेयर बेचना नहीं चाहते। पिछले साल उन्होंने अपनी वसीयत बदली, जिसमें उनकी मृत्यु के बाद 99.5% दौलत एक चैरिटेबल ट्रस्ट को देने का फैसला किया, जिसे उनके बच्चे देखेंगे। बफेट के तीनों बच्चों को ये संपत्ति 10 साल में बांटना होगा और मिलकर यह तय करने होगा कि पैसा कहां खर्च होगा। उनके बच्चे सूसी बफेट 71 साल, हावर्ड बफेट 70 साल और पीटर बफेट 67 साल के हैं।

**एक साल पहले एपल में अपनी आधी हिस्सेदारी बेची थी**

बफेट की कंपनी बर्कशायर हैथवे Inc ने करीब एक साल पहले एपल में अपनी करीब 50% हिस्सेदारी बेची थी। इस बिकवाली के बाद वॉरेन बफे का कैश स्टॉक बढ़कर रिकॉर्ड 276.9 बिलियन डॉलर (करीब 23.20 लाख करोड़ रुपए) हो गया था।

एक अनुमान के मुताबिक 2024 की दूसरी तिमाही में एपल में बर्कशायर का निवेश 84.2 बिलियन डॉलर (करीब 7.05 लाख करोड़ रुपए) बचा था। पहली तिमाही के अंत में बफे के पास एपल के 135.4 बिलियन डॉलर (करीब 11.34 लाख करोड़ रुपए) के शेयर्स थे।

# पिता ने मानसिक यातना दी, डिप्रेशन में रहे : गर्लफ्रेंड बोली- ऐसा लगता था इलॉन को हार्ट-अटैक आ जाएगा; 54 साल के हुए मस्क

मुंबई, 28 जून (एजेंसियां)। बात 8 मई 2021 की है। सैटरडे नाइट लाइव में इलॉन मस्क कहते हैं- जिन लोगों को मैंने ठेस पहुंचाई, मैं बस इतना कहना चाहता हूं, मैंने इलेक्ट्रिक कारों को फिर से बनाया और लोगों को रॉकेट शिप में मंगल ग्रह भेज रहा हूं। क्या आपको लगता था कि मैं ये सब करने के साथ-साथ एक शांत, सामान्य व्यक्ति भी बनूंगा? इलॉन मस्क की बायोग्राफी लिखने वाले वॉल्टर इसाकसन ने 13 अक्टूबर, 2023 को एक इंटरव्यू में कहा था- इलॉन मस्क ने एक चार्जिंग नेटवर्क बनाया और फिर अमेरिकी सरकार, फोर्ड, जनरल मोटर ने अपना नेटवर्क बनाने का फैसला किया, लेकिन उन्होंने हार मान ली क्योंकि टेस्ला का चार्जिंग नेटवर्क काम करता है। ये दो स्टेटमेंट इलॉन मस्क के व्यक्तित्व की झलक दिखाते हैं। आज इलॉन मस्क का जन्मदिन है। वे 54 साल के हो गए हैं। इस मौके पर हम उनके बचपन से लेकर कामयाब होने और उनसे जुड़े विवादों की पूरी कहानी तीन पार्ट में बता रहे हैं।

**सर्वाइवल कैंप में दो बार पीटा गया, फिर सीखा बुली से निपटना**

बात करीब 40 साल पुरानी है। 1980 के दशक में दक्षिण अफ्रीका बहुत हिंसक जगह थी। वहां मशीन गन से हमले और चाकू से हत्याएं रोज की बात थी। इलॉन मस्क उस वक्त 12 साल के थे। वो बस से एक जंगल में सर्वाइवल कैंप गए थे, जिसे वेल्डस्कूल कहते थे। वहां बच्चों को खाने और पानी का बहुत कम राशन दिया गया। मस्क को भी बाकी बच्चों की तरह वही मिला। वहां एक-दूसरे का राशन छीनने के लिए लड़ने की इजाजत थी। पहले हफ्ते में लड़कों को दो ग्रुप में बांटा गया और एक-दूसरे पर हमला करने को कहा गया। वहां हर कुछ सालों में किसी न



किसी बच्चे की मौत हो जाया करती थी। मस्क कहते हैं, यह बहुत पागलपन भरा और दिमाग हिला देने वाला था। काउंसलर इन कहानियों को याद करते हुए बोलते थे- पिछले साल मरे उस बच्चे की तरह कमजोर मत बनो। मस्क के भाई किंबल बताते हैं कि इस सर्वाइवल कैंप में बड़े बच्चे जल्दी ही छोटे बच्चों के चेहरे पर मुक्का मारकर उनका सामान छीन लेने की आदत डाल लेते थे। इलॉन मस्क छोटे थे, इसलिए उन्हें दो बार पीटा गया। कैंप खत्म होने तक उनका वजन करीब 5 किलो कम हो गया था। दूसरी बार जब इलॉन मस्क वेल्डस्कूल गए, तब वे 16 साल के थे। उनका शरीर भालू जैसे मजबूत हो चुका था। ऊंचाई करीब छह फीट थी। जूडो भी सीख लिया था। मस्क समझ गए थे कि अगर कोई उन्हें तंग करेगा, तो नाक पर जोर का मुक्का मारना है।

**बचपन के सर्वाइवल स्किल्स ने कंगाल होने से बचाया**

2008 में इलॉन मस्क अपनी दो कंपनियों, टेस्ला और स्पेसएक्स, को चलाने के लिए फंडिंग की कमी से परेशान थे। उन्होंने टेस्ला की रोडस्टर कार के लिए ग्राहकों का बुकिंग पैसा खर्च कर दिया था, और वो कार अभी तक बनकर तैयार भी नहीं हुई थी। उधर, स्पेसएक्स का रॉकेट भी अभी तक ऑर्बिट में नहीं पहुंच पाया था। 2008 की मंदी ने हालत और बिगाड़ दी।

# कनाडा के डिजिटल सर्विस टैक्स को लेकर भड़के ट्रंप, इस बात के लिए दे दिया अल्टीमेटम

नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका कनाडा के साथ व्यापार वार्ता को तुरंत बंद कर देगा. इतना ही नहीं, ट्रंप ने अगले महीने कनाडा पर नया टैरिफ लगाने की भी बात कही है. ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में अमेरिकी कंपनियों पर कनाडा के लगाए जा रहे डिजिटल सर्विस टैक्स का जिक्र करते हुए कहा कि यह अमेरिका पर 'स्पष्ट' और 'प्रत्यक्ष' हमला है. इसी के साथ ट्रंप ने कहा कि हम सात दिनों के अंदर कनाडा को अमेरिका के साथ व्यापार करने के लिए भुगतान किए जाने वाले टैरिफ के बारे में बताएंगे. बता दें कि कनाडा की सरकार ने 30 जून, 2025 को बड़ी तकनीकि कंपनियों पर डिजिटल सर्विस टैक्स लगाने का ऐलान किया था. इसके तरह, यहां की सरकार कंपनियों के साथ यूजर्स के ऑनलाइन जुड़ने पर टैक्स लगाएगी, जो तीन परसेंट तक जा सकता है. यानी कि कनाडाई यूजर्स को दी जाने वाली डिजिटल सर्विस से कंपनी को होने वाले रेवेन्यू पर टैक्स लगाया जाएगा.

इसका अमेरिकी कंपनियों पर असर पड़ेगा क्योंकि गूगल जैसी कई अमेरिकी कंपनियां हैं, जिन्हें कनाडा में बड़े पैमाने पर ऑनलाइन विज्ञापनों से रेवेन्यू मिलता है. साफ शब्दों में



ऑनलाइन सर्विस या डिजिटल कंटेंट के बदले कंपनी को होने वाले रेवेन्यू पर अब टैक्स लगेगा. इस पर कनाडा की सरकार ने तर्क दिया है कि अगर विदेशी कंपनियां कनाडा में लोगों से कमाई करती है, तो उन पर टैक्स लगाने का अधिकार भी कनाडा के पास है. इधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगाए गए टैरिफ की डेडलाइन 9 जुलाई को खत्म हो रही है. हालांकि, उन्होंने कहा है कि 9 जुलाई को टैरिफ की कोई डेडलाइन नहीं है. व्हाइट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, "हम जो चाहें कर सकते हैं. हम इसे बढ़ा सकते हैं, कम कर सकते हैं. मैं इसे छोटा करना चाहता हूं. मैं सभी को पत्र भेजना चाहता हूं कि बधाई हो आप 25 परसेंट टैरिफ का भुगतान कर रहे हैं." बता दें कि अप्रैल 2025 में विदेशों से आयात होने वाले सामानों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था. इसके बाद 90 दिनों के लिए इसे स्थगित कर दिया था.

# टॉप-10 कंपनियों में 9 की वैल्यू 2.35 लाख करोड़ बढ़ी

## रिलायंस-एयरटेल टॉप गेनर, इंफोसिस की वैल्यू 5,495 गिरी; इस हफ्ते 1651 अंक चढ़ा शेयर बाजार

मुंबई, 28 जून (एजेंसियां)। मार्केट वैल्यूएशन के लिहाज से देश की टॉप-10 कंपनियों में से 9 की वैल्यू इस हफ्ते के कारोबार में 2,34,565.53 करोड़ रुपए (2.35 लाख करोड़) बढ़ी है। इस दौरान रिलायंस टॉप गेनर रही। कंपनी का मार्केट कैप 69,557 करोड़ बढ़कर 20.52 लाख करोड़ पहुंच गया है। इस दौरान टेलीकॉम कंपनी एयरटेल की वैल्यू 51,861 करोड़ रुपए बढ़कर 11.56 लाख करोड़ हो गई है। एचडीएफसी बैंक की वैल्यू भी 37,343 करोड़, बजाज फाइनेंस की 26,038 करोड़ और आईसीआईसीआई बैंक की वैल्यू 24,650 करोड़ बढ़ी है। वहीं, इंफोसिस अकेली कंपनी रही जिसमें इस हफ्ते नेट बिकवाली देखने को मिली और इसका मार्केट कैप 5,495 करोड़ घटकर 6.68 लाख करोड़ पर आ गया है।

**मार्केट कैपिटलाइजेशन क्या होता है?**

मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, उनकी वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की कुल संख्या को उनकी कीमत से गुणा करके किया जाता है।

**इसे एक उदाहरण से समझें...**

मान लीजिए... कंपनी 'ए' के 1 करोड़ शेयर मार्केट में लोगों ने खरीद रखे हैं। अगर एक शेयर की कीमत 20 रुपए है, तो कंपनी की मार्केट वैल्यू 1 करोड़ एक्स20 यानी 20 करोड़ रुपए होगी।

**मार्केट कैप के उतार-चढ़ाव का कंपनी और निवेशकों पर क्या प्रभाव पड़ता है?**

कंपनी पर असर : बड़ा मार्केट कैप कंपनी को मार्केट से फंड जुटाने, लोन लेने या अन्य कंपनी एक्वायर करने में मदद करता है। वहीं, छोटे या कम मार्केट कैप से कंपनी की फाइनेंशियल डिसीजन लेने की क्षमता कम हो जाती है। निवेशकों पर असर : मार्केट कैप बढ़ने से निवेशकों को डायरेक्ट फायदा होता है। क्योंकि उनके शेयरों की कीमत बढ़ जाती है। वही, गिरावट से नुकसान हो सकता है, जिससे निवेशक शेयर बेचने का फैसला ले सकते हैं। उदाहरणः अगर टीसीएस का मार्केट कैप 12.43 लाख करोड़ से बढ़ता है, तो निवेशकों की संपत्ति बढ़ेगी, और कंपनी को भविष्य में निवेश के लिए ज्यादा पूंजी मिल सकती है। लेकिन अगर मार्केट कैप गिरता है तो इसका नुकसान हो सकता है।

**मार्केट कैप कैसे काम आता है?**

मार्केट कैप का इस्तेमाल कंपनियों के शेयरों को कैटेगराइज करने के लिए किया जाता है, ताकि निवेशकों को उनके रिस्क प्रोफाइल के अनुसार उन्हें चुनने में मदद मिले। जैसे लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियां। किसी कंपनी के शेयर में मुनाफा मिलेगा या नहीं इसका अनुमान कई फैक्टर्स को देख कर लगाया जाता है। इनमें से एक फैक्टर मार्केट कैप भी होता है। निवेशक मार्केट कैप को देखकर पता लगा सकते हैं कि कंपनी कितनी बड़ी है। कंपनी का मार्केट कैप जितना ज्यादा होता है, उसे उतनी ही अच्छी कंपनी माना जाता है। डिमांड और सप्लाई के अनुसार स्टॉक की कीमतें बढ़ती और घटती है। इसलिए मार्केट कैप उस कंपनी की पब्लिक पर्सीवड वैल्यू होती है।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार, 27 जून को सेंसेक्स 303 अंक चढ़कर 84,059 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 89 अंक की तेजी रही, ये 25,638 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट रही।

# भारत की जीडीपी में निजी खपत दो दशक के उच्चतम स्तर पर

## निर्यात 6 .3 प्रतिशत बढ़ा, आयात में आई गिरावट



नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)। भारत की निजी खपत में मजबूत वृद्धि देखी गई है। यह दो दशकों में देश के सकल घरेलू उत्पाद में उच्चतम हिस्सेदारी तक पहुंच गई है। वित्त मंत्रालय के नवीनतम मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी मिली। निजी खपत का मतलब है, व्यक्तिगत या घरेलू स्तर पर वस्तुओं और सेवाओं पर किया जाने वाला खर्च। यह किसी देश की अर्थव्यवस्था में वस्तुओं और सेवाओं की कुल मांग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में भारत की जीडीपी में निजी खपत की हिस्सेदारी बढ़कर 61.4 प्रतिशत हो गई। यह वित्त वर्ष 2024 में 60.2 प्रतिशत थी। यह पिछले दो दशकों में दूसरा सबसे ऊंचा स्तर है, जो उपभोग मांग में निरंतर मजबूती का संकेत देता है। निजी खपत में यह वृद्धि मुख्य रूप से स्थिर निवेश गतिविधि और शुद्ध निर्यात में बढ़तोरी से प्रेरित थी।

**निजी अंतिम उपभोग में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि**

मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 में निजी अंतिम उपभोग में 7.2 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि हुई। वहीं, वित्त वर्ष 2024 में इसमें 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। यह सुधार खासतौर से ग्रामीण मांग में उछाल से समर्थित था। निजी अंतिम उपभोग व्यय, घरों और गैर-लाभकारी संस्थाओं द्वारा वस्तुओं और सेवाओं पर किए गए कुल खर्च को दर्शाता है।

**जीएफसीएफ में 7.1 प्रतिशत का उछाल**

वहीं निवेश के मामले में सकल स्थिर पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) में वित्त वर्ष 2025 में 7.1 प्रतिशत का उछाल आया है। यह वित्त वर्ष 2024 में दर्ज 8.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में थोड़ा कम है। सकल स्थिर पूंजी निर्माण, किसी निश्चित अवधि के दौरान किसी देश में उत्पादरों द्वारा स्थायी परिसंपत्तियों ( जैसे मशीनरी, उपकरण, भवन और बुनियादी ढांचा) में किए गए शुद्ध निवेश को मापता है। जीएफसीएफ का सकल घरेलू उत्पाद में 29.9 प्रतिशत हिस्सा है, जो पिछले दो वर्षों की तुलना में कम है। हालांकि वित्त वर्ष 2016 से वित्त वर्ष 2020 के दौरान महामारी-पूर्व औसत 28.6 प्रतिसथ से अभी भी अधिक है।

**निर्यात 6.3 प्रतिशत बढ़ा**

रिपोर्ट में देश के बाहरी व्यापार में सकारात्मक बदलाव की ओर इशारा किया गया है। वित्त वर्ष 2012 के स्थिर मूल्यों पर मापा गया निर्यात वित्त वर्ष 25 में 6.3 प्रतिशत बढ़ा। यह वित्त वर्ष 2024 में 2.2 प्रतिशत की वृद्धि से उल्लेखनीय सुधार है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद यह वृद्धि भारत के निर्यात प्रदर्शन में लचीलापन दर्शाती है।

# तत्काल टिकट बुकिंग से लेकर एटीएम से पैसे निकालने तक 1 जुलाई से बदल जाएंगे 4 नियम!

नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)। जुलाई 2025 की शुरुआत के साथ कई बड़े नियम बदलने जा रहे हैं, जिनका सीधा असर आम आदमी की जेब और रोजमर्रा की ज़िंदगी पर पड़ेगा। इनमें रेलवे टिकट बुकिंग से लेकर बैंकिंग सेवाओं तक कई अहम बदलाव शामिल हैं। आइए जानते हैं कि 1 जुलाई से किन नियमों में बदलाव हो रहा है।

**ट्रेन टिकट होगा महंगा**

1 जुलाई से भारतीय रेलवे टिकट किराये में बढ़ोतरी कर सकता है। नॉन-एसी डिब्बों के लिए किराया 1 पैसा प्रति किलोमीटर और एसी डिब्बों के लिए 2 पैसे प्रति किलोमीटर तक बढ़ोतरी हो सकती है। यह बढ़ोतरी छोटे सफर पर मामूली हो सकती है, लेकिन लंबी दूरी के यात्री प्रभावित हो सकते हैं।

**तत्काल टिकट बुकिंग में कड़े नियम**

टिकट दलालों पर नकेल कसने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आईआरसीटीसी ने तत्काल टिकट बुकिंग प्रक्रिया को सुरक्षित बनाया है। 1 जुलाई से केवल आधार वेरिफाइड यूजर्स को तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति। 15 जुलाई से टिकट बुकिंग के दौरान ओटीपी आधारित आधार सत्यापन अनिवार्य।

एजेंट्स को बुकिंग शुरू होने के 30 मिनट बाद ही तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति होगी।इससे आम यात्रियों को टिकट पाने का बेहतर मौका मिलेगा।

अगर आप आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहक हैं, तो एटीएम से पैसा निकालना अब सीमित और महंगा हो सकता है। मेट्रो शहरों में 3 फ्री ट्रांजैक्शन के बाद 23 प्रति कैश ट्रांजेक्शन और 8।5 प्रति नॉन-कैश ट्रांजैक्शन, नॉन-मेट्रो शहरों में 5 फ्री ट्रांजेक्शन की सीमा है।

हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां एलपीजी (रसोई गैस) और एविएशन फ्यूल की कीमतों की समीक्षा करती हैं। 1 जुलाई को भी एलपीजी की कीमतों में कटौती या वृद्धि संभव है। इसका असर सीधे घरेलू बजट पर पड़ेगा।इन सभी बदलावों का मकसद व्यवस्था को पारदर्शी और डिजिटल रूप से सुरक्षित बनाना है, लेकिन साथ ही यह आम आदमी की जेब पर दबाव भी बढ़ा सकते हैं। इसलिए 1 जुलाई से पहले अपनी योजना और बजट की समीक्षा जरूर कर लें।

# भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई की जोरदार वापसी

## जून में अब तक 8915 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश

नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस हफ्ते भारतीय इक्विटी बाजार में भारी निवेश किया है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार विदेशी निवेशकों ने 23 जून से 27 जून के सप्ताह के दौरान भारतीय बाजार में 13,107.54 करोड़ रुपये डाले हैं। यह निवेश भारतीय शेयर बाजारों में निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है।

आंकड़ों से पता चला कि विदेशी निवेशकों ने खासकर सोमवार और शुक्रवार को बढ़-चढ़कर बाजारों में पैसे डाले। इन नए निवेशों के साथ जून के महीने में कुल शुद्ध निवेश अब 8,915 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। विदेशी निवेशकों की गतिविधियों में यह बदलाव हाल के दिनों मे अमेरिका, ईरान और इस्राइल के बीच भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद आया है। संघर्ष विराम के बाद वैश्विक बाजार की धारणा में सुधार हुआ है। इससे विदेशी निवेशक भारत जैसे उभरते बाजारों को अधिक सकारात्मक रूप से देखने के लिए प्रोत्साहित हुए हैं। वैश्विक स्थिरता, नीतिगत समर्थन और मजबूत आर्थिक संकेतकों के संयोजन ने इस समय भारत को विदेशी निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना दिया है। इसके अलावा, मजबूत घरेलू बुनियादी तत्व इस नए रुझान का समर्थन कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में ब्याज दरों में 50 आधार अंकों की कटौती की है। इससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। साथ ही, देश में मुद्रास्फीति निम्न स्तर पर बनी हुई है, जिससे निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ है। इससे पहले मई में शुद्ध एफपीआई प्रवाह सकारात्मक रहा और 19,860 करोड़ रुपये रहा। इससे मई विदेशी निवेश के मामले में इस साल अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला महीना बन गया।

# जापान ने खींचा हाथ, भारत ने की एंट्री : श्रीलंका में 452 करोड़ की यह डील चीन को क्यों खलेगी?

नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)। भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ा रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) श्रीलंका की कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी को खरीदने जा रही है। यह सौदा लगभग 5.29 करोड़ डॉलर (लगभग 452 करोड़ रुपये) का है। भारत ऐसा इसलिए कर रहा है ताकि हिंद महासागर में चीन का प्रभाव कम हो सके। एमडीएल पहली बार किसी विदेशी कंपनी को खरीद रही है। इसमें कुछ नए शेयर जारी किए जाएंगे और जापान की ओनोमिची डॉकयार्ड कंपनी से शेयर खरीदे जाएंगे। इसके पास श्रीलंकाई कंपनी में पहले 51% हिस्सेदारी थी। जापान की कंपनी के हटने और श्रीलंका के डॉकयार्ड की आर्थिक स्थिति खराब होने के बाद भारत सरकार ने यह कदम उठाया। भारत ने देखा कि यह एक महत्वपूर्ण मौका है। कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी श्रीलंका की सबसे बड़ी जहाज निर्माण और मरम्मत करने वाली कंपनी है। इसका शिपबिल्डिंग यार्ड दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों के पास है। शिपबिल्डिंग यार्ड (जिसे शिपयार्ड या डॉकयार्ड भी कहा जाता है) ऐसी सुविधा या स्थान होता है जहां जहाजों का निर्माण, मरम्मत और रखरखाव किया जाता है। कोलंबो डॉकयार्ड की क्षमता और स्थान के कारण यह यार्ड हमेशा से ही क्षेत्रीय समुद्री प्रतिस्पर्धा में महत्वपूर्ण रहा है। अधिकारियों का कहना है कि एमडीएल के नियंत्रण से न केवल डॉकयार्ड की स्थिति सुधरेगी, बल्कि दक्षिण एशिया में शिपबिल्डिंग और मरम्मत का काम भी बेहतर होगा। इस कदम से एमडीएल अपने मरम्मत और नए जहाजों के ऑर्डर को श्रीलंका की सुविधा में भेज सकेगा। इससे लगातार कमाई होती रहेगी। दोनों यार्ड के बीच तालमेल भी बढ़ेगा। इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में एमडीएल के सीएमडी कैप्टन जगमोहन के हवाले से कहा गया, 'यह कदम एमडीएल को दक्षिण एशिया में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थापित करेगा और हमारे लिए एक ग्लोबल शिपयार्ड के रूप में उभरने की नींव रखेगा।' इसका मतलब है कि एमडीएल दक्षिण एशिया में एक बड़ी कंपनी बन जाएगी। यह दुनिया में भी जहाजों के निर्माण और मरम्मत में आगे बढ़ेगी।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**



श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947,सूर्य दक्षिणायन ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000 | सूर्योदय 05-48 | सूर्यास्त 18-50
भोग्य कलि वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

| ग्रह | स्थिति | | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | मिथुन | में | मिथुन... | 04-48 बजे |
| चंद्र- | कर्क | में | कर्क... | 07-01 बजे |
| मंगल | सिंह | में | सिंह--- | 09-12 बजे |
| बुध- | कर्क | में | कन्या... | 11-19 बजे |
| गुरु- | मिथुन | में | तुला---- | 13-26 बजे |
| शुक्र- | मेष | में | वृश्चिक... | 15-34 बजे |
| शनि- | मीन | में | धनु...... | 17-48 बजे |
| राहु- | कुंभ | में | मकर... | 19-58 बजे |
| केतु- | सिंह | में | कुंभ... | 21-45 बजे |
| | | | मीन... | 23-23 बजे |
| | | | मेष... | 00-59 बजे |
| | | | वृष... | 03-28 बजे |

दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्थी 09-14 तक उपरान्त पंचमी
मास - आषाढ़ शुक्ल , रविवार 29 June
नक्षत्र - आश्लेषा 06-34 तक उपरान्त मघा
योग - वज्र 17-58 तक उप सिद्धी
करण- विष्टी 09-14 तक उप बव
विशेष:-
व्रत -त्योहार - १४-०९ से वृष मे शुक्र

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 17:15 से 18:53 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 05:48 - 07:25 | अशुभ | शुभ | 18:53 - 20:15 | शुभ |
| चंचल | 07:25 - 09:03 | शुभ | अमृत | 20:15 - 21:36 | शुभ |
| लाभ | 09:03 - 10:41 | शुभ | चंचल | 21:36 - 22:58 | शुभ |
| अमृत | 10:41 - 12:20 | शुभ | रोग | 22:58 - 00:20 | अशुभ |
| काल | 12:20 - 13:58 | अशुभ | काल | 00:20 - 01:41 | अशुभ |
| शुभ | 13:58 - 15:36 | शुभ | लाभ | 01:41 - 03:03 | शुभ |
| रोग | 15:36 - 17:15 | अशुभ | उत्पात | 03:03 - 04:25 | अशुभ |
| उत्पात | 17:15 - 18:50 | अशुभ | शुभ | 04:25 - 05:46 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,): आज का दिन विशेष रूप से उन लोगों के लिए अच्छा और सफलता से भरपूर है जो किसी भी तरह से शिक्षा या लेखन से जुड़े हैं । छात्रों, शोधकर्ताओं, पत्रकारों, लेखकों और शिक्षा से जुड़े अन्य पेशेवरों के लिए एक बहुत आनंदमयी एवं अच्छा दिन होने के संकेत है। आज का दिन लंबी अवधि की योजनाओं में निवेश करने के लिए उपयुक्त है।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,): आज के दिन अप्रत्याशित धन की प्राप्ति के योग है । आज का दिन लॉटरी और सट्टा बाजार के लिए भी लाभप्रद है परन्तु ये धन लाभ कई तरह की जिम्मेदारियां भी साथ लायेगा जिसे आपको नजरअंदाज नहीं करना है । आपको इस पैसे के संबंध में आज एक महत्वपूर्ण काम का निर्वहन करना पड़ सकता है।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,): आज आप वह प्यार और ख़ुशी को पाएंगे जो आप अपने कार्य क्षेत्र में महसूस करते थे । बाहरी दबावों और काम के बोझ की वजह से वह ख़ुशी कही दब सी गई थी पर एक खुशनुमा पल आपको ये एहसास कराएगा की क्यों अपने ये कार्य क्षेत्र चुना था और ये क्यों आप पर इतना जचता है ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,): आज आपका वित्त और धन अस्थिर रह सकते हैं और आप अपने आप को नुकसान की स्थिति में पा सकते हैं , पर आप ज्यादा चिंता न करे , क्योंकि यह एक छोटा नुकसान हो सकता है। सतर्क रहे । आपका परिवार हमेशा आपके साथ है और आपके बचाव में खड़ा है । आप बहुत जल्दी इस घाटे को पूर्ण करने में सक्षम है।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,): कार्य क्षेत्र में आपका जीवन संतुलित रहेगा । आप अपने प्रभावशाली नरम कौशल के लिए जाने जायेंगे । आप को और अधिक ज्ञान पाने के लिए कई अवसर मिलेंगे तथा आप अन्य लोगों के साथ इस ज्ञान को साझा भी कर सकते हैं । लेकिन कुछ अप्रत्याशित परिस्थितियों में आपको भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): यदि आपने नौकरी के लिए आवेदन किया है, तो कंपनी से इसकी जाँच करें। आपको नौकरी से संबध में एक अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। पदोन्नति या वेतन वृद्धि भी आपको आज मिल सकती है । यह निवेश के किसी भी प्रकार के लिए एक शुभ दिन है। अगर आप संपत्ति खरीदने के लिए योजना बना रहे है, तो आज का दिन सौदे के लिए अनुकूल है।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,): आपके भावनात्मक व्यवहार की वजह से आपका कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। आप इसके आदि हो चुके है और इस से छुटकारा पाने में आपको समय लगेगा । अपनी इस संवेदनशीलता का आसपास के अन्य लोगों के प्रति समानुभूतिक रहकर इसका लाभ आप उठा सकते है ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,): आज आपको ऐसे लोगों का सामना करना पड़ सकता है जो अपने दृष्टिकोण और मांग में काफी तेज होंगे , लेकिन अपने पेशेवर लाभ और अपनी कंपनी के प्रचार के लिए ये सब आपको झेलना और सहना पड सकता है , हालांकि आपके शांति और धैर्य को देखकर , एक सफल विज्ञापन एजेंसी व्यापार के लिए आपसे संपर्क कर सकती हैं।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे): आप अपने सबसे अच्छे आलोचक हैं । अपनी स्थिति का विश्लेषण और उसके अनुसार कार्य करे । आज आपको समय के अनुसार चलने के लिए अपने आप को प्रेरित करने की आवश्यकता है । ध्यान केंद्रित करे जिससे की आप नीचे की और न जाये । समय के साथ आपको बड़ी जिम्मेदारियों के साथ सौंपा जा सकता है।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी): जो लोग अध्ययन में कार्यरत हैं , उनकी मेहनत का फल पाने के लिए ये एक अच्छा समय है। यही चीज़ काम कर रहे पेशेवरों के लिए भी लागू होती है। सफलता और प्रशंसा आपको मिल सकती हैं। लेकिन अगर आपने कोई निवेश किया है तो उसमे आपको नुकसान हो सकता है।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,): आज आपको अपनी आय और व्यय का संतुलन करना मुश्किल होगा । आज अपनी आय की वृद्धि के लिए एक दूसरी नौकरी की तलाश शुरू करने के लिए भी ये सबसे अच्छा दिन है। आपको अपनी पसंद के हिसाब से कुछ कार्य मिल सकता है और यह अगले कुछ वर्षों में आपके प्राथमिक कार्य बनने की क्षमता रखता है ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची): आज के दिन आपको एक अप्रत्याशित रूप से उपहार आपके दिल के निकट के व्यक्ति से मिल सकता है। आज का दिन आपके लिए काफी उत्तम रहेगा । आपके सहकर्मी और आपसे उच्च पद पर तैनात सहकर्मी आपसे खुश रहेंगे तथा आपसे पूरा सहयोग एवं सहायता करेंगे जिसकी वहज से आप अपना काम समय पर पूरा कर पाएंगे तथा सांयकालीन बेला में आप किसी समारोह का भी आयोज़न कर सकते है।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# पूर्व सीएम शिबू सोरेन की सेहत स्थिर, आईसीयू में भर्ती

## पैरालिसिस अटैक के बाद दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में इलाजरत, जगन्नाथ मंदिर में विशेष पूजा

रांची, 28 जून (एजेंसियां)। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और दिशोम गुरु शिबू सोरेन दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में इलाजरत हैं। उन्हें पेरालिसिस का माइनर अटैक हुआ है। अस्पताल के आईसीयू वार्ड में इलाजरत शिबू सोरेन की हालत स्थिर बताई जा रही है। हालांकि डॉक्टरों की टीम अब भी उन्हें अपनी मॉनिटरिंग में ही रखे हुए हैं।

इधर, उनके बेहतर स्वास्थ्य और ठीक हो कर झारखंड लौटने के लिए रथयात्रा के दौरान रांची में झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय सहित अन्य नेताओं ने पूजा अर्चना की।

वहीं लगभग हर दल के नेताओं ने उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी सर गंगाराम अस्पताल जा कर वहां मौजूद



सीएम हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन से भेंट की और गुरुजी का हालचाल जाना।

इधर, गुरुजी का हालचाल जानने के लिए दिल्ली में कई बड़े नेता मौजूद हैं।

सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी भी अस्पताल पहुंचे और शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गुरुजी की सेहत को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात की। हेमंत ने बताया कि गुरुजी को हल्का पैरालिसिस अटैक आया है।

वहीं कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी सिरि बेला प्रसाद, झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी व श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव भी अस्पताल पहुंचे और गुरुजी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि गुरुजी के स्वास्थ्य को लेकर लोग चिंतित हैं। इसलिए सरकार को मेडिकल बुलेटिन जारी करनी चाहिए।

शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ जी की यात्रा थी। सीएम हेमंत सोरेन हर साल रांची के ऐतिहासिक रथयात्रा में शामिल होते थे। इस बार शामिल नहीं हो सके। उन्होंने एक संदेशनुमा वीडियो जारी कर भावनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा- महाप्रभु भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा का ऐतिहासिक और पावन महापर्व होता है।

हर साल मैं वहां उपस्थित होता था। अभी आदरणीय बाबा दिशोम गुरुजी अस्वस्थ हैं इसलिए मैं रथयात्रा में शामिल नहीं हो पाया हूं।

भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि आदरणीय गुरुजी जल्द से जल्द स्वस्थ होकर हम सभी के बीच आएं और हमेशा की तरह अपना आशीर्वाद बनाएं रखें।

# भूपेश के करीबी रहे केके श्रीवास्तव से एसआईटी करेगी पूछताछ

## खाते में मिला 300 करोड़ का लेन-देन, तेलीबांधा पुलिस ने रिमांड पर लिया

रायपुर, 28 जून (एजेंसियां)। स्मार्ट सिटी और नवा रायपुर के प्रोजेक्ट में 500 करोड़ का काम दिलाने का झांसा देकर 15 करोड़ की ठगी करने वाले पूर्व सीएम भूपेश बघेल के करीबी केके श्रीवास्तव को 1 जुलाई तक के लिए तेलीबांधा पुलिस ने रिमांड पर लिया है। श्रीवास्तव से एसआईटी पूछताछ कर रही है।

श्रीवास्तव के घर की तलाशी और खातों की जांच के दौरान 300 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन मिला है। पैसों के लेन-देन के लिए श्रीवास्तव ने गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों के खाते का उपयोग किया है। यह पैसा कर्ज का बताया जा रहा है।

पैसों के लेन-देन को लेकर पूछताछ की जा रही है। श्रीवास्तव को पुलिस ने 20 जून की रात भोपाल में छापा मारकर गिरफ्तार किया था। वहां वह हुलिया बदलकर रह रहा था। उसके बेटे कंचन को बनारस में हिरासत में लिया गया। उससे पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है। प्रवर्तन



निदेशालय (ईडी) की टीम ने भी केके श्रीवास्तव से तीन दिनों तक पूछताछ की है। ईडी भी 300 करोड़ रुपए की जानकारी ले रही है। ईडी को शुरुआती जांच में मनी लॉन्ड्रिंग का क्लू मिला है। हालांकि पूछताछ के बाद ईडी ने छोड़ दिया है। उन्होंने गिरफ्तार नहीं किया है। इधर, ईओडब्ल्यू ने भी आबकारी घोटाला में केके और उसके बेटे कंचन से लंबी पूछताछ की है। उन्होंने भी सिर्फ पिता-पुत्र का बयान दर्ज किया है। उसके बाद तेलीबांधा पुलिस को उन्हें सौंप दिया है।

श्रीवास्तव ने स्मार्ट सिटी और एनआरडीए में 500 करोड़ का काम दिलाने के लिए उसने दिल्ली के कारोबारी रावत एसोसिएट के मालिक अशोक रावत से 15 करोड़ लिए थे। अशोक को जब ठेका नहीं मिला तो उसने पैसे वापस मांगे।

श्रीवास्तव ने 17 सितंबर 2023 तक पैसे लौटाने का वादा किया। तय समय गुजरने के बाद पैसा नहीं दिया। रावत ने पुलिस में शिकायत करने की धमकी दी तो उसने बेटे कंचन के खातों से 3.40 करोड़ लौटा दिए। इसके अलावा तीन-तीन करोड़ के तीन चेक दिए। बाद में पता चला कि चेक देने के बाद उसने उसे स्टॉप श्रेणी में डाल दिया। इस वजह से चेक क्लियर नहीं हुआ।

इसके बाद कारोबारी ने श्रीवास्तव को फोन लगाया तो उसने नक्सली और राजनैतिक रसूखदारों से पहचान होने की बात कहकर उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद रावत ने बाप-बेटे के खिलाफ तेलीबांधा थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। तब से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

राजधानी के 41 फोन नंबरों से देश के अलग-अलग शहरों में बड़े राज्यों के लोगों को कॉल कर झांसा दिया जा रहा है। उसके बाद उनके खाते में सेंध लगाई जा रही है।

# देवानंद प्रधान हत्याकांड का खुलासा

## तीन आरोपी गिरफ्तार, मृतक का मोटरसाइकिल बरामद, आपसी दुश्मनी में किया था मर्डर

सरायकेला, 28 जून (एजेंसियां)। सरायकेला-खरसावां जिले की गम्हरिया पुलिस ने देवानंद प्रधान हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान शरद महतो, प्रवीण प्रधान और विष्णु प्रधान के रूप में हुई है।

एसडीपीओ समीर कुमार सवैया ने शनिवार को प्रेस बताया कि मृतक का शव 15 मई को गजिया से बांसलीकोचा मार्ग पर मिला था। एसपी के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को पकड़ा।

पुलिस ने आरोपियों के पास से मृतक का पैशन प्रो मोटरसाइकिल, घटना में इस्तेमाल की गई कार और दो स्मार्टफोन बरामद किए हैं। एसडीपीओ ने बताया कि हत्या का कारण आपसी दुश्मनी है। सभी आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। इस मामले में एक और आरोपी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# 2 सुसाइड नोट लिखकर फंदे पर झूला सस्पेंड पटवारी

## कहा-बेगुनाह हूं, आरआई-कोटवार समेत 3 नामों का जिक्र
## बिलासपुर भारतमाला प्रोजेक्ट में फर्जीवाड़ा का है आरोप

बिलासपुर, 28 जून (एजेंसियां)। बिलासपुर के बहुचर्चित भारतमाला परियोजना फर्जीवाड़े में निलंबित किए गए पटवारी सुरेश मिश्रा (62) ने आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को सुरेश की लाश फार्महाउस में फंदे से लटकती मिली, जो उनकी बहन सरस्वती दुबे का है। मामला सकरी थाना क्षेत्र के जोकी गांव का है।

मिली जानकारी के मुताबिक सुरेश मिश्रा 30 जून को वे रिटायर होने वाले थे। उन्हें गड़बड़ी मामले में कुछ दिन पहले ही निलंबित किया गया था, तब से वह मानसिक तनाव में थे। मरने से पहले उन्होंने 2 सुसाइड नोट लिखे हैं, जिसमें आरआई, कोटवार समेत 3 लोगों का नाम है। दरअसल, भारतमाला परियोजना के तहत बिलासपुर-उरगा राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण में कथित फर्जी दस्तावेजों की जांच में उन्हें दोषी पाया गया था। इसके बाद 25 जून को भूमि अधिग्रहण में गड़बड़ी मामले में पूर्व तहसीलदार डीके उइके और सुरेश मिश्रा के खिलाफ



तोरवा थाने में नामजद एफआईआर दर्ज की गई हुई थी।

बताया जा रहा है कि एफआईआर के बाद वह टेंशन में थे। तनाव में आकर खौफनाक कदम उठाया है। उन्होंने जोकी गांव में अपनी बहन के फार्महाउस में फांसी लगाई है, वहां वह अक्सर जाया करते थे। परिजनों ने फंदे पर लाश देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सकरी पुलिस जोकी गांव पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मॉर्च्युरी में रखवा दिया है। पोस्टमॉर्टम के बाद लाश परिजनों को सौंपी जाएगी। फार्महाउस में पुलिस को सुसाइड नोट मिला है।

सकरी थाना प्रभारी प्रदीप आर्या ने बताया कि सुरेश मिश्रा ने दोपहर 1 बजे के करीब फांसी लगाई है। पुलिस को कमरा भीतर से बंद मिला। लाश कमरे के पंखे पर रस्सी के सहारे लटकी हुई थी। मौके से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि सुसाइड नोट में मैं दोषी नहीं हूं लिखा है। इसके साथ ही सुरेश ने सुसाइड नोट में षड्यंत्र के साथ फंसाने का आरोप लगाया है। सुसाइड नोट में अपनी सस्पेंशन से बहाली को लेकर लिखा है। साथ ही खुद को बेगुनाह बताते हुए कोटवार, आरआई और एक अन्य व्यक्ति का नाम लिखा है।

वहीं मामले एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि पटवारी की आत्महत्या की जानकारी मिली है। सुसाइड नोट को लेकर जानकारी ली जा रही है। सुसाइड नोट में लिखे तथ्य और उसकी जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, भारतमाला परियोजना के तहत बिलासपुर-उरगा राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए जमीन अधिग्रहण में भारी गड़बड़ी उजागर हुई थी थी।

ढेका गांव में अधिग्रहित जमीन के मुआवजा प्रकरण में फर्जी दस्तावेज तैयार कर सरकार को नुकसान पहुंचाया गया।

# पाकुड़ रथ मेला में नकली नोट लेकर पहुंची महिला

पाकुड़, 28 जून (एजेंसियां)। पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के ऐतिहासिक रथ मेला के दौरान नकली नोट चलाने का एक मामला सामने आया है। एक महिला को खरीदारी के दौरान नकली नोट से भुगतान करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।

महिला के पास से कुल 1700 रुपए के नकली नोट बरामद किए गए हैं। हैरानी की बात यह है कि पुलिस पूछताछ में महिला कुछ भी बताने से साफ इनकार कर रही है।

घटना तब घटी जब महिला अपनी एक साथी के साथ मेला घूमने और खरीदारी करने आई थी। उसने पहले एक दुकान पर 500 रुपए का नकली नोट देकर सामान खरीदा। दुकानदार ने बिना शक किए उसे बाकी के पैसे वापस कर दिए। इसके बाद महिला दूसरी दुकान पर पहुंची और फिर से 500 रुपए का नकली नोट चलाया। इसी दौरान पहले दुकानदार को नोट पर शक हुआ। उसने दूसरी दुकान पर पहुंचकर महिला को रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद मेला कमेटी को सूचना दी गई। मेला कमेटी ने तुरंत नगर थाना को खबर दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को हिरासत में ले लिया।

पुलिस अवर निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि महिला नकली नोट कहां से लाई और उसका कोई गिरोह से संबंध है या नहीं। उन्होंने यह भी बताया कि रथ मेला में यह पहली घटना नहीं है।

इससे पहले भी मेला क्षेत्र में कई मामले आए हैं। आधा दर्जन महिलाओं के सोने की चेन, पर्स और मोबाइल चोरी होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

इन घटनाओं को लेकर पुलिस ने एक अन्य महिला को भी गिरफ्तार किया है।

# एक ही परिवार के 6 लोग बीमार

## मशरूम खाने के बाद बिगड़ी तबीयत, उल्टी दस्त और पेट दर्द की शिकायत, हाल स्थिर

गिरिडीह, 28 जून (एजेंसियां)। गिरिडीह जिले के जमुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत घाघरा गांव में जंगली मशरूम (खुखड़ी) खाने से एक ही परिवार के छह सदस्य फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। घटना के बाद सभी बीमारों को गिरिडीह सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है।

बताया गया कि खाने में खेत से लाकर बनाई गई खुखड़ी की सब्जी लोगों ने खाया था। सब्जी खाने के कुछ ही देर बाद परिवार के सदस्यों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी। अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें पहले स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया।

फूड पॉइजनिंग के शिकार हुए लोगों में सोनम कुमारी (13), वर्षा कुमारी (11), आयुष कुमार (7), अभिलाषा कुमारी, अनिता देवी और राजेश प्रसाद वर्मा शामिल हैं। राजेश वर्मा ने बताया कि जिस मशरूम की सब्जी बनाई गई थी, वह उनके ही खेत में उगी थी। उन्होंने इसे प्राकृतिक और सुरक्षित मानकर उपयोग किया, लेकिन उसके बाद जो स्थिति बनी, वह बेहद डरावनी थी।

गिरिडीह सदर अस्पताल के डॉक्टर पंकज प्रसाद वर्मा ने बताया कि बरसात के मौसम में ऐसे मामले आम हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस मौसम में भारी, बासी या ठीक से साफ न किए गए भोजन से परहेज करना चाहिए। साथ ही, स्वच्छ पानी और साफ-सुथरे भोजन का सेवन ही स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित होता है।

# 3 दिन बाद छत्तीसगढ़ को मिल सकता है नया सीएस

## दिल्ली में सुब्रत-पिंगुआ के नाम पर मंथन, 30 जून को रिटायर हो रहे हैं अमिताभ

रायपुर, 28 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन 30 जून को रिटायर हो रहे हैं। इसी कारण नए मुख्य सचिव के लिए रायपुर से लेकर दिल्ली तक में मंथन चल रहा है। तीन दिन बाद नया प्रशासनिक मुखिया मिल जाएगा। वैसे छत्तीसगढ़ कैडर के सात आईएएस इस पद के लिए योग्य हैं। इसमें सबसे जूनियर सातवें पायदान के मनोज पिंगुआ सबसे आगे हैं।

वे शुक्रवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के कुछ अफसरों से मिलने भी पहुंचे। बताया जा रहा है कि यह तभी संभव है जब अमित अग्रवाल छत्तीसगढ़ आने से मना कर दें। वर्तमान में अग्रवाल दिल्ली में 22 दिसंबर 2016 से प्रतिनियुक्ति पर हैं। वे पीएमओ में भी रह चुके हैं।

दूसरे नंबर पर सुब्रत साहू का नाम भी तेजी से चल रहा है। हालांकि दो नाम ही छत्तीसगढ़ से दिल्ली भेजे गए हैं- मनोज पिंगुआ और सुब्रत साहू। लेकिन अगर सीनियॉरिटी को तवज्जो दी गई तो रेणु पिल्ले को भी सीएस बनाया जा सकता है।

**सुब्रत साहू:** 1992 बैच के आईएएस। रेणु पिल्ले के बाद सबसे सीनियर हैं। सहकारिता और धार्मिक न्यास के एसीएस हैं। तेजतर्रार माने जाते हैं। कमी- भूपेश सरकार में मुख्यमंत्री के सचिव रहे। इस वजह से भाजपा के कुछ बड़े नेता नाम पर विचार करने से कतरा रहे हैं।

केंद्र में इनकी कार्यशैली के लोग कायल हैं। कमी- छत्तीसगढ़ में बहुत कम समय रहे। पिछले 9 साल से दिल्ली में ही हैं। प्रदेश के भौगोलिक और प्रशासनिक स्थिति से अवेयर नहीं।

**मनोज पिंगुआ:** 1994 बैच के आईएएस हैं। साफ-सुथरी छवि के साथ बहुत ही शांत प्रशासनिक अधिकारी माने जाते हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय की पहली पसंद हैं। कमी- कार्यशैली में थोड़ी गति धीमी होने की वजह से भाजपा के कुछ बड़े नेता विरोध में हैं। तत्काल निर्णय लेने में थोड़ा पीछे रहते हैं।

**सीनियर होने के बाद भी दौड़ से बाहर**

**रेणु पिल्ले:** 1991 बैच की आईएएस हैं। वर्तमान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की एसीएस हैं। व्यापमं और छत्तीसगढ़ शिक्षा बोर्ड की अध्यक्ष हैं। - कामकाज में प्रैक्टिकल न होने की वजह से बाहर।

**ऋचा शर्मा:** 1994 बैच की आईएएस हैं। फारेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज की एसीएस हैं। - कार्यशैली में जटिलता की वजह से बाहर।

**निधि छिब्बर:** 1994 बैच की आईएएस। केंद्र में फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री की सचिव है। - परिवार दिल्ली में रहता हैं, ऐसे में वापस नहीं लौटेंगी।

**विकासशील:** 1994 बैच के आईएएस। एशियाई विकास बैंक के कार्यकारी निदेशक हैं। - विदेशी नौकरी छोड़कर आने से पहले ही मना कर चुके हैं।

# कोरबा रेलवे स्टेशन में निकला नाग

## टाइल्स के बीच फंसे 7 फीट लंबे सांप का रेस्क्यू, यात्री सुरक्षित



कोरबा, 28 जून (एजेंसियां)। कोरबा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर स्थित पूछताछ केंद्र में एक 7 फीट लंबा नाग सांप मिला। घटना 27 जून शाम की है, जब विशाखापट्टनम ट्रेन के यात्री पूछताछ केंद्र में जानकारी लेने जा रहे थे।

तभी टाइल्स के बीच कुंडली मारकर बैठे सांप की फुंकार सुनकर एक यात्री ने इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही रेलवे आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी यात्रियों को सुरक्षित दूर हटाया।

स्नैक कैचर टीम को तुरंत बुलाया गया। आरसीएस की टीम ने काफी मशक्कत के बाद टाइल्स के बीच से सांप को सुरक्षित निकाला। मौके पर मौजूद यात्रियों ने इस पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल में कैद किया।

स्नैक कैचर टीम के सदस्य अविनाश यादव ने बताया कि सांप खतरनाक था। समय रहते इसकी जानकारी मिलने से कोई अनहोनी नहीं हुई। रेस्क्यू के बाद सांप को जंगल में छोड़ दिया गया।

घटना के समय स्टेशन पर मालगाड़ी के कारण विशाखापट्टनम ट्रेन करीब एक घंटे की देरी से चल रही थी। स्टेशन पर इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके कारण टाइल्स और अन्य सामान इधर-उधर बिखरा हुआ है।

# रायपुर में झमाझम बारिश, 33 जिलों में यलो अलर्ट

## सूरजपुर-बलरामपुर में गरज-चमक के साथ बरसेगा पानी
## बिलासपुर-कोरबा में बिजली गिरेगी, 5 दिन ऐसा ही मौसम

रायपुर, 28 जून (एजेंसियां)। रायपुर में देर रात से सुबह तक रुक-रुककर तेज बारिश हो रही है। सुबह से घने बादल छाए हुए हैं। बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 5 दिन छत्तीसगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है। सूरजपुर और बलरामपुर-रामानुजगंज में बिजली गिरने और हैवी रेन का यलो अलर्ट है। अन्य 31 जिलों में सिर्फ बिजली गिरने का यलो अलर्ट है।

छत्तीसगढ़ में मानसून का ग्राफ लगातार बढ़-घट रहा है। शुक्रवार को 24 से अधिक जिलों के 69 स्थानों पर बारिश हुई। औसतन बारिश 25.51 मिमी दर्ज की गई। तापमान की बात करें तो शुक्रवार को 31.2 डिग्री सेल्सियस के साथ दुर्ग सबसे गर्म रहा। वहीं 22.2 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ पेण्ड्रा सबसे ठंडा रहा।

सामान्य से 24% कम बरसा पानी, बलरामपुर में सबसे ज्यादा

1 जून से 27 जून तक प्रदेश में 122.2 एमएम बारिश हो चुकी है। जून में इस समय तक 160.9 एमएम बारिश रिकॉर्ड की जाती है। इस लिहाज से अब तक बारिश लगभग 24% कम हुई है। सबसे ज्यादा बारिश बलरामपुर में हुई है।

यहां सामान्य से लगभग 115.5% प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है। दरअसल जिले में जून में अब तक 245.7 एमएम पानी बरस चुका है। जबकि सामान्य तौर पर 114 एमएम पानी ही गिरता है।

सबसे कम बारिश राजनांदगांव और सुकमा में हुई है। यहां सामान्य से लगभग 80% कम बारिश दर्ज की गई है। जिले में अब तक 31.8 एमएम पानी बरसा है। जबकि इस महीने सामान्य तौर पर अब तक 159.9 मिमी पानी बरस जाना चाहिए था।

वहीं सुकमा में लगभग 69% कम बारिश हुई है। जिले में अब तक 69 एमएम पानी बरसा है। जबकि इस महीने सामान्य तौर पर अब तक 181 पानी बरस जाना चाहिए था।

प्रदेश के आंकड़ों पर ओवरऑल बात करें तो एक जिले में सामान्य से बहुत अधिक पानी गिरा है। तीन जिलों में सामान्य से अधिक पानी गिरा है। आठ जिलों में सामान्य पानी गिरा है। 19 जिलों में नॉर्मल से कम पानी बरसा है। दो जिलों में सामान्य से बहुत कम बारिश हुई है।

पिछले एक सप्ताह 25 जून तक की बात करें तो प्रदेश में 59.9 एमएम बारिश हुई है। नॉर्मल कंडीशन में 19 जून से लेकर 25 जून तक 66.6 एमएम बारिश प्रदेश में होनी चाहिए। यानी आखिरी 7 दिन में सिर्फ 10% ही कम बारिश हुई है। पूरे महीने के अनुपात में यह आंकड़ा बेहतर है। ऐसे में कहा जा सकता है कि पिछले 7 दिनों में मानसून ने रफ्तार पकड़ी है।

# बगोदर में खाली कंटेनर पेड़ से टकराया

## केबिन-इंजन और बॉडी अलग-अलग गिरी, तेज रफ्तार की वजह से हुआ हादसा

गिरिडीह, 28 जून (एजेंसियां)। झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में लच्छीबागी के पास एक खाली कंटेनर पेड़ से टकरा गया। नेशनल हाईवे पर हुई इस दुर्घटना में कंटेनर तीन हिस्सों में बंट गया।

टक्कर की वजह से कंटेनर का केबिन, इंजन और पिछला हिस्सा अलग-अलग दिशाओं में बिखर गए। स्थानीय लोगों ने टक्कर की आवाज सुनकर तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। बगोदर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव के अनुसार, चालक को मामूली



चोटें आईं। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन बिखरे हुए कंटेनर को हटाने की कार्रवाई कर रहा है। पुलिस के मुताबिक यह हादसा तेज गति और सावधानी में चूक का नतीजा है। मामले की जांच जारी है। दुर्घटना में किसी अन्य व्यक्ति को चोट नहीं आई है।

# बलौदाबाजार के पलारी में उल्टी-दस्त से 29 बीमार

बलौदाबाजार, 28 जून (एजेंसियां)। बलौदाबाजार जिले के पलारी नगर में अचानक उल्टी-दस्त से 25 ये ज्यादा लोग बीमार हो गए। वार्ड नंबर 1, 2, 3, 4 और 13 से तकरीबन 21 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। पूरे ब्लॉक में 25 से अधिक रोगियों का इलाज चल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी बेड भर चुके हैं।

पलारी नगर पालिका अध्यक्ष गोपी साहू ने अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों से इलाज व्यवस्था की जानकारी ली। साहू ने कहा कि प्रशासन सतर्क है। वहीं, कलेक्टर दीपक सोनी ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया। पलारी अस्पताल और कैंप मरीजों से हालचाल जाना। एसडीएम को पानी की जांच के लिए आवश्यक निर्देश दिए है।

ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. बी.एस. ध्रुव ने बताया कि बारिश के मौसम में ऐसे मामले बढ़ते हैं। देर रात से मरीज आने शुरू हुए। कोआडीह और कसडोल के बरबसपुर से भी कुछ मरीज भर्ती हैं। सभी मरीजों की हालत स्थिर है।

स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित वार्डों में दवा वितरण और जागरूकता अभियान चला रही हैं। डॉक्टरों ने लोगों को ताजा भोजन, गर्म पानी और साफ-सफाई पर ध्यान देने की सलाह दी है।

स्वास्थ्य विभाग ने अतिरिक्त स्टाफ और दवाइयों की व्यवस्था की है। नगर निगम पानी की टंकियों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई पर विशेष ध्यान दे रहा है।

पलारी नगर में हो रही उल्टी दस्त की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ डॉ बी एस ध्रुव ने महामाया मंदिर में स्वास्थ्य शिविर लगाया है। जिसमें पहुंचकर 80 मरीजों ने अपना इलाज कराया।

# घर से मिला गांजे का पौधा

## 125 मकानों में छापेमारी, तलवार-गांजा जब्त, चोरी के 3 आरोपी पकड़ाए

राजनांदगांव, 28 जून (एजेंसियां)। राजनांदगांव शहर में एक घर से गांजे का पौधा मिला है। पुलिस की 40 सदस्यीय टीम ने सोमनी थाना क्षेत्र के मनगटा पर्यटन स्थल में छापेमारी की। 26 जून की रात टीम ने सभी रिसॉर्ट की जांच की और वहां ठहरे लोगों के आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेजों की पड़ताल की।

मनगटा क्षेत्र में दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव से जुआरी जुआ खेलने पहुंच रहे थे। 27 जून की सुबह पुलिस ने लखोली के अटल आवास में भी अभियान चलाया। 125 मकानों की तलाशी में एक युवक से धारदार तलवार बरामद की गई। तलवार रखने वाले युवक पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। एसपी मोहित गर्ग के निर्देश पर पुलिस ने सभी संदिग्ध स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी है और अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। वहीं, राजनांदगांव में किराना दुकान से हुई चोरी का मामला पुलिस ने 48 घंटे में सुलझा लिया है। 25 जून की रात को जितेन्द्र भानुशाली की किराना दुकान से चोरों ने 35,000 रुपए का सामान चुराया था। इसमें 15,000 रुपए का किराना सामान और 20,000 रुपए नगद शामिल थे। एसपी मोहित गर्ग के निर्देश पर कोतवाली थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह ने टीम का गठन किया। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में कन्हारपुरी के भूपेन्द्र साहू उर्फ दादू (20), रोहित सूर्यवंशी उर्फ पिंटू (19) और गणेश साहू (31) शामिल हैं। 27 जून को तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जिला जेल राजनांदगांव भेज दिया गया।

# पड़ोसी देश के ढाका में चीन और पाकिस्तान की बढ़ रही पैठ

## एक्सपर्ट्स ने बताया नई दिल्ली के लिए बड़ा खतरा



ढाका, 28 जून (एजेंसियां)। शेख हसीना के पतन के बाद बांग्लादेश में गठित मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के शासन में ढाका में चीन और पाकिस्तान की पैठ लगातार बढ़ती जा रही है। मोहम्मद यूनुस सत्ता संभालने के बाद से ही बांग्लादेश को भारत से दूर करने में लगे हुए हैं और इसके लिए उन्होंने चीन और पाकिस्तान को खुली छूट दे रखी है। नई दिल्ली में विदेश मामलों की संसदीय समिति को बांग्लादेश में बढ़ रहे इस खतरे के बारे में बताया गया है। मामले से परिचित दो लोगों ने इस बारे में जानकारी दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व विदेश सचिव शिवशंकर मेनन, जेएनयू के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज के डील अमिताभ मट्टू, ढाका में भारत की पूर्व उच्चायुक्त रीवा गांगुली दास और लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (रिटायर्ड) ने शुक्रवार को भारत-बांग्लादेश संबंधों के भविष्य पर एक बैठक के दौरान कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाले पैनल के सदस्यों को जानकारी दी।

थरूर ने बाद में बताया कि चार विशेषज्ञों ने पैनल को बहुत अच्छी जानकारी दी है। अगले कुछ हफ्तों में पैनल अपनी रिपोर्ट को सार्वजनिक करेगा। हालांकि इस दौरान भारत में रह रहे बांग्लादेशियों के मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई, लेकिन पैनल को बताया गया कि भारत में आने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या में कमी आई है।

बांग्लादेश में बीते साल अगस्त में हिंसक प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना की सरकार के तख्तापलट के बाद चीन और पाकिस्तान जिस तरह से वहां अपनी पैठ बना रहे हैं, उसे लेकर विशेषज्ञों ने चिंता जताई। शेख हसीना के जाने के बाद से बांग्लादेश और भारत के संबंधों में लगातार गिरावट आई है।

देश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ नियोजित हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं। इससे निपटने के ढाका के तरीके को लेकर नई दिल्ली से बार-बार टकराव हुआ है। भारत ने बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है।

# सूडान की सेना संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव से सहमत

## अल फशेर में एक सप्ताह के लिए होगा युद्ध विराम

काहिरा, 28 जून (एजेंसियां)। सूडान में दो साल से जारी गृहयुद्ध के बीच सेना ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। सूडान की सेना अल फशेर क्षेत्र में सहायता वितरण के लिए एक सप्ताह का युद्ध विराम करेगी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सूडानी सैन्य नेता जनरल अब्देल-फतह बुरहान से इस बारे में फोन पर बात की।

गुटेरेस ने सैन्य नेता से उत्तरी दारफुर प्रांत की राजधानी अल फशेर में मानवीय संघर्ष विराम लागू करने के लिए कहा। सैन्य नेता बुरहान ने प्रस्ताव पर सहमत जताई। साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों को लागू करने के महत्व पर बल दिया। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि दूसरा पक्ष अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज इस प्रस्ताव पर सहमत होगा या नहीं। गुटेरेस ने कहा कि हम दोनों पक्षों से संपर्क कर रहे हैं। अल फशर में हमारे सामने एक नाटकीय स्थिति है। प्रभावी सहायता वितरण के लिए मानवीय संघर्ष विराम की आवश्यकता है।

# अमेरिका का डर नहीं, रूस से एस-400, आर-37एम, सू-30एमकेआई जेट पर बड़ी डील की तैयारी

## ट्रंप के धोखे का करारा जवाब देगा भारत

मॉस्को, 28 जून (एजेंसियां)। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक के इतर रूस रक्षा मंत्री आंद्रे बेलोउसव के साथ बेहद अहम मुलाकात की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बैठक को काफी अहम द्विपक्षीय मुलाकात माना जा रहा है। भारत की आधिकारिक प्रेस रिलीज में जिस स्पष्टता और बेबाक भाषा में भारत की रक्षा जरूरतों और रूस के साथ तकनीकी सहयोग की बात कही गई है, वह इस बात का संकेत है कि भारत अब अपने एयर डिफेंस और एयर-टू-एयर मिसाइल क्षमताओं को तेजी से अपग्रेड करने के लिए रूस के साथ बहुत जरूरी डिफेंस समझौता करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी हफ्ते आई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत रूस से एस-500 एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने की दिशा में बातचीत को गंभीरता से आगे बढ़ा चुका है।



राजनाथ सिंह और रूसी रक्षा मंत्री की बैठक के बाद जो आधिकारिक प्रेस रिलीज जारी किया गया, उसमें खास तौर पर एयर डिफेंस सिस्टम, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, आधुनिक क्षमताओं और हवाई प्लेटफार्मों की बात कही गई है। ये प्रेस रिलीज इसलिए काफी ज्यादा हैरान करने वाला है, क्योंकि इस तरह खुलकर डिफेंस सौदों की बात नहीं की जाती है। लेकिन भारत ने ऐसा किया है, लिहाजा इसे अमेरिका के लिए एक संदेश माना जा सकता है, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को 'धोखा' दिया है। डिफेंस इंडस्ट्री के एक्सपर्ट्स पहले से ही इस बात को लेकर संकेत देते रहे हैं कि भारत हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के स्वदेशी निर्माण और उनके सू-30एमकेआई लड़ाकू विमानों में इंटीग्रेशन के लिए रूस से सहयोग चाहता है।

एयरो इंडिया 2025 में रूस ने आधिकारिक तौर पर भारत को अपनी लंबी दूरी की आर-37एम हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल, जिसे आरवीवी-बीडी के रूप में निर्यात किया जाता है, उसकी बिक्री का प्रस्ताव रखा था। रूसी प्रस्ताव में इस मिसाइल को 'मेक इन इंडिया' के तहत भारत में स्थानीय प्रोडक्शन का प्रस्ताव रखा गया था। इसी साल मार्च महीने में रूसी सरकारी हथियार कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट (आरओई) ने पुष्टि की थी कि रूस और भारत आधुनिक गाइडेड विमान मिसाइलों के ज्वाइंट डेवलपमेंट और प्रोडक्शन पर चर्चा कर रहे हैं। इस साझेदारी का मकसद सिर्फ भारत की सैन्य जरूरतों को पूरा करना ही नहीं, बल्कि तीसरे मित्र देशों को भी निर्यात करना है। यानि अगर भारत और रूस के बीच ये समझौता होता है कि भारत मेक इन इंडिया के तहत एयर टू एयर मिसाइल बनाकर किसी तीसरे देश को भी बेच सकता है, जिस तरह से ब्रह्मोस मिसाइल की बिक्री भारत करता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने सू-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों से ही पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर भारत ने ब्रह्मोस मिसाइलें दागी थीं। भारतीय वायुसेना के सू-30एमकेआई फाइटर विमानों के लिए ब्लॉक-अपग्रेड योजना पहले से चल रही थी, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद इसमें अब काफी तेजी आ गई है। रूस ने साफ कर दिया है कि वह इस अपग्रेडेशन में भारतीय रक्षा कंपनियों के साथ मिलकर काम करेगा।

# महरंग बलोच से डरी पाकिस्तान सरकार

## हिरासत अवधि को 15 दिन के लिए और बढ़ाया



इस्लामाबाद, 28 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान की सरकार बलोच कार्यकर्ता महरंग बलोच से डर गई है और यही वजह है कि उसने महरंग बलोच की हिरासत अवधि 15 दिन और बढ़ाने का फैसला किया है। बलूचिस्तान सरकार ने हिरासत अवधि बढ़ाने की वजह सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना बताया है। हालांकि बलोच यकजेती कमेटी (बीवाईसी) ने महरंग बलोच की हिरासत अवधि बढ़ाने का विरोध किया और इसे अवैध बताया।

बलोच कार्यकर्ता महरंग बलोच, बीबो बलोच, उनके पिता गफ्फार बलोच, सबघातउल्ला शाह जी, बेबारग बलोच को बीती 22 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद इन्हें क्वेटा जिला जेल में सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने वाले आदेश के तहत रखा गया था। गौरतलब है कि बलोच यकजेती कमेटी के नेताओं की हिरासत को चौथी बार बढ़ाया गया है। बलोच कार्यकर्ताओं को हिरासत में तीन महीने का समय बीत चुका है। अब एक बार फिर हिरासत अवधि को 15 दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। जिसके चलते महरंग बलोच समेत अन्य बलोच कार्यकर्ताओं को 15 दिन और जेल में ही रहना पड़ेगा। बीवाईसी के प्रवक्ता ने बलोच कार्यकर्ताओं की हिरासत फिर बढ़ाए जाने पर नाराजगी जाहिर की और इसे अवैध बताया। संगठन ने बलोच कार्यकर्ताओं की तुरंत रिहाई की मांग की। बीवाईसी की नेता साबिया बलोच का आरोप है कि सरकार नए-नए हथकंडे अपनाकर बलोच कार्यकर्ताओं की हिरासत अवधि को बढ़ा रही है। दरअसल जाफर एक्सप्रेस को अगवा करने के मामले में पाकिस्तानी सेना ने कथित उग्रवादियों को एनकाउंटर में ढेर किया था, लेकिन उग्रवादियों के शव नहीं सौंपे।

# थाईलैंड की प्रधानमंत्री की बातचीत लीक होने पर हंगामा

## इस्तीफे की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे लोग

बैंकॉक, 28 जून (एजेंसियां)। थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेतोंगतार्न शिनावात्रा की कंबोडिया के पूर्व पीएम के साथ हुई बातचीत का ऑडियो लीक हो गया है, जिससे थाईलैंड में हंगामा हो गया है। प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। दरअसल बीती 28 मई को थाईलैंड और कंबोडिया के सैनिकों के बीच सीमा विवाद को लेकर संघर्ष हो गया था। इस संघर्ष में एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई थी। इस मामले से निपटने के थाईलैंड की पीएम शिनावात्रा के तरीके पर सवाल उठ रहे हैं और लोग उनका इस्तीफा मांग रहे हैं।

घटना को लेकर थाईलैंड की प्रधानमंत्री के खिलाफ जांच शुरू हो गई है और इसके चलते उनकी कुर्सी भी जा सकती है। घटनाक्रम में थाईलैंड में राजशाही समर्थक भी सक्रिय हो गए हैं और वे शिनावात्रा के खिलाफ प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इन्हीं राजशाही समर्थकों ने पेतोंगतार्न शिनावात्रा के पिता पूर्व पीएम



थाकसिन शिनावात्रा और पूर्व पीएम यिंगलुक शिनावात्रा का भी विरोध किया था।

लीक ऑडियो कॉल में पेतोंगतार्न शिनावात्रा ने कंबोडिया के पूर्व पीएम हुन सेन से कहा कि वे थाईलैंड में उनके एक विरोधी की बात न सुनें। माना जा रहा है कि शिनावात्रा ने थाई आर्मी के एक कमांडर को लेकर ये बातें कही गईं। ये उसी इलाके के कमांडर हैं, जहां थाई और कंबोडिया के सैनिकों की झड़प हुई। उस सैन्य कमांडर ने सार्वजनिक तौर पर कंबोडिया की आलोचना की है। दरअसल थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक छोटे से क्षेत्र को लेकर विवाद है। 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत के एक फैसले के बाद यह विवादित इलाका कंबोडिया के पास चला गया था। हालांकि अभी भी इसे लेकर विवाद है।

हुन सेन ने हाल ही में थाईलैंड सेना की कार्रवाई को अवैध बताते हुए इस पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि कंबोडिया के इलाके में घुसकर थाईलैंड के सैनिकों ने देश की संप्रभुता का उल्लंघन किया है। घटना के बाद थाईलैंड और कंबोडिया के बीच का सीमा विवाद और उलझ सकता है।

साल 2011 में भी विवादित क्षेत्र को लेकर कंबोडिया और थाईलैंड के सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। जिसके बाद मामला यूएन कोर्ट में गया और यूएन कोर्ट ने भी कंबोडिया के पक्ष में ही फैसला दिया। अब एक बार फिर इस मुद्दे पर विवाद ने थाईलैंड की गठबंधन सरकार के लिए संकट खड़ा कर दिया है।

ताजा विवाद के बाद भूमजाइथाई पार्टी ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया है और अब सरकार के पास बहुमत से कुछ ज्यादा ही समर्थन बचा है।

# आईआरजीसी के अफसरों, दफ्तरों से दूर रहें

## मोसाद की ईरानी नागरिकों के लिए गाइडलाइन, तेहरान में फिर शुरू होंगे हमले

तेल अवीव, 28 जून (एजेंसियां)। इजरायल और ईरान के बीच युद्ध रुकने के बाद भी तनातनी जारी है। इजरायल की जासूसी एजेंसी मोसाद ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के अफसरों पर हमले जारी रखने की बात कही है। मोसाद ने सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा है कि ईरान के लोग आईआरजीसी के अफसरों और दफ्तरों से दूरी बनाकर रखें क्योंकि ये सुरक्षित नहीं हैं।

मोसाद ने कहा है कि उनकी ओर से ईरानियों के लिए ये 'सुरक्षा दिशानिर्देश' इसलिए जारी किए जा रहे हैं ताकि उनको कोई खतरा ना हो। मोसाद ने अपने बयान में ईरानियों को चार बातों का पालन करने के लिए कहा है।

मोसाद ने अपने बयान में कहा है, 'प्रिय ईरानियों, हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि आपको कोई नुकसान ना पहुंचे। हमारी लड़ाई दमनकारी इस्लामी गणतंत्र ईरान के अली खामेनेई शासन से है। ऐसे में हम आपको सुरक्षित रखने के लिए कुछ दिशा-निर्देश दे रहे हैं। आप इनका पालन करते हुए खुद को सुरक्षित रखें।'

इजरायल की एजेंसी मोसाद ने अपने एक्स पोस्ट में ईरानियों को ये चार निर्देश दिए हैं। पहला ईरानी नागरिक आईआरजीसी कर्मियों, विशेष रूप से वरिष्ठ अधिकारियों से दूर रहें।

दूसरा- आईआरजीसी के ठिकानों और दफ्तरों के आसपास जाने बचें, खासकर अगर आसमान से लॉनमूवर जैसी आवाज सुनाई दे तो दूरी बना लें। मोसाद ने ईरानियों से ये भी कहा है वह शासन से जुड़े लोगों के वाहनों से दूर रहें।

मोसाद ने आखिरी और चौथे निर्देश में ईरानियों से कहा है कि अगर किसी के पास आईआरजीसी से जुड़े कर्मचारी या अफसर के फोन पर अचानक कॉल या मैसेज आए तो तुरंत ही उससे दूर हो जाएं। मोसाद ने आगे कहा है कि ईरानी नागरिक सतर्क रहें क्योंकि नेता तो खुद को बचाने के लिए सुरंगों में छिपे हुए हैं लेकिन आपको जोखिम में हैं। ऐसे में जो दिशा निर्देश हमने दिए हैं, उनका पालन करें। ये आपकी जिंदगी को बचा सकते हैं।

इजरायल और ईरान के बीच दशकों से तनाव चल रहा है। इजरायल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम का विरोध किया है। हाल ही में इजरायल के ईरान पर हमले के बाद ये तनाव चरम पर पहुंच गया है।

इजरायल ने 13 जून को तेहरान में हमले करते हुए आईआरजीसी और ईरानी सेना के कई शीर्ष अफसरों को मार दिया था।

ईरान-इजरायल में 12 दिन की लड़ाई के बाद 24 जून को दोनों के बीच सीजफायर हुआ है। हालांकि मोसाद के इस बयान से साफ है कि इजरायल की ओर से ईरान के शीर्ष अफसरों पर हमला किया जा सकता है। इससे दोनों देशों के बीच तनाव एक बार फिर से बढ़ सकता है।

# सिंधु जल संधि को लेकर मध्यस्थता अदालत के फैसले से गदगद हुआ पाकिस्तान

## बातचीत की लगा दी गुहार

इस्लामाबाद, 28 जून (एजेंसियां)। सिंधु जल संधि पर गठित अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायालय के फैसले से पाकिस्तान गदगद है। इस्लामाबाद ने जम्मू कश्मीर में दो जल विद्युत परियोजनाओं पर हेग स्थित कोर्ट ऑफ ऑर्बिट्रेशन (मध्यस्थता न्यायालय) के फैसले का स्वागत किया है। इसके साथ ही सिंधु जल संधि से जुड़े मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत की इच्छा भी जताई। पाकिस्तान ने शनिवार सुबह जारी एक बयान में कहा कि 'इस समय उच्च प्राथमिकता यह है कि भारत और पाकिस्तान सार्थक बातचीत के लिए रास्ता खोजें, जिसमें सिंधु जल संधि के आवेदन पर चर्चा भी शामिल है।' भारत पहले ही मध्यस्थता न्यायालय के फैसले को दृढ़ता से खारिज कर चुका है।

शुक्रवार को नई दिल्ली ने कहा कि उसने पाकिस्तान के साथ विवाद समाधान के तथाकथित ढांचे को कभी मान्यता नहीं दी है। विदेश मंत्रालय ने किशनगंगा और



रातले जलविद्युत परियोजनाओं पर पाकिस्तान की आपत्तियों से संबंधित मामले में दिए गए फैसले का हवाला देते हुए कहा कि भारत इस तथाकथित 'पूरक निर्णय' को अस्वीकार करता है। अपने फैसले में मध्यस्थता न्यायालय ने कहा कि अप्रैल में सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का भारत का निर्णय विवाद पर उसके अधिकार को सीमित नहीं करता है तथा उसका फैसला सभी पक्षों पर बाध्यकारी है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'पाकिस्तान के इशारे पर यह नवीनतम नाटक आतंकवाद के वैश्विक केंद्र के रूप में अपनी भूमिका के लिए जवाबदेही से बचने का उसका एक और हताश प्रयास है।' विदेश मंत्रालय ने फैसले को संधि का खुला उल्लंघन बताया है। इसने बयान में कहा, 'आज, सिंधु जल संधि 1960 के तहत कथित रूप से गठित अवैध मध्यस्थता न्यायालय ने, संधि का खुला उल्लंघन करते हुए, भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं के संबंध में तथाकथित एक 'पूरक निर्णय' दिया है।' विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत का रुख हमेशा से यही रहा है कि इस तथाकथित मध्यस्थथा निकाय का गठन अपने आप में सिंधु जल संधि का गंभीर उल्लंघन है और इसके परिणामस्वरूप इस मंच के समक्ष कोई भी कार्यवाही और इसके द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय भी इसी कारण से अवैध है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के एक दिन बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। दोनों देशों के बीच यह संधि 1960 में हुई थी, जिसके तहत भारत के जम्मू-कश्मीर से होकर जाने वाली तीन नदियों का पानी पाकिस्तान को मिलता था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, 'जब तक संधि स्थगित है, तब तक भारत संधि के तहत अपने किसी भी दायित्व को पूरा करने के लिए बाध्य नहीं है।'

# ईरान जंग के बाद अब गाजा वॉर खत्म करेंगे ट्रम्प


## बोले- एक हफ्ते के भीतर सीजफायर संभव, भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का फिर क्रेडिट लिया

वॉशिंगटन, 28 जून (एजेंसियां)। ईरान जंग रुकवाने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा में इजराइल और हमास के बीच युद्ध खत्म करवाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'हमें लगता है कि अगले हफ्ते के भीतर सीजफायर हो जाएगा।'

ट्रम्प ने व्हाइट हाउस स्थित अपने ऑफिस ओवल ऑफिस में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'मैंने सीजफायर कराने की कोशिश में शामिल कुछ लोगों से बात की है।

मुझे लगता है कि यह बहुत करीब है।' हालांकि ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि उन्होंने किससे बात की है।

इसके साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाने का भी क्रेडिट लिया। उन्होंने कहा,



'मैंने अपने अधिकारियों से दोनों देशों के साथ सभी समझौते रद्द करने के लिए कहकर भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोक दिया था।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा, 'सभी ने देखा कि भारत-पाकिस्तान एक बड़ी जंग के कगार पर थे। दोनों के पास परमाणु ताकत है। मैंने दोनों को धमकी दी कि अगर जंग नहीं रुकी तो अमेरिका दिल्ली और इस्लामाबाद के साथ व्यापार नहीं करेगा। तब जाकर दोनों लड़ाई रोकने के लिए राजी हुए।'

भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक एकदूसरे पर ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद 10 मई को सीजफायर हुआ था। ट्रम्प ने सबसे पहले अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी थी। तब से वे 15 बार से ज्यादा बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष खत्म कराने का दावा कर चुके हैं।

हालांकि, भारत लगातार यह कहता रहा है कि सीजफायर पर सहमति भारत-पाकिस्तान के सेनाओं के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच सीधी बातचीत के बाद हुई थी। हालांकि, पाकिस्तान ने कई बार राष्ट्रपति ट्रम्प को सीजफायर का क्रेडिट दिया है।

पिछले हफ्ते पीएम मोदी ने ट्रम्प के साथ लगभग 35 मिनट फोन कॉल पर बात की की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि मोदी ने ट्रम्प से कहा कि भारत तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को कभी स्वीकार नहीं करेगा और सीजफायर को लेकर पाकिस्तान की तरफ से पहल की गई थी।

हमास-इजराइल के बीच 21 महीने से संघर्ष जारी है। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हमला कर दिया था। इजराइली आंकड़ों के अनुसार, इस हमले में 1,200 लोग मारे गए और 251 बंधक बनाए गए थे।

हमास ने यह हमला इजराइल के कब्जे, गाजा की नाकाबंदी और हजारों फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग के लिए किया था। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि 7 अक्टूबर के बाद इजराइल के सैन्य हमले में 56,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

सीजफायर को लेकर ट्रम्प की भविष्यवाणी ऐसे समय में आई है जब हमास और इजराइल, दोनों ने बातचीत या किसी समझौते से साफ इनकार कर दिया है।

# यूनुस सरकार अवैध, चुनाव के बाद बदलेगी तस्वीर

## मानवाधिकार कार्यकर्ता मंजिल मुर्शिद का बड़ा दावा

ढाका, 28 जून (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार और चुनावों को लेकर प्रमुख मानवाधिकार कार्यकर्ता मंजिल मुर्शिद ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि मोहम्मद यूनुस सरकार बांग्लादेश के संविधान के तहत वैध नहीं है। उम्मीद है कि आगामी चुनाव से लोकतांत्रिक अधिकार की स्थापना होगी और इसके बाद तस्वीर बदलेगी।

मानवाधिकार और शांति बांग्लादेश के अध्यक्ष मंजिल मुर्शिद ने कहा कि बांग्लादेश ने 5 अगस्त के बाद कानून के अनुसार काम नहीं किया। मुहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार के रूप में सत्ता में आए। जबकि संविधान में कार्यवाहक सरकार के बारे में कोई प्रावधान नहीं है। पांच अगस्त के बाद एक साजिश हुई। देश लोगों की मांग के अनुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव कराने के लिए आगे नहीं बढ़ा। मुर्शिद ने कहा कि अब अगर चुनाव होते हैं, तो तस्वीर बदलेगी। जब कोई पार्टी सत्ता में आती है, तो हमें उम्मीद है कि हमारे लोकतांत्रिक अधिकार स्थापित होंगे। वहीं एक राजनीतिक दल किसी अन्य राजनीतिक दल को काम करने और अपनी गतिविधियों को अंजाम देने के अधिकार से वंचित नहीं कर सकता, क्योंकि राजनीतिक दल मूल रूप से राजनीति और लोकतंत्र के बारे में होते हैं।

# जंग में मारे गए 60 ईरानी अफसरों का अंतिम संस्कार

## जनाजे में हजारों लोग पहुंचे, ईरानी विदेश मंत्री, स्पीकर सहित बड़े नेता भी शामिल

तेहरान, 28 जून (एजेंसियां)। इजराइल के साथ 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान मारे गए 60 ईरानी अफसरों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। इनमें 30 सैन्य कमांडर्स और 11 परमाणु वैज्ञानिक शामिल हैं। तेहरान में इनके जनाजे में हजारों लोगों की भीड़ जुटी है। जिन लोगों को दफनाया जाएगा, उनमें ईरान के सर्वोच्च सैन्य अधिकारी मोहम्मद बाघेरी भी शामिल हैं। वे ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ थे। अफसरों के शवों



को गाड़ियों पर ईरानी झंडे में लिपटे ताबूतों में रखे थे। ताबूतों के साथ अफसरों की तस्वीरें भी रखी थीं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची, पार्लियामेंट स्पीकर मोहम्मद बाकर कलीबाफ, ज्युडिश्यरी चीफ मोहसेनी-एजेई, आईआरजीसी कुद्स फोर्स कमांडर इस्माइल कानी सहित कई बड़े नेता और सैन्य अधिकारी भी जनाजे में पहुंचे हैं। ईरान और इजराइल के बीच 12 जून को जंग शुरू हुई थी। अमेरिका ने 22 जून को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। दो दिन बाद, 24 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर ईरान-इजराइल के बीच सीजफायर का ऐलान किया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के उस दावे को झूठा करार दिया, जिसमें उन्होंने इजराइल के खिलाफ जंग में जीत की ऐलान किया था। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर कहा, 'मैंने खामेनेई को एक भयानक और अपमानजनक मौत से बचाया।



# कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और लोकतंत्र को लेकर कांग्रेस का बड़ा हमला

## डोटासरा-जूली का तीखा बयान

अजमेर, 28 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने मौजूदा राज्य सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अजमेर में मीडिया से बातचीत के दौरान राज्य की कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अराजकता और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े किए। दोनों नेता जयपुर से जोधपुर जाते वक्त अजमेर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत के दौरान मीडिया से रूबरू हुए।

**भाजपा सिर्फ इवेंट मैनेजमेंट कर रही हैः डोटासरा**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा को लोकतंत्र और प्रजातंत्र में विश्वास नहीं है। वे सिर्फ इवेंट मैनेजमेंट करते हैं और देश को नफरत के आधार पर बांटकर सत्ता चला रहे हैं। डोटासरा ने कहा कि यह सरकार संसाधनों का दुरुपयोग करके सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। मुझे डर है कि अब उनके मंत्री और बड़े अधिकारियों का नंबर न आ जाए। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में कानून



व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। बजट में घोषणाएं तो होती हैं लेकिन उनका कोई असर जमीन पर दिखाई नहीं देता। सरकार नाम की कोई चीज नहीं है, ये सिर्फ एक सर्कस बनकर रह गई है। मुख्यमंत्री भाषण देने में व्यस्त हैं और जनता समस्याओं से जूझ रही है।

डोटासरा ने भाजपा और आरएसएस पर लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं ने बार-बार यह जताया कि वे संविधान में बदलाव करना चाहते हैं। इनकी मंशा है कि धर्म के आधार पर देश को बांटा जाए और आरएसएस की विचारधारा के अनुरूप नया संविधान लिखा जाए। जो कानून इंदिरा गांधी ने हटाया था, उसे फिर से लागू करने की बात की जा रही है। ये लोग अ घो षि त आ पा त का ल चला रहे है। डोटासरा ने नगर निकाय चुनावों के स्थगन, भरतपुर में डेढ़ साल से चुनाव न कराए जाने और सरदारशहर में अविश्वास प्रस्ताव रोकने की घटनाओं को उदाहरण के रूप में पेश किया और कहा, "राजस्थान में प्रजातंत्र को कुचला जा रहा है। ये लोग चुनाव से भाग रहे हैं।

डोटासरा ने कहा कि मंत्री खुद छापे मार रहे हैं, जबकि कार्रवाई का जिम्मा प्रशासन का होता है। उन्होंने राज्य में खाद वितरण में भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश से नकली खाद लाई गई, जिसमें सरकारी सहायता और बैंक लोन का दुरुपयोग हुआ। अगर किसानों ने वह खाद इस्तेमाल की, तो उनकी फसलें बर्बाद हो सकती हैं। इसका जिम्मेदार कौन होगा?

**जूली का हमलाः कुएं में भांग मिल चुकी है**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी राज्य सरकार पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य की संपदा को दोनों हाथों से लूट रही है और टेंडर प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी करके चहेते लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। एसीबी के एक अधिकारी द्वारा रिश्वत लेते पकड़े जाने पर उन्होंने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि जब एसीबी के अधिकारियों को एसीबी ही पकड़ रही है, तो समझिए कि कुएं में भांग मिल चुकी है। जूली ने यह भी आरोप लगाया कि कई अधिकारियों और नेताओं पर केस दर्ज होने के बावजूद उन्हें अभियोजन स्वीकृति नहीं दी जा रही है।

# क्रिकेट एसोसिएशन में बड़ा बदलाव

## एडहॉक कमेटी का पुनर्गठन कर डीडी कुमावत को सौंपी कमान

जयपुर, 28 जून (एजेंसियां)। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में लंबे समय से चल रहे विवाद और चुनाव टलने के चलते राज्य सरकार ने एक बार फिर एडहॉक कमेटी में बड़ा बदलाव करते हुए इसका पुनर्गठन कर दिया है। पूर्व कमेटी के कन्वीनर और बीजेपी विधायक जयदीप बिहाणी को हटाकर सवाई माधोपुर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष और भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष दीनदयाल कुमावत को कमेटी का नया कन्वीनर नियुक्त किया गया है।



पुनर्गठित कमेटी में दो प्रमुख नेता पुत्रों को शामिल किया गया है। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी के बेटे आशीष तिवाड़ी, जो सीकर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष हैं, को सदस्य बनाया गया है। वहीं अलवर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष और विधायक जसवंत सिंह यादव के पुत्र मोहित यादव को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

प्रतापगढ़ जिला क्रिकेट संघ के सचिव और भाजपा मीडिया सेल से जुड़े पिंकेश कुमार जैन को भी कमेटी में स्थान दिया गया है। जोधपुर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के बेटे धनंजय सिंह खींवसर को फिर से कमेटी में शामिल किया गया है, वे पूर्व कमेटी में भी सदस्य रहे थे।

सरकार ने पिछले साल 28 मार्च को आरसीए की कार्यकारिणी को भंग कर एडहॉक कमेटी का गठन किया था, जिसे 3 महीने में एसोसिएशन के चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई थी। हालांकि अब तक कुल 5 बार एडहॉक कमेटी बनाई जा चुकी है, लेकिन चुनाव नहीं हो सके। अब नई कमेटी को सितंबर 2025 तक हर हाल में आरसीए के चुनाव सम्पन्न कराने का जिम्मा सौंपा गया है। पूर्व कमेटी में कुल 6 सदस्य थे, जबकि वर्तमान कमेटी में कन्वीनर सहित 5 सदस्य शामिल हैं। सभी सदस्य किसी न किसी जिला क्रिकेट संघ से जुड़े हुए हैं।

# प्रदेश को जल्द मिलेगा पुलिस का नया मुखिया

## यूपीएससी ने तीन नामों के पैनल को दी मंजूरी

जयपुर, 28 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में नए डीजीपी की नियुक्ति की प्रक्रिया अब कुछ ही समय में पूरी कर ली जाएगी। संघ लोक सेवा अयोग ने राजस्थान कैडर के तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नामों का पैनल भेज दिया है। इसमें से एक अधिकारी प्रदेश के पुलिस महकमें का मुखिया होगा। यूपीएससी ने जिन तीन नामों के पैनल को मंजूरी दी है उनमें राजीव शर्मा, राजेश निर्वाण और संजय अग्रवाल के नाम शामिल हैं।



राजीव शर्मा · राजेश निरवन · संजय अग्रवाल

अब सीएम भजनलाल शर्मा इस पैनल में से किसी एक अधिकारी के नाम को मंजूरी देंगे। गौरतलब है, राजस्थान के पूर्व डीजीपी उत्कल रंजन साहू को हाल में सरकार ने लोक सेवा आयोग का चेयरमैन नियुक्त किया है। उनकी जगह डीजीपी का चार्ज भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के डीजी रवि प्रकशा महरडा को दिया गया जो 31 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

उनके कार्यकाल के विस्तर की अटकलें यूपीएससी से पैनल फाइनल होने के बाद खत्म हो चुकी हैं।

राज्यों में डीजीपी की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार (2006) के आदेश के तहत की जाती है। इस फैसले के अनुसार राज्य सरकार यूपीएससी को योग्य वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की सूची भेजती है। पुलिस महानिदेशक के पद के लिए गृह विभाग राजस्थान से वरिष्ठतम आईपीएस अधिकारियों की सूची तैयार कर डीओपी को भेजता है। डीओपी के जरिए इसे राज्य सरकार यूपीएससी को भेजती है। इसमें सेवा अवधि, वरिष्ठता, अनुभव और डीजीपी नियुक्ति के बाद 2 वर्ष की शेष सेवा शर्त का ध्यान रखा जाता है।

राजीव शर्मा (1990 बैच)- राजस्थान कैडर के सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हैं। वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर बीपीआरडी में डीजी हैं।

राजेश निर्वाण (1992 बैच)- इंटेलिजेंस महकमें में काम का अनुभव। वर्तमान में राष्ट्रीय विमानपत्तन सुरक्षा बल में डीजी (दिल्ली) हैं।

संजय अग्रवाल (1992 बैच)- वर्तमान में राजस्थान के इंटेलिजेंस डीजी हैं।

# पायलट-बेटे की मौत के बाद मां ने भी दम तोड़ा

## एक दिन पहले ही 12 दिन हुए थे, घर के बाहर लोगों से चर्चा कर रही थी



जयपुर, 28 जून (एजेंसियां)। केदारनाथ हेलिकॉप्टर क्रैश में मारे गए जयपुर के पायलट राजवीर सिंह चौहान की मां विजय लक्ष्मी चौहान की शनिवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। शुक्रवार को ही राजवीर की मौत के 12 दिन पूरे हुए थे।

दरअसल, 15 जून को केदारनाथ हेलिकॉप्टर क्रैश में पायलट राजवीर सिंह चौहान समेत 7 लोगों की मौत हो गई थी। राजवीर आर्मी से लेफ्टिनेंट कर्नल पद से रिटायर थे। सेना से रिटायर होने के बाद राजवीर एक प्राइवेट एविएशन कंपनी के लिए हेलिकॉप्टर फ्लाइंग कर रहे थे। सिंह 4 महीने पहले ही जुड़वां बेटों के पिता बने थे।

शनिवार सुबह शास्त्रीनगर राणा कॉलोनी में घर के बाहर परिवार और कॉलोनी के लोग बैठे हुए थे। इस दौरान विजय लक्ष्मी चौहान (58) पत्नी गोविंद सिंह चौहान के सीने में दर्द होने लगा। परिवार और कॉलोनी के लोग उन्हें लेकर कांवटिया अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**कल था सर्व समाज शास्त्री नगर का विशेष कार्यक्रम**

बता दें कि राजवीर सिंह चौहान के सम्मान में सर्व समाज की ओर से रविवार को मां भारती के वीर सपूत के नाम पर एक विशेष कार्यक्रम प्रस्तावित था। इसमें नंदी बाबा मंदिर के चौक और सड़क का नाम ले. कर्नल राजवीर सिंह चौहान करने, वीर तिरंगा यात्रा निकालने, सामूहिक श्रद्धांजलि सभा और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ रखा गया था। इसी कार्यक्रम की चर्चा के लिए सोना कंवर अपने रिश्तेदारों और कॉलोनी के लोगों से बातचीत कर रही थी।

# ट्रोले ने 30 मीटर तक बाइक को घसीटा, 2 युवकों की मौत

बांसवाड़ा, 28 जून (एजेंसियां)। राजस्थान के बांसवाड़ा में शनिवार को हुए भीषण हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा कलिंजरा थाना इलाके से गुजर रहे नेशनल हाईवे 26 पर हुआ। दरअसल यहां एक तेज रफ्तार ट्रोल ने बाइक सवार दो युवकों को भीषण टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया है। हादसा इतना भयानक था कि ट्रोला बाइक को करीब 30 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे में बाइक पूरी तरह से चकनाचूर हो गई। वहीं ट्रोल अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर खेत में बने गड्ढे में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच गया। उन्होंने दोनों युवकों को ट्रोले के नीचे से निकाला और पुलिस को सूचित किया। हादसे की सूचना मिलने पर कलिंजरा थाने के सीआई विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे। सिंह ने बताया कि हादसे में विजय कटारा (28) और जिगर सोलंकी (20) की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मृतक कुशलगढ़ के कसारवाड़ी गांव के निवासी थे। वे किसी कार्य के चलते बांसवाड़ा आ रहे थे।

# खुद ही भ्रष्ट निकला एसीबी का एडिशनल एसपी

## कार से रिश्वत के 9 लाख 35 हजार बरामद

जयपुर, 28 जून (एजेंसियां)। जयपुर एसीबी टीम ने एसीबी एडिशनल एसपी झालावाड़ जगराम मीणा को ट्रैप कर लिया। मीणा का हाल में वहां से तबादला हुआ था, जिसके बाद वे वहां से विदा होकर जा रहे थे। एसीबी को निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की गाड़ी में 9 लाख 35 हजार रुपए मिले। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़, स्पेशल यूनिट द्वितीय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने बताया कि एसीबी की टीम द्वारा जगराम मीणा की कार का झालावाड़ से जयपुर आते हुए शिवदासपुरा टोल पर किया औचक निरीक्षण किया गया और अभी कार्रवाई जारी है। ऐसा माना जा रहा है कि यह रुपए मासिक बंदी के हैं, जिन्हें झालावाड़ से समेटकर जगराम मीणा अपने साथ लेकर जा रहा था।

बता दें कि जगराम मीणा लगभग 1 वर्ष से अधिक समय से झालावाड़ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के एडिशनल एसपी के पद पर तैनात थे। यहां से कुछ दिन पहले जगराम मीणा का तबादला कर प्रेरणा शेखावत को झालावाड़ एडिशनल एसपी लगाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जगराम मीणा का झालावाड़ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय से विदाई समारोह किया गया था। जहां से रिलीज होने के पश्चात वह भीलवाड़ा जॉइनिंग के लिए निकला था।

# एयर इंडिया की फ्लाइट में महिला क्रू मेंबर के साथ अभद्रता

जयपुर, 28 जून (एजेंसियां)। दुबई से जयपुर आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट 9-195 में महिला क्रू मेंबर के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि टेक ऑफ के कुछ देर बाद ही एक यात्री ने महिला क्रू मेंबर को बार-बार बुलाकर उस पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं और उसके साथ दुर्व्यवहार किया।

महिला क्रू मेंबर ने इस घटना की जानकारी तुरंत फ्लाइट स्टाफ को दी, जिसके बाद आरोपी यात्री ने अन्य क्रू मेंबर्स के साथ भी अशोभनीय व्यवहार किया। इसी को लेकर फ्लाइट में काफी देर तक हंगामा चलता रहा। फ्लाइट के जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड करते ही स्टाफ ने आरोपी यात्री को सीआईएसएफ के हवाले कर दिया।

# 1.10 करोड़ की स्मैक जब्त, 3 लोग गिरफ्तार

करौली, 28 जून (एजेंसियां)। करौली जिले में अवैध स्मैक के खिलाफ पुलिस की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन स्मैक आउट के तहत कुड़गांव थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 293.09 ग्राम अवैध स्मैक जब्त कर चार लाख से अधिक की नकदी, एक मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार जब्त की गई स्मैक की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ 10 लाख रुपए है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम ने एसपी कार्यालय के सभागार में आयोजित पत्रकारवार्ता में जानकारी दी कि पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में जिले में अवैध स्मैक के खिलाफ ऑपरेशन स्मैक आउट चलाया जा रहा है। इसके तहत कुडग़ांव थाना पुलिस व डीएसटी ने कार्रवाई करते हुए तीन स्मैक तस्करों को गिरतार कर उनके कब्जे से 293.09 ग्राम अवैध स्मैक जब्त की है। उन्होंने बताया कि कुड़गांव थाना पुलिस व डीएसटी गुरुवार को थाने से रवाना होकर मुखबिर की सूचना पर गांवड़ियापुरा नड़ा पर नाकाबंदी कर रहे थे। इसी दौरान एक बिना नबर की बाइक पर तीन जने बैठकर आते दिखाई दिए, जो पुलिस की नाकाबंदी को देख बाइक को वापस घुमाकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने पीछा कर उन्हें रोका।

पुलिस ने तीनों की तलाशी ली तो बांरा जिले के हरनावदा शाहजी थाना क्षेत्र के मोतीपुरा निवासी घासीलाल मीना, सवाईमाधोपुर जिले के कुण्डेरा थाना क्षेत्र के उलियाना निवासी कमल मीना, सवाईमाधोपुर के गुड़ासी निवासी विकास मीना से अलग-अलग मात्रा में स्मैक जब्त की। घासीलाल से चार लाख 200 रुपए व एक मोबाइल भी जब्त किया है। वहीं विकास से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। एएसपी ने बताया कि तीनों जनों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच सपोटरा थानाधिकारी धारासिंह को सौंपी है।

एएसपी गुमना राम ने बताया कि जब्त की गई स्मैक की कीमत अन्तरराष्ट्रीय बाजार में करीब एक करोड़ 10 लाख रुपए है। आरोपी बांरा जिले से स्मैक खरीदकर सवाईमाधोपुर, गंगापुरसिटी, करौली, कुडग़ांव, सपोटरा इलाके में सप्लाई करते हैं।

# फिल्मी स्टाइल में सेंधमारी

## बदमाश ले उड़े डेढ़ करोड़ के गहने

जयपुर, 28 जून (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर के माणक चौक थाना क्षेत्र में तड़के एक ज्वैलरी कारखाने में फिल्मी अंदाज़ में सेंधमारी हुई। नकाबपोश चोरों ने एक फैक्ट्री से महज 6 मिनट में करीब डेढ़ करोड़ रुपये के सोने-हीरे के आभूषण चुरा लिए। घटना चौड़ा रास्ता इलाके की है, जहां चोर रस्सी के सहारे पास की बिल्डिंग से नीचे उतरकर चौथी मंजिल पर स्थित कारखाने में घुसे।

पुलिस के अनुसार पीड़ित अंकित खंडेलवाल निवासी पृथ्वीराज रोड, अशोक नगर ने रिपोर्ट दी है। उनका कारखाना सीताराम रत्नकोष भवन, नानाजी की गली, चौड़ा रास्ता में स्थित है। उन्होंने बताया कि कारखाने में बने कार्यालय में तैयार सोने के जेवर, डायमंड सेट और कीमती डिब्बों में रखा माल रखा था, जो चोरी हो गया है। बदमाशों ने खिड़की का शीशा तोड़कर फैक्ट्री में प्रवेश किया और महज कुछ मिनटों में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज की जांच में सामने आया है कि दो नकाबपोश युवक एक बाइक पर आए थे। उनमें से एक रस्सी के सहारे ऊपर चढ़ा और अंदर घुसकर दराजें खोल लीं। पुलिस का कहना है कि चोरों ने काफी प्रोफेशनल अंदाज़ में प्लानिंग के साथ वारदात की। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि करीब 1200 ग्राम सोना व अन्य बहुमूल्य गहने चोरी हुए हैं।

# दोस्त की पत्नी को घूमने के बहाने साथ लाया

## पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें डोडा चूरा पाया गया, दोनों गिरफ्तार

चित्तौड़गढ़, 28 जून (एजेंसियां)। दोस्त की पत्नी को घूमाने के बहाने चित्तौड़गढ़ लाने व लौटते समय कार में तस्करी के जरिए डोडा चूरा ले जा रहे युवक व महिला को गिरफ्तार कर जिले की बेगूं थाना पुलिस ने 137 किलो 30 ग्राम डोडा चूरा मय कार जब्त किया है। बेगूं थाना पुलिस की पिछले चार दिन में यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है।

**दो शातिर चोरों की पुलिस ने सरेबाजार कराई परेड**

पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि बेगूं थाना प्रभारी शिवलाल मीणा के नेतृत्व में उप निरीक्षक शिवराज, महिला सिपाही शर्मिला, सिपाही रमेश, धर्मेन्द्र, सुरेन्द्र, मनोहर, कमलेश, सुरेन्द्र मीणा, खेमाराम, भागीरथ व रतन सिंह की टीम शनिवार को तड़के करीब चार बजे मेनाल के निकट चित्तौड़गढ़-कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाकाबंदी कर रही थी। इस दौरान लाडपुरा की तरफ से एक कार आती दिखाई दी, जिसमें चालक के पास वाली सीट पर महिला बैठी हुई थी।

पुलिस ने कार को रुकवाने के लिए इशारा किया पर चालक नाकाबंदी तोड़कर कार को मेनाल की तरफ भगा ले गया। मेनाल-रावड़दा मार्ग पर कार की लाइट बंद कर चालक भागने लगा, जिसे पुलिस ने घेरा देकर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने खुद को हरियाणा के ऋषि नगर कैथल निवासी रामकेश (40) पुत्र नोरीयाराम ब्राह्मण होना बताया। महिला ने खुद को अरबन स्टेट अंबाला निवासी चिक्की (28) पत्नी प्रिंस गुप्ता होना बताया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें नौ कट्टों भरा हुआ अध कुचला डोडा चूरा पाया गया। जिसका तोल करवाने पर 137 किलो 30 ग्राम हुआ। पुलिस ने मय कार डोडा चूरा जब्त कर महिला व युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी रामकेश ने पुलिस को बताया कि चिक्की उसके दोस्त प्रिंस गुप्ता की पत्नी है और उसकी धर्म बहन है। वह उसे घूमाने के बहाने 26 जून को साथ लेकर आया था और हाइवे पर होटल में कमरा लेकर रुका था। दो दिन तक चित्तौड़ दुर्ग का भ्रमण करने के बाद लौटते समय रामकेश ने कार में डोडा चूरा भर लिया। ताकि, महिला साथ होने पर पुलिस को शंका नहीं हो। पुलिस आरोपी से डोडा चूरा की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया गया है।

# साइबर ठगों से छीने 150 मोबाइल

## फिर पत्थरों से तोड़ा, लगाई आग

अलवर, 28 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में अलवर के रामगढ़ थाना क्षेत्र में साइबर ठगी को रोकने के प्रयासों के तहत ग्रामीणों ने साइबर फ्रॉड में प्रयोग में लाए गए 150 मोबाइल तोड़ कर जला दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ तेजपाल सिंह ने शनिवार को बताया कि पुलिस की साइबर अपराध के खिलाफ चलाई गई मुहिम सफल होती नजर आ रही है, क्योंकि साइबर अपराधी खुद ही इस गोरखधंधे को छोड़ने को तैयार हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधियों पर निगरानी रखने के लिए बनाई गई ग्रामीणों की 11 सदस्यों की समिति लगातार साइबर अपराध के खिलाफ कार्य कर रही है। सिंह ने बताया कि नौगांवा थाना क्षेत्र में खोहड़ा करनाली गांव में समिति के सदस्यों ने साइबर अपराधियों से करीब डेढ़ सौ मोबाइल छीनकर पत्थरों से तोड़े और फिर उसके बाद उनको जला दिया।

# घर में घुसकर फायरिंग करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

## पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद

अलवर, 28 जून (एजेंसियां)। अरावली विहार थाना पुलिस ने घर में घुसकर जानलेवा फायरिंग करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी रामेश्वर लाल ने बताया कि मामला 27 फरवरी 2025 का है। रूपवास रेलवे फाटक के पास साइड देने को लेकर दीपचंद मीणा और आरोपी अनुराग केतन के बीच कहासुनी हो गई थी। मामूली विवाद ने बाद में रंजिश का रूप ले लिया। इसके बाद अनुराग केतन ने अपने साथी परमजीत गुर्जर के साथ मिलकर दीपचंद के घर में घुसकर फायरिंग की और मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद पुलिस अधीक्षक ने दोनों मुख्य आरोपियों पर पांच-पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए अरावली विहार थाना पुलिस ने विशेष टीम गठित की और तकनीकी सहायता के आधार पर मुख्य आरोपी अनुराग केतन और परमजीत गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी पकड़ा है, जिसने घटना में इनकी मदद की थी।

तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पांच दिन का पीसी रिमांड लिया गया है। पुलिस अब आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है और अन्य संभावित सहयोगियों की तलाश भी जारी है।

# पूर्वी राजस्थान में मानसून ने लिया ब्रेक

## पश्चिम में शिफ्ट हुए मेघ, जुलाई में बारिश का पलटवार

जयपुर, 28 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में तय वक्त से पहले पहुंचे मानसून ने प्रदेश के कई शहरों को जमकर भिगोया है। पहले चरण में मानसून पूर्वी राजस्थान में सबसे ज्यादा मेहरबान हुआ तो वहीं अब प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में भी मानसून सक्रिय होने लगा है। इसके चलते पूर्वी इलाकों में मानसून की सुस्ती आगामी दो तीन दिन रहने की आशंका है। हालांकि मौसम विभाग ने जुलाई के प्रथम सप्ताह में फिर से प्रदेशभर में झमाझम बारिश का दौर सक्रिय होने का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग में आगामी 3-4 दिन केवल छुटपुट स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्की-मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं 2 से 5 जुलाई के दौरान फिर से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में आगामी 2-3 दिन हल्के से मध्यम बारिश होने की संभावना है। 2-6 जुलाई के दौरान पुनः मानसून सक्रिय होने व भारी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान के जयपुर, भरतपुर, कोटा व उदयपुर संभाग में 2-6 जुलाई को कहीं-कहीं भारी बारिश व कहीं-कहीं अतिभारी बारिश होने की संभावना है। बदले विंड पैटर्न से पश्चिम में बादलों का मूवमेंट मौसम विज्ञानियों के अनुसार विंड पैटर्न में हुए बदलाव के कारण अब मानसून प्रदेश के पश्चिमी भागों की ओर खिसक कर सक्रिय हो रहा है। ऐसे में अगले दो तीन दिन पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में छिटपुट बारिश का दौर रहेगा। जबकि पश्चिमी राजस्थान के कुछ इलाकों में तेज बारिश होने के आसार हैं। जुलाई के प्रथम सप्ताह से फिर से मानसून सक्रिय होने और बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है।

# पीएम ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए शुभांशु से की बात

## 14 दिन के मिशन पर हैं ग्रुप कैप्टन

नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात की, जो इन दिनों नासा के एक्सिओम 4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) की यात्रा पर हैं। शुभांशु शुक्ला बुधवार को ऐतिहासिक यात्रा पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए, जो 41 साल के अंतराल के बाद भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान में वापसी का प्रतीक है।

**मिशन में शुभांशु शुक्ला के साथ ये अंतरिक्ष यात्री :**

शुभांशु के साथ इस मिशन में पोलैंड के स्लावोश उजनान्स्की-विस्निएव्स्की, हंगरी के टोबूर कापू और मिशन कमांडर पेग्गी व्हिटसन भी शामिल हैं।







एक्सिओम-4 मिशन का यह दल बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर रवाना हुआ। यह दल वहां दो हफ्ते तक वैज्ञानिक प्रयोग करेगा। इससे पहले 1984 में विंग कमांडर राकेश शर्मा सोवियत संघ के मिशन के तहत अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले भारतीय बने थे।

**कौन हैं ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला :**

शुभांशु ने 2006 में भारतीय वायुसेना में लड़ाकू पायलट के रूप में करियर शुरू किया था। उन्हें 2019 में गगनयान मिशन के लिए अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया। 2019 से 2021 के बीच उन्होंने रूस के यूरी गागरिन कॉस्मोनॉट प्रशिक्षण केंद्र में मूलभूत प्रशिक्षण लिया। इसके बाद 2025 में उन्होंने स्पेसएक्स में अपना प्रशिक्षण पूरा किया।

**मिशन की लॉन्चिंग पर शुभांशु के माता-पिता ने क्या कहा था :**

टीवी स्क्रीन पर शुभांशु को देख भावुक उनकी मां आशा शुक्ला ने कहा था, यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है। हम बहुत खुश हैं।

ये खुशी के आंसू हैं। उन्होंने कहा था, हम इस पल का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। आज हमारी खुशी की कोई सीमा नहीं है। वहीं, शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा था, उनके साथ हमारी दुआएं और आशीर्वाद हैं। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि मिशन कामयाब हो।

# रवींद्र भारती में बही सुर-ताल की लहरी

## ध्रुवपद गुरुकुलम फाउंडेशन ने स्थापना दिवस मनाया

हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। ध्रुवपद गुरुकुलम फाउंडेशन ने शनिवार को रवींद्र भारती में अपना स्थापना दिवस मनाया। इस फाउंडेशन का उद्देश्य सदियों पहले मंदिरों से उत्पन्न एक प्राचीन भारतीय हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत शैली ध्रुपद को संरक्षित, बढ़ावा देना और प्रचारित करना है।

ध्रुवपद गुरुकुलम फाउंडेशन के संस्थापक मनीष कुमार एक प्रसिद्ध ध्रुपद संगीतकार और श्रीमती विजया रामम, एक कला प्रेमी ने साथ मिलकर 2019 में इस फाउंडेशन की स्थापना की। तब से, उन्होंने कई संगीत कार्यक्रम, व्याख्यान प्रदर्शन, मंदिरों में ध्रुपद प्रस्तुतियां देने के साथ-साथ युवा पीढ़ी तक पहुंचकर उन्हें ध्रुपद से परिचित करा रहे हैं।

मनीष कुमार पिछले 10-12 वर्षों से ध्रुपद पढ़ा रहे हैं और हैदराबाद के साथ ही भारत और विदेशों के अन्य शहरों में भी उनके द्वारा अनेक छात्र इस विधा में काम कर रहे हैं।

आज, ध्रुवपद गुरुकुलम स्थापना दिवस समारोह के हिस्से के रूप में, उनके कुछ छात्र ध्रुपद शैली में प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया। दीप प्रज्वलन के बाद, समूह के रूप में उनके शिष्य



राग भूपाली में गणेश वंदना प्रस्तुत की। सुश्री सिंधु द्वारा अलाप प्रस्तुत किया गया। उसके बाद बंदिश शंकर सुता गणेश ने सुर लय भेद को बखान किया। बाद में कुछ वरिष्ठ छात्र अर्थात सुप्रीति, शिवाली, सन्निहिता, प्रेमा, माधवी और महति, हृदय ने अलग-अलग रागों में एक बंदिश के बाद अलाप के साथ व्यक्तिगत रूप से प्रदर्शन किया।

समापन सत्र फिर से समूह द्वारा राग मेघ में सुश्री बिंदु द्वारा अलाप प्रस्तुत किया गया। उसके बाद पारंपरिक बंदिश प्रबाला डाला (मियां तानसेन द्वारा गीत) और निसा दिन बरसात (सूरदास द्वारा गीत) प्रस्तुत किया गया। ग्रैंड फिनाले राग भारवी में किया गया। जया जया भैरवी कवि विद्यापति का एक गीतात्मक रत्न है और ध्रुपद शैली में संगीत ध्रुपद बंधु संजीव और मनीष द्वारा तैयार किया गया है भी प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर राग भूपाली- शंकर सुता गणेश- द्रुत सुलताल (10 बीट्स), सुर लय भेद का बखान- मध्य लय सूलताल (10 बीट्स), सुप्रीति जी: राग भैरव- चौताल (12 ताल) - सघना बाण छायो, शिवली- राग यमन - तेरो दरस से - चौताल (12 बीट्स) प्रेमा जी- राग बिहाग - कहां से तुम मद पी आये हो - ताल धमार (14 बीट्स), सन्निहिता जी - राग प्रदीप - जब करतार करम करे- चौताल (12 ताल), माधवी जी और महती- राग चंद्रकौंस- चलो सखी ब्रज में धूम मची- ताल धमार (14 बीट्स), हे शिव शंकर द्रुत सूलताल (10 बीट्स) हृदय- मियां की मल्हार - आई है घाटा (चौताल), शंभू भोलानाथ (सूलताल) की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

# तेलंगाना की भावी पीढ़ियों के लिए सरकार दिन-रात काम कर रही है : श्रीधर बाबू



हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री दुद्दिल्ला श्रीधर बाबू ने कहा कि राज्य सरकार तेलंगाना की भावी पीढ़ियों के लिए दिन-रात काम कर रही है। शनिवार को यहां गच्चीबावली पीजेआर फ्लाईओवर का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में जनता की सरकार हैदराबाद को वैश्विक महानगर में बदलने के लिए व्यवस्थित कदम उठा रही है।

उन्होंने कहा, पहली बार कांग्रेस सरकार ने 2024-25 के बजट में शहरी विकास के लिए 10,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। शहरी विकास को और गति देने के लिए सरकार ने फ्लाईओवर, अंडरपास और सड़क चौड़ीकरण के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 7,032 करोड़ रुपये के निवेश के साथ हैदराबाद सिटी इनोवेटिव एंड ट्रांसफॉर्मेटिव इंफ्रास्ट्रक्चर (एच-सीआईटीआई) परियोजना शुरू की है। इसके तहत हम 28 फ्लाईओवर, 13 अंडरपास, 4 आरओबी, 3 आरयूबी और 10 प्रमुख बिंदुओं पर सड़क विस्तार कर रहे हैं। मंत्री ने आगे कहा कि हैदराबाद में वाहनों की तेजी से बढ़ती संख्या के साथ, राज्य सरकार एआई तकनीक का उपयोग करके हर ट्रैफिक सिग्नल को स्मार्ट सिग्नल में बदलने की योजना को लागू कर रही है।

श्रीधर बाबू ने हैदराबाद में मेट्रो चरण- II परियोजना का समर्थन नहीं करने के लिए केंद्र सरकार की भी आलोचना की। श्रीधर बाबू ने कहा, जब हमने केंद्र से सहायता मांगी, तो उसने कोई जवाब नहीं दिया और एक भी रुपया मंजूर नहीं किया गया। तेलंगाना इस देश का अभिन्न अंग है। हम मेट्रो परियोजना के लिए धन जारी करने के लिए केंद्र पर दबाव बनाना जारी रखेंगे।

## कोंडा मुरली कांग्रेस पार्टी की अनुशासन समिति के समक्ष पेश हुए

हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व एमएलसी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कोंडा मुरली शनिवार को आज कांग्रेस पार्टी की अनुशासन समिति के समक्ष पेश हुए और स्पष्टीकरण दिया। पूर्व वारंगल जिले के नेताओं, जिनमें कई विधायक, एमएलसी और पार्टी के प्रमुख नेता शामिल हैं, ने हाल ही में मंत्री कोंडा सुरेखा और उनके पति, पूर्व एमएलसी कोंडा मुरली के खिलाफ पार्टी के उच्च अधिकारियों के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने दंपति पर स्वतंत्र रूप से काम करने, अन्य पार्टी सदस्यों के साथ सहयोग करने में विफल रहने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उन्हें हाशिए पर रखने का आरोप लगाया। नेताओं ने एआईसीसी तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन और टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ से अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का आह्वान किया। इसके बाद, अनुशासन समिति ने कोंडा मुरली को नोटिस जारी कर स्थिति के बारे में स्पष्टीकरण मांगा।

## 44 डीएसपी रैंक के अधिकारियों का तबादला, नई नियुक्तियां घोषित

हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने शनिवार को विभिन्न विभागों और आयुक्तालयों में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) रैंक के 44 अधिकारियों के स्थानांतरण और नई नियुक्ति के आदेश दिए। इस फेरबदल में कानून प्रवर्तन, मादक पदार्थ नियंत्रण, यातायात और विशेष ऑपरेशन इकाइयों में स्थानांतरण शामिल हैं।

**कुछ प्रमुख नियुक्तियां :**

बी किशन कुमार- एसीपी (आसिफनगर), जी श्याम सुंदर- एसीपी (मीरचौक), के. शंकरैया- डीएसपी (एंटी-नारकोटिक्स ब्यूरो), पी. सतियाह- एसीपी, विशेष ऑपरेशन टीम (एसओटी) राचकोंडा, वाई नागेश्वर राव- एसीपी, सीसीएस, (साइबराबाद), के. चंद्र शेखर रेड्डी- एसीपी माधापुर (यातायात), वाई नरसिम्हा रेड्डी- डीएसपी जीएचएमसी, पी श्रीनिवास- डीजीपी कार्यालय में तैनात। ये स्थानांतरण नियमित प्रशासनिक फेरबदल का हिस्सा हैं जिसका उद्देश्य राज्य में प्रमुख कानून प्रवर्तन इकाइयों में परिचालन दक्षता को अनुकूलतम बनाना है।

## डॉ. नवाब ने भारत में कजाकिस्तान के राजदूत अज़मत यसकारयेव से की मुलाकात

हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के लिए हैदराबाद में कजाकिस्तान गणराज्य के मानद वाणिज्यदूत डॉ. नवाब मीर नासिर अली खान ने नई दिल्ली स्थित दूतावास में भारत में कजाकिस्तान गणराज्य के राजदूत अज़मत यसकारायेव से मुलाकात की। बैठक के दौरान, डॉ. खान ने राजदूत को कजाकिस्तान के अस्ताना की अपनी हाल की आधिकारिक यात्रा के बारे में जानकारी दी, जहाँ उन्होंने भारत और कजाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने तेलंगाना और कजाकिस्तान के बीच प्रत्यक्ष जुड़ाव को बढ़ावा देने में बढ़ती रुचि पर भी प्रकाश डाला। डॉ. खान ने हवाई संपर्क और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के लिए हैदराबाद और अल्माटी के बीच सीधी उड़ान मार्ग शुरू करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सीधी हवाई संपर्क से चिकित्सा पर्यटन को बहुत लाभ होगा, जिससे कजाख नागरिकों के लिए हैदराबाद की विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं और अस्पतालों तक पहुंच आसान हो जाएगी, जिन्हें पहले से ही अंतरराष्ट्रीय रोगियों द्वारा व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है।

## जायसवाल क्लब का राष्ट्रीय अधिवेशन हैदराबाद में : राकेश जायसवाल




हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आज जायसवाल क्लब के 8वीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक हैदराबाद में राकेश जयसवाल के नेतृत्व में प्रथम दिवस की बैठक संपन्न हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज जायसवाल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय विधायक रमेश जायसवाल एवं कई प्रांत से अखिल भारतीय जायसवाल समाज के आए हुए वरिष्ठगण की मौजूदगी में जायसवाल क्लब का वार्षिक पत्रिका का भी विमोचन किया गया। कई प्रांत से आए हुए वक्ताओं ने समाज को एकजुट करने के लिए अपनी अपनी राय दिए और भविष्य में सरकार में अपनी भागीदारी बने उसके लिए समाज को संगठित हो एकजुट करने के बारे में जानकारी दी। प्रथम दिवसीय कार्यक्रम में जायसवाल क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष/संस्थापक मनोज जायसवाल के नेतृत्व सभी स्वजातीय लोगों ने समाज को संगठित करने का वचन लिया राष्ट्रीय अध्यक्ष/संस्थापक जायसवाल क्लब मनोज जायसवाल, पंडित दीनदयाल विधायक रमेश जायसवाल, राकेश जयसवाल, नंदलाल जायसवाल, रविंद्र जायसवाल, (प्रदेश प्रवक्ता) प्रकाश जायसवाल, पूर्व मंत्री तेलंगाना वी श्रीनिवास गौड़, पूर्व मंत्री कर्नाटक वी माल्क्या गोटेदार, प्रियंका जायसवाल, कमलेश जायसवाल, ऋतु जायसवाल, राजेश जायसवाल, राखी जायसवाल, तिलक भामाशाह, नीला सुहवल इत्यादि समाज के तमाम लोग उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई को

हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। नागाराम स्थित सतगुरु तेज धाम आश्रम पर गुरुभक्तों द्वारा विशेष आम मीटिंग आयोजितकर पूज्य गुरुजी श्री तेजबिहारीजी महाराज का गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई को भव्य रूप से आयोजित करने पर विचार-विमर्श किया गया।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में अमरचन्द अडाणीया ने बताया कि गुरुभक्तों के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई को प्रातः बेला में गुरुजी की तस्वीर पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित व पुजा-अर्चना कर प्रातः 9 बजे से भजन एवं 10.15 बजे से गुरुजी श्री तेजबिहारीजी महाराज के चरणों में श्रद्धा के पुष्प व श्रीफल भेंटकर, परिवार की सुख-समृद्धि की कामना कर गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया जाएगा।




पधारे भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था 12.15 बजे से कार्यक्रम स्थल पर की जाएगी। कार्यक्रम के सम्बंध में विशेष जानकारी के लिए मिश्रीलाल अडाणीया शमशेरगंज, देवाराम सीरवी गच्चीबावली, मांगीलाल बावलेचा ईशनापुर, बाबुलाल अडाणीया गंगाराम, सोहनलाल माणणीया अलियाबाद, अमरचन्द अडाणीया नागोल, ओमप्रकाश चांदौरा नादरगुल, भागीरथ माननीया, जोगाराम अडाणीया चीरीयाल, बुद्धाराम होतवाल बोलारम, शंकरलाल मोटावत किशनबाग, जवताराम माननीया से सम्पर्क करें।

गुरुजी के सभी भक्तों से निवेदन है उपरोक्त कार्यक्रम में समय पर सपरिवार पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेवें।

## महाप्रबंधक ने ट्रेन परिचालन से संबंधित सुरक्षा समीक्षा बैठक की




हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने रेल निलयम, सिकंदराबाद में एक व्यापक सुरक्षा समीक्षा बैठक आयोजित की। सत्र में विशेष रूप से चल रहे मानसून के मौसम के मद्देनजर ट्रेन सुरक्षा और समय की पाबंदी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। नीरज अग्रवाल (अतिरिक्त महाप्रबंधक) के साथ सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर और नांदेड़ डिवीजनों के प्रमुख विभागाध्यक्ष और मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) ने बैठक में भाग लिया। महाप्रबंधक ने मानसून के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल के सख्त कार्यान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को पटरियों, पुलों और भारी वर्षा वाले क्षेत्रों जैसे संवेदनशील स्थानों पर गश्त तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने डीआरएम को परिचालन व्यवधानों को रोकने के लिए सिग्नलिंग सिस्टम के विश्वसनीय कामकाज को सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान, अरुण कुमार जैन ने शंकरपल्ली और नागुलापल्ली स्टेशनों के बीच एक लेवल क्रॉसिंग पर एक वाहन के पटरी में घुसने की हाल की घटना पर चर्चा की। उन्होंने लेवल क्रॉसिंग पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने का आह्वान किया, कर्मचारियों से सतर्क रहने और ऐसी घटनाओं की तुरंत उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट करने का आग्रह किया। उन्होंने अधिकारियों को जोन में लेवल क्रॉसिंग पर अतिक्रमण के बारे में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने सलाह दी कि शरारती गतिविधियों की निगरानी और उन्हें रोकने के लिए अतिरिक्त आरपीएफ और ट्रैक गश्ती कर्मियों की तैनाती की जाए। अरुण कुमार जैन ने विशेष रूप से प्रतिकूल मौसम की स्थिति के दौरान सुरक्षित और निर्बाध ट्रेन परिचालन बनाए रखने के लिए सक्रिय और समन्वित प्रयासों के महत्व को दोहराया।

# मेडिकल कॉलेज में बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए कदम उठाए जाएंगे : आयशा खानम



कुमरमभीम आसिफाबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य स्वास्थ्य विभाग निदेशक आयशा मसरत खानम ने कहा कि सरकारी मेडिकल कॉलेज में छात्रों के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए कदम उठाए जाएंगे। शनिवार को उन्होंने जिला मुख्यालय के पास अंकुशपुर में सरकारी मेडिकल कॉलेज का दौरा किया। जिला कलेक्टर वेंकटेश दोत्रे के साथ कॉलेज में कमरों और कक्षाओं का निरीक्षण किया, छात्रों से बात की और सुविधाओं और शिक्षा का विवरण जाना। बाद में, कॉलेज के प्राचार्य और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

इस अवसर पर बोलते हुए, राज्य स्वास्थ्य विभाग निदेशक ने कहा कि कॉलेज में छात्रों को बिना किसी असुविधा के पूरी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, मेडिकल कॉलेज में पढ़ाने के लिए जल्द ही प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति की जाएगी, और लैब तकनीशियन और अन्य कर्मचारियों को अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है और छात्रों के लिए छात्रावासों का निर्माण जल्द ही पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार जन कल्याण एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देकर चिकित्सा क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है तथा लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए कदम उठाएगी।

जिला कलक्टर ने कहा कि सरकारी अस्पताल से जुड़े नर्सिंग कॉलेज भवन को पूरा करवाना तथा इसी क्षेत्र में मेडिकल छात्रों के आवास के लिए छात्रावास को शीघ्र पूरा करवाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि छात्रों को बिना किसी परेशानी के सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद उन्होंने जिला केन्द्र स्थित सरकारी अस्पताल का दौरा किया तथा डायलिसिस केन्द्र एवं गहन चिकित्सा इकाई कक्षों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं, चिकित्सक एवं कर्मचारी अपनी ड्यूटी के प्रति समय पर उपस्थित रहें, लोगों को समय पर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाएं तथा आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने अस्पताल में निर्माणाधीन भवनों के कक्षों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा कई सुझाव दिए। इस कार्यक्रम में सरकारी मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल श्रीलक्ष्मी, सरकारी अस्पताल के पर्यवेक्षक, डॉक्टर, इंजीनियरिंग अधिकारी और अन्य लोगों ने भाग लिया।

# केटीआर ने बदनाम करने वाले अभियान चलाने वालों के खिलाफ दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। टेलीफोन टैपिंग विवाद के सिलसिले में उनके खिलाफ निराधार और दुर्भावनापूर्ण प्रचार फैलाने वाले व्यक्तियों और मीडिया आउटलेट्स को कड़ी चेतावनी देते हुए, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव ने शुक्रवार को बीआरएस नेतृत्व की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के प्रयास में झूठ और अपमानजनक सामग्री फैलाने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की कसम खाई।

इस नापाक अभियान की निंदा करते हुए उन्होंने कुछ व्यक्तियों को,



जिन्हें उन्होंने 'पत्रकारों के वेश में छिपे हुए' बताया, उनके और बीआरएस के खिलाफ जानबूझकर बदनाम करने वाला अभियान चलाने के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कुछ मीडिया घरानों और उनके सहयोगियों पर दुर्भावनापूर्ण इरादे से झूठ फैलाने के लिए मिलकर काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पिछले कुछ महीनों से, पत्रकार और मीडिया घरानों के मालिक बनकर कुछ लोग मेरे और बीआरएस नेतृत्व के खिलाफ़ ज़हर उगल रहे हैं।

केटीआर ने इस बात पर जोर देते हुए कि इस तरह के हमलों का उन पर कोई व्यक्तिगत प्रभाव नहीं पड़ता है, इस बात पर प्रकाश डाला कि बार-बार चरित्र हनन से उनके परिवार के सदस्यों पर कितना गहरा भावनात्मक असर पड़ा है। उन्होंने कहा, मीडिया के नाम पर ये दुर्भावनापूर्ण हमले मेरे शुभचिंतकों, पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को परेशान कर रहे हैं। बीआरएस नेता ने चेतावनी दी कि इस तरह के दुष्प्रचार में शामिल हर व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। केटी रामा राव ने कहा, हम पर्दे के पीछे काम करने वालों और इन घृणित प्रयासों में शामिल लोगों को कानूनी तरीकों से उचित जवाब देंगे।

## अपोलो फार्मेसी सोमवार को मंचेरियल में 100 पदों पर भर्ती करेगी

मंचेरियल, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। कस्बे के एमआईएमएस डिग्री कॉलेज परिसर में सोमवार को एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी रविकृष्ण ने एक बयान में कहा कि अपोलो फार्मेसी द्वारा 100 रिक्तियों को भरा जाएगा। इस अभियान के दौरान फार्मासिस्ट, प्रशिक्षु फार्मासिस्ट, फार्मेसी सहायक और खुदरा प्रशिक्षु सहयोगियों की भूमिकाएं निभाई जाएंगी। एसएससी, इंटरमीडिएट, डी फार्मेसी, बी फार्मेसी या डिग्री कोर्स पास करने वालों को इस अभियान में भाग लेने की सलाह दी जाती है।

## कढ़ाई मशीन को लेकर ग्राहक से धोखाधड़ी करने के आरोप में एक गिरफ्तार

हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसने कढ़ाई मशीन बेचने के बहाने एक व्यक्ति से पैसे वसूल कर उसके साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी की थी। एसआर नगर निवासी और आंध्र प्रदेश के मूल निवासी पेकेटी वीरबाबू (30) ने एक ऑनलाइन पोर्टल पर कढ़ाई मशीन की बिक्री के बारे में एक विज्ञापन पोस्ट किया था। विज्ञापन देखने के बाद, एक व्यक्ति ने वीरबाबू से संपर्क किया और मशीन खरीदने की इच्छा जताई। साइबर क्राइम के एसीपी आरजी शिव मारुति ने बताया, वीरबाबू ने उस व्यक्ति से मशीन की कीमत के तौर पर 2.30 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करने को कहा। बाद में उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर वीरबाबू को गिरफ्तार कर लिया।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com






# यूथ वनडे- भारत ने इंग्लैंड को 6 विकेट से हराया

## वैभव ने 48 रन बनाए

लंदन, 28 जून (एजेंसियां)। भारत की अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड की अंडर-19 टीम को पहले वनडे मैच में 6 विकेट से हराकर सीरीज की शानदार शुरुआत की. पांच मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में भारतीय युवा खिलाड़ियों ने 175 रनों के लक्ष्य को 24 ओवर में ही हासिल कर लिया.

**वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी**

मैच में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी और 17 वर्षीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने धमाकेदार शुरुआत की, और 8वें ओवर में ही टीम का स्कोर 71 रनों तक पहुंचा दिया. वैभव ने 19 गेंदों में 48 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 5 छक्के शामिल थे. जबकि म्हात्रे 21 रन बनाकर पवेलियन लौट गए.

**मैच के बाद वैभव की पोस्ट वायरल**



मैच के बाद वैभव ने टीम के स्पोर्ट्स मसाज थेरेपिस्ट मंगेश गायकवाड के साथ सोशल मीडिया पर एक फोटो पोस्ट की, जिसमें उन्होंने फिल्म इंकबाल का प्रेरणादायक गाना आशाएं भी गाया. बता दें कि इस साल आईपीएल में वैभव सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए पुरुष टी20 में शतक जड़ने वाले सबसे छोटे खिलाड़ी बने थे. उन्होंने 35 गेंद पर शतक जड़कर इतिहास रचा था.

**आयुष म्हात्रे और वैभव की शानदार साझेदारी**

मैच में आयुष म्हात्रे और वैभव के बीच पहले विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी हुई. सूर्यवंशी के जाने के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने नाबाद 45 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी.

इससे पहले, इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 42.2 ओवर में 174 रन पर ढेर हो गई. इसहाक मोहम्मद ने 28 गेंदों में चार छक्कों और तीन चौकों की मदद से 42 रन की पारी खेली, जबकि रॉकी फ्लिंटॉफ ने 56 रनों की पारी खेली.

भारत को स्पिनरों, मोहम्मद एनान और कनिष्क चौहान ने मिलकर पांच विकेट लिए, जबकि हेनिल पटेल और आरएस अम्बरिश को एक-एक विकेट मिला. दूसरा मैच 30 जून को खेला जाएगा.

# पंत लगातार तीसरा शतक लगाकर बना सकते हैं इतिहास

## इंग्लैंड में द्रविड़ के बाद दूसरे भारतीय बन सकते हैं; 2 जुलाई से दूसरा टेस्ट

लंदन, 28 जून (एजेंसियां)। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में एजबेस्टन में एक और शतक लगाकर डॉन ब्रैडमैन, राहुल द्रविड़ और ब्रायन लारा जैसे दिग्गजों की सूची में शामिल हो सकते हैं। ऋषभ पंत ने अपनी शानदार टेस्ट फॉर्म जारी रखते हुए पहले लीड्स टेस्ट में 134 और 118 रन की आकर्षक और काउंटर-अटैकिंग पारियां खेलीं, जो बेकार गईं क्योंकि भारत 371 रनों के लक्ष्य का बचाव करने में नाकाम रहा और पांच विकेट से हार गया। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज का इंग्लैंड में शानदार रिकॉर्ड है, जहां उन्होंने 10 टेस्ट और 19 पारियों में 42.52 की औसत से 808 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 146 है।



पिछली बार जब वह जुलाई 2022 में एजबेस्टन में थे, तो उन्होंने 111 गेंदों में 19 चौकों और चार छक्कों की मदद से 146 रनों की काउंटर-अटैकिंग पारी खेली थी, और रवींद्र जडेजा के साथ उनकी साझेदारी ने भारत को 98/5 की मुश्किल स्थिति से 416 रनों तक पहुँचाया था। भारत यह मैच हार गया क्योंकि इंग्लैंड ने उनके द्वारा निर्धारित 378 रनों का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिया था। अब, अगर पंत एजबेस्टन में एक और शतक लगाते हैं, तो वह ब्रैडमैन, ऑस्ट्रेलिया के वॉरेन बार्डस्ले, द्रविड़, लारा, ऑस्ट्रेलिया के चार्ल्स जॉर्ज मैकआर्टनी और न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल के बाद इंग्लैंड में लगातार तीन टेस्ट में शतक बनाने वाले सातवें विदेशी बल्लेबाज बन जाएंगे। वह 23 साल बाद द्रविड़ के बाद यह उपलब्धि दोहराने वाले केवल दूसरे भारतीय होंगे, जिन्होंने नॉटिंघम में 115, लीड्स में 148 और द ओवल में 217 रन बनाए थे। यह उपलब्धि हासिल करने वाले नवीनतम विदेशी बल्लेबाज कीवी ऑलराउंडर मिशेल थे, जिन्होंने लॉर्ड्स में 108, नॉटिंघम में 190 और लीड्स में 109 रन बनाए थे। एक भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक शतक और दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में एक एशियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज द्वारा बनाए गए रनों के मामले में एमएस धोनी को पीछे छोड़ने और लीड्स में एक टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज बनने के बाद, क्या पंत अब तक की सीरीज में अपना ऐतिहासिक प्रदर्शन जारी रख पाएंगे?

# 'शानदार उपलब्धि', नंबर-एक भारतीय बनने और उजचेस कप जीतने पर गौतम अदाणी ने प्रज्ञानंद को दी बधाई

ताशकंद, 28 जून (एजेंसियां)। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ताशकंद में उजचेस कप मास्टर्स 2025 जीतने के बाद लाइव रेटिंग में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए। इस जीत से प्रज्ञानंद की लाइव रेटिंग 2778.3 तक पहुंच गई जिससे वह तीन स्थान की उछाल से दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बन गए। इस तरह उन्होंने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की।

अदणी समूह के चेयरमैन और बिजनेस टाइकून गौतम अदाणी ने शनिवार को ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानंद की सराहना की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया, 'बधाई हो प्रज्ञानंद! आप पर गर्व है! उजचेस कप जीतना, भारत का नंबर एक और दुनिया के चौथे नंबर का खिलाड़ी





बनना क्या उपलब्धि है! और आप अभी भी सिर्फ 19 साल के हैं! भारत के युवा वास्तव में हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं।'

इस 19 साल के खिलाड़ी ने विश्व चैंपियन डी गुकेश (2776.6) और अर्जुन एरिगैसी (2775.7) को पछाड़ दिया जो गुरुवार तक भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी थे, लेकिन अब दुनिया के छठे नंबर पर खिसक गए। मैग्नस कार्लसन (2839.2) शीर्ष पर बने हुए हैं। प्रज्ञानंद ने अंतिम दिन स्थानीय दावेदार नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से एक अंक पीछे और जावोखिर सिंदारोव से आधा अंक पीछे से शुरुआत की।

अंतिम दौर में अब्दुसत्तोरोव पर एक अहम जीत ने उन्हें राउंड-रॉबिन चरण के अंत में 5.5 अंक के साथ दोनों खिलाड़ियों के बराबर लाने में मदद की। एरिगैसी ने अरविंद चितंबरम के साथ ड्रा करके इसे चार खिलाड़ियों का टाई बनाने का मौका गंवा दिया। टाईब्रेक के पहले दौर में तीनों खिलाड़ियों ने डबल राउंड-रॉबिन ब्लिट्ज में दो अंक हासिल किए।

अब्दुसत्तोरोव और सिंदारोव ने अपनी दोनों बाजी ड्रा की जबकि प्रज्ञानंद ने दोनों को सफेद मोहरों से हराया लेकिन काले मोहरों से हार गए। दूसरे टाईब्रेक में प्रज्ञानंद ने अब्दुसत्तोरोव के साथ सफेद मोहरों से ड्रा किया और सिंदारोव को काले मोहरों से हराया। सिंदारोव की अब्दुसत्तोरोव पर जीत ने भारतीय खिलाड़ी के लिए खिताब पक्का कर दिया।

यह प्रज्ञानंद का इस साल का तीसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट और रोमानिया में ग्रैंड शतरंज टूर सुपरबेट क्लासिक में जीत हासिल की थी। इस महीने की शुरुआत में स्टीफन अवग्यान मेमोरियल में भी वह उपविजेता रहे थे। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने सोशल मीडिया पर प्रज्ञानंद को बधाई देते हुए लिखा, 'उज्बेकिस्तान शतरंज कप जीतने के लिए आर प्रज्ञानंद को बधाई।'

उन्होंने लिखा, 'इस साल यह उनकी तीसरी बड़ी क्लासिकल जीत। इस साल उनकी सभी जीतों में से इस जीत की संभावना सबसे कम लग रही थी।

उन्होंने अर्जुन एरिगैसी को हराया और आज अहम मैच में अब्दुसत्तोरोव को हराकर पहला स्थान हासिल किया। वह शतरंज की दुनिया में नए चौथे नंबर के और भारत में सर्वोच्च रेटिंग वाले खिलाड़ी हैं।'

# तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी का जलवा

## अमेरिकी ओपन बैडमिंटन के सेमीफाइनल में पहुंचे





लोवा (अमेरिका), 28 जून (एजेंसियां)। भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। 16 वर्ष की तन्वी ने 33 मिनट के भीतर मलेशिया की ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी कारूपाथेवन लेतशाना को 21 . 13, 21 . 16 से हराया ।

आयुष ने जूनियर विश्व चैम्पियन चीनी ताइपै के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया। पुरूष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और रूबान कुमार आर को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चियांग चियेन और वेइ वू सुआन यि ने 21-9, 21-19 से मात दी।

तन्वी का सामना अब यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा जबकि आयुष की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन से होगी।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराया

## हेजलवुड-लायन ने दिलाई जीत ; वेस्टइंडीज के 7 बल्लेबाज डबल डिजिट तक नहीं पहुंचे

बारबाडोस, 28 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने बारबाडोस में खेल गए पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को पहले ही सेशन में धूल चटा दी। अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करते हुए एक बड़ी जीत दर्ज की। जोश हेजलवुड ने दूसरी पारी में पांच विकेट चटकाए और ऑस्ट्रेलिया की वेस्टइंडीज के खिलाफ 159 रन की जीत दर्ज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

301 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम ने मिशेल स्टार्क की गेंद पर पूर्व कप्तान क्रैग ब्रैथवेट को जल्दी खो दिया। दूसरे ओपनर जॉन कैम्पबेल और तीसरे नंबर के कीसी कार्टी ने कुछ आक्रामक स्ट्रोक खेल दिखाते हुए वेस्टइंडीज को 50 के करीब पहुंचाया, लेकिन हेजलवुड ने अपना जलवा दिखाया। कैम्पबेल और ब्रैंडन किंग को लगातार गेंद पर आउट कर टीम का



स्कोर 3 विकेट पर 47 रन कर दिया।

**56 रन पर गंवा दिए थे पांच विकेट**

पहली पारी में विवादास्पद तरीके से आउट दिए गए कप्तान रोस्टन चेज को हेजलवुड की गेंद पर सैम कोंस्टास ने स्लिप में कैच कर लिया, जिससे मेजबान टीम का स्कोर 49/4 और फिर 56/5 हो गया। जब आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश ने कार्टी को आउट कर दिया।

**100 के अंदर 8 बल्लेबाज लौटे पवेलियन**

कप्तान पैट कमिंस ने शाई होप को क्लीन बोल्ड कर बड़ा झटका दिया। उसके बाद मार्नस लैबुशेन ने अल्जारी जोसेफ को रन आउट कर दिया। हेजलवुड ने जोमेल वारिकन को विकेट के पीछे कैच कराकर अपना पांचवां विकेट पूरा किया, जिससे विंडीज का स्कोर 86 रन पर 8 विकेट हो गया।

**9वें विकेट लिए हुए 55 रन की साझेदारी**

दूसरी पारी में पांच विकेट और पहली पारी में चार विकेट लेने के बाद शमर जोसेफ ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। जोसेफ और जस्टिन ग्रीव्स ने नौवें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। जोसेफ ने 22 गेंद पर 44 रन बनाए, जबकि ग्रीव्स ने 53 गेंद पर 38 रन बनाए।

हालांकि, नाथन लियोन ने पारी में पहली बार अपना प्रभाव दिखाया और उन्होंने जोसेफ और फिर जेडन सील्स को शून्य पर आउट कर मेहमान टीम की 159 रनों से जीत सुनिश्चित कर दी। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियान ने पिछले साल गाबा में मिली 8 रन की शर्मनाक हार का बदला भी ले लिया। 27 साल बाद वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को घर में हराया था।

# बॉक्सिंग वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम घोषित

## 20 में से 16 हरियाणा के खिलाड़ी; महिला टीम में प्रदेश से 9 प्लेयर

नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)। कजाकिस्तान में 30 जून से 7 जुलाई तक होने वाले आगामी बॉक्सिंग वर्ल्ड कप के लिए बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। यह भारतीय मुक्केबाजी के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, क्योंकि इस बार टीम में हरियाणा का दबदबा स्पष्ट रूप से दिख रहा है। कुल 20 खिलाड़ियों की टीम में से, 16 बॉक्सर अकेले हरियाणा राज्य से हैं, जो प्रदेश की खेल प्रतिभा का शानदार प्रमाण है।

**महिला वर्ग में हरियाणा की 9 धुरंधर खिलाड़ी**

भारतीय महिला बॉक्सिंग टीम में कुल 10 खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें से 9 हरियाणा की रहने वाली हैं। यह दर्शाता है कि हरियाणा की बेटियां बॉक्सिंग के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। महिला टीम में शामिल हरियाणा की प्रमुख खिलाड़ी इस प्रकार हैं :

भिवानी सेः जैस्मिन लंबोरिया, नुपुर श्योराण, पूजा रानी बोहरा और साक्षी ढांडा। रोहतक सेः मीनाक्षी हुड्डा, मुस्कान बैनीवाल और अनामिका हुड्डा

चरखी दादरी सेः नीरज फौगाट




और संजू। इनके अलावा, महिला टीम में मणिपुर की सनमाचा चानू भी शामिल हैं।

**पुरुष वर्ग में 7 हरियाणवी बॉक्सर दिखाएंगे दम**

पुरुष वर्ग की भारतीय टीम में भी हरियाणा के बॉक्सर बड़ी संख्या में शामिल किए गए हैं। कुल 10 पुरुष मुक्केबाजों में से 7 हरियाणा से हैं, जो इस खेल में राज्य की गहरी जड़ें दिखाते हैं। पुरुष टीम में शामिल हरियाणा के खिलाड़ी इस प्रकार हैंः

झज्जर सेः हितेश गुलिया। भिवानी सेः सचिन सिवाच जूनियर हवलदार। मिताथल सेः जुगनू अहलावत हवलदार। चरखी दादरी सेः लक्ष्य चाहर हवलदार। हिसार सेः नरेंद्र बेरवाल हवलदार और विशाल वालिया। एक और खिलाड़ीः मनीष राठौर (यह भी हरियाणा से हैं, जैसा कि बताया गया है)। टीम में हरियाणा के खिलाड़ियों के अलावा अभिनाश जामवाल, जादूमणि और निखिल दूबे को भी शामिल किया गया है।

**ब्राजील में जीते थे 6 मेडल, अब वर्ल्ड कप की बारी**

भारतीय बॉक्सिंग टीम ने हाल ही में ब्राजील में आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 6 मेडल जीते थे। इस प्रदर्शन में भी हरियाणा के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा था। मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों में शामिल थे :

गोल्ड मेडलः हरियाणा के हितेश गुलिया (70 किग्रा भारवर्ग)।

सिल्वर मेडलः अभिनाश जामवाल (65 किग्रा भारवर्ग)।

ब्रॉन्ज मेडलः जादूमणि सिंह (50 किग्रा), मनीष राठौड़ (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा)।

यह प्रदर्शन दिखाता है कि भारतीय बॉक्सर, खासकर हरियाणा के खिलाड़ी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं और अब वे बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में भी इसी तरह के शानदार प्रदर्शन को दोहराने के लिए तैयार हैं। इन खिलाड़ियों से देश को काफी उम्मीदें हैं कि वे कजाकिस्तान में होने वाले वर्ल्ड कप में और अधिक मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन करेंगे। यह चयन हरियाणा के खेल विभाग और राज्य सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का भी परिणाम है।

# दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ललित उपाध्याय बोले यूरोप जाने से पहले ही संन्यास के बारे में सोच लिया था

नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)। पहली बार हॉकी थामी तो मकसद बेरोजगार पिता और सिलाई करके घर चलाने वाली मां की मदद करना था, लेकिन दो ओलंपिक पदक जीतने वाले ललित उपाध्याय को खुशी है कि देश के लिये कुछ करने का जरिया यह खूबसूरत खेल बना। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे अनुभवी मिडफील्डर ललित ने एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से विदा ले ली।

ललित ने कहा, 'करीब 32 साल की उम्र हो गई है और मुझे लगा कि अब समय आ गया है कि विदा ले लेनी चाहिये । मैं यही चाहता था कि शिखर पर रहकर ही विदा लूं और लिगामेंट चोट के बावजूद मेरी फिटनेस और फॉर्म अच्छा रहा है।' यह पूछने पर कि क्या उन पर संन्यास का दबाव था, उन्होंने कहा, 'यह फैसला मैंने खुद लिया है। मैं खुद को खींचना नहीं चाहता था। मुझे हरमनप्रीत समेत कई लोगों ने रोका



लेकिन मैंने मन बना लिया था। मैं बनारसी फक्खड़ हूं और एक बार सोच लिया तो फिर सोच लिया।'

भारत के लिए 183 मैचों में 67 गोल कर चुके ललित ने कहा, 'मैं खुश हूं कि हॉकी इंडिया ने काफी सम्मान और मौके दिए। टीम का अच्छा साथ रहा, लेकिन अब समय हो गया था। एफआईएच प्रो लीग के लिये यूरोप जाने से पहले ही मैं सोच रहा था कि अब छोड़ दूंगा, लेकिन घरेलू हॉकी और लीग खेलता रहूंगा।' प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत को एकमात्र जीत बेल्जियम के खिलाफ आखिरी मैच में मिले और जीतकर सीधे विश्व कप के लिये क्वालिफाई करने का सपना भी टूट गया। ओलंपिक पदक, एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेल रजत समेत कई उपलब्धियां अर्जित कर चुके ललित ने कहा कि जब उन्होंने शुरूआत की तब एकमात्र लक्ष्य अपनी मां की घर चलाने में मदद करना था। उन्होंने कहा, 'परिवार की स्थिति बहुत खराब थी । पापा की कपड़े की छोटी सी दुकान बंद हो गई थी और मां सिलाई करके घर चलाती थी। ऐसे में बेहतर भविष्य की तलाश में और नौकरी पाने के लिये हॉकी थामी थी। मैं और बड़ा भाई डेबोर्डिंग में रहते थे तो ढाई. तीन सौ रूपये मिलते थे जिससे मम्मी को सिलाई मशीन दिलाई थी।' उत्तर प्रदेश पुलिस में उप अधीक्षक ललित को कैरियर के पहले ही कदम पर झटका लगा जब एक स्टिंग आपरेशन में अनजाने ही उनका नाम आया। एक टीवी चैनल के रिपोर्टर ने तत्कालीन भारतीय हॉकी महासंघ (आईएचएफ) सचिव के ज्योतिकुमारन के सामने एक खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह देने की एवज में प्रायोजन प्रस्ताव रखा और वह खिलाड़ी ललित था।

# श्रीलंका से सीरीज हारने के बाद शांतो ने कप्तानी छोड़ी

खेल डेस्क, 28 जून (एजेंसियां)। बांग्लादेश के नजमुल हसन शांतो ने टेस्ट की कप्तानी छोड़ दी है। शांतो ने श्रीलंकाई के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से हराने के बाद कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया। 26 साल के इस लेफ्टी बैटर ने शनिवार को कहा- 'मैं अब टेस्ट की कप्तानी नहीं करूंगा।' 16 दिन पहले 12 जून को बीसीबी ने उनसे वनडे की कप्तानी छीनी थी। बोर्ड ने मेहदी हसन मिराज को नया कप्तान बनाया था। बांग्लादेशी टीम को श्रीलंका दूसरे टेस्ट में पारी और 78 रन की हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमों के बीच का पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। शांतो ने मैच के बाद मीडिया से कहा- ये मेरा कोई व्यक्तिगत मामला नहीं है। मैंने टीम की बेहतरी के लिए यह फैसला लिया है। मुझे लगता है मेरा फैसला टीम के हित में होगा। पिछले कई सालों से मैं इस ड्रेसिंग रूम का हिस्सा हूं।

# ओलंपियन अनीश भानवाला ने रैपिड फायर पिस्टल ट्रायल जीता, नर्मदा नितिन ने भी मारी बाजी

नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां)। ओलंपियन अनीश भानवाला ने ग्रुप ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के तीसरे और चौथे राष्ट्रीय चयन ट्रायल में पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में लगातार दूसरा ट्रायल जीता जबकि तमिलनाडु की नर्मदा नितिन ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में बाजी मारी। नर्मदा ने 24 शॉट के फाइनल में 253.7 अंक बनाकर विश्व कप फाइनल रजत पदक विजेता सोनम उत्तम मस्कर को 1.7 अंक से हराया। दिल्ली की राजश्री अनिल कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया।

क्वालिफिकेशन में नर्मदा छठे स्थान पर रही थी। विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेत मेहुली घोष क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रही थी। पुरूषों के रैपिड फायर टी4 फाइनल में





अनीश ने 30 स्कोर करके लगातार दूसरा फाइनल जीता। नौसेना के प्रदीप सिंह शेखावत दूसरे और हरियाणा के आदर्श सिंह तीसरे स्थान पर रहे।

# सिंगरेणी दुर्घटना बीमा योजना राष्ट्र के लिए एक मॉडल है : डिप्टी सीएम



हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। उप-मुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने सिंगरेणी के एक कर्मचारी के परिवार को 1.20 करोड़ रुपये का दुर्घटना बीमा चेक सौंपा। राज्य सरकार के निर्देशों के बाद सिंगरेनी में लागू की जा रही मुफ्त दुर्घटना बीमा योजना के हिस्से के रूप में, उप-मुख्यमंत्री ने हाल ही में एक दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले एक श्रमिक के परिवार को 1.20 करोड़ रुपये का चेक सौंपा।

यह कार्यक्रम शनिवार को महात्मा ज्योतिराव फुले प्रजा भवन में हुआ, जहां भट्टी विक्रमार्क ने मृतक श्रमिक पेंड्री रंजीत कुमार की पत्नी लता को चेक प्रदान किया, जो सिंगरेनी के रामागुंडम-1 क्षेत्र में सहायक व्यक्ति के रूप में काम करते थे। पेंड्री निवासी रंजीत कुमार का भारतीय स्टेट बैंक में वेतन खाता था और हाल ही में सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी।

मृतक द्वारा नामांकन कराए जाने के बाद उनकी पत्नी लता को दुर्घटना बीमा योजना के तहत 1.20 करोड़ रुपये की बीमा राशि का भुगतान किया गया है। इस अवसर पर बोलते हुए उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगरेणी में क्रियान्वित की जा रही 1.20 करोड़ रुपये की दुर्घटना बीमा योजना न केवल सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए बल्कि देश भर के सभी राज्यों के लिए एक आदर्श के रूप में काम करेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना अप्रत्याशित दुर्घटनाओं की स्थिति में श्रमिकों के परिवारों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई थी ताकि वे संकट में न पड़ें।

उप-मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि मृतक श्रमिक के परिवार को जल्द ही अनुकंपा नियुक्ति के कागजात उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव नवीन मित्तल, सिंगरेनी के सीएमडी एन. बलराम, रेडको की उपाध्यक्ष व एमडी अनीला, एसबीआई की डीजीएम नीलाक्षी सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश कुमार, कार्यपालक निदेशक (कोल मूवमेंट) एस.डी.एम. सुभानी समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## युवक ने पेट्रोल छिड़क कर मां को किया आग के हवाले

वारंगल, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के संगम मंडल के कुंतपल्ली गांव में शनिवार तड़के एक युवक ने कथित तौर पर अपनी मां को आग लगा दी। आरोपी मुथिनेनी सतीश ने अपनी 50 वर्षीय मां विनोदा पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी।

उसे इलाज के लिए वारंगल के एमजीएम अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के अनुसार महिला करीब 85 फीसदी जल चुकी है और उसकी हालत गंभीर है।

मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयान में उसने अपने बेटे की इस जघन्य हरकत के बारे में कबूल किया। इस जघन्य वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। महिला के परिजनों की शिकायत के आधार पर स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि इस घटना के पीछे संपत्ति विवाद को कारण बताया जा रहा है।

# बोनालु जुलूस में कर्नाटक के श्री करिबासवा स्वामी मठ का हाथी शामिल होगा



हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। कर्नाटक वन विभाग ने हैदराबाद में आगामी बोनालु उत्सव के लिए तुमकुर के होरापेटे स्थित श्री करिबासवा स्वामी मठ के एक मंदिर के हाथी के उपयोग की अनुमति दे दी है। तेलंगाना धर्मस्व विभाग के अनुरोध के बाद, कर्नाटक प्राधिकारियों ने तुमकुर मठ की 33 वर्षीय हथिनी लक्ष्मी की भागीदारी को मंजूरी दे दी। अधिकारियों के अनुसार, लक्ष्मी 12 जुलाई को हैदराबाद पहुंचेंगी। एक दिन के आराम के बाद, वह 14 जुलाई को सिकंदराबाद में श्री उज्जैनी महाकाली मंदिर बोनालु जुलूस में भाग लेंगी।

15 से 19 जुलाई तक हाथी आराम करेगा और फिर सब्जीमंडी और कारवान में श्री नल्ला पोचम्मा और महांकाली देवस्थानम सहित विभिन्न बोनालू जुलूसों में भाग लेगा। 21 जुलाई को वह हरिबौली में श्री अक्कन्ना मदन्ना मंदिर जुलूस में शामिल होगी। लक्ष्मी के एक दिन के आराम के बाद 23 जुलाई को कर्नाटक लौटने की उम्मीद है। हालांकि, मोहर्रम जुलूस में उनके शामिल होने के बारे में अभी कोई पुष्टि नहीं हुई है। पिछले साल बोनालू के लिए एक और हाथी को अनुमति दी गई थी, लेकिन बाद में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण उसे अयोग्य घोषित कर दिया गया। इस साल लक्ष्मी को उपयुक्त प्रतिस्थापन के रूप में मंजूरी दी गई।

शुरूआत में तेलंगाना वन विभाग ने कहा था कि अनंतपुर से एक हाथी की व्यवस्था की जा रही है। एक अधिकारी ने स्पष्ट किया, श्री करिबासवा स्वामी मठ, होरापेटे की कई शाखाएं हैं, जिनमें से एक अनंतपुर में है। हाथी की व्यवस्था होरापेटे शाखा से की जा रही है।

## कर्ज विवाद में फाइनेंसर की हत्या

हनमकोंडा, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के काजीपेट रेलवे क्वार्टर में शुक्रवार देर रात एक फाइनेंसर की कथित तौर पर एक व्यक्ति ने हत्या कर दी। वारंगल निवासी गड्डम नवीन कुमार ने कथित तौर पर काजीपेट निवासी प्रवीण कुमार को 40,000 रुपये उधार दिए थे।

पुलिस के अनुसार, जब नवीन ने प्रवीण से कर्ज चुकाने के लिए कहा तो दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। गुस्से में आकर प्रवीण कुमार ने कथित तौर पर चाकू से नवीन कुमार की हत्या कर दी। फाइनेंसर की पत्नी माधवी की शिकायत के आधार पर काजीपेट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है।

# प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के साथ तीन गिरफ्तार

हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आयुक्त की टास्क फोर्स, दक्षिण-पूर्व क्षेत्र की टीम ने अबिड्स पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों के साथ मिलकर तीन व्यक्तियों को पकड़ा।

वे अबिड्स पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत प्रतिबंधित ई-सिगरेट खरीद और बेच रहे थे। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम यानी ई-सिगरेट, दो पहिया वाहन और तीन एप्पल फोन जब्त किए। बरामद संपत्ति की कीमत लगभग 10 लाख रुपये है। आरोपियों में मोहम्मद सुल्तान खान ऊर्फ सुल्तान, निवासी कट्टल मंडी, मोहम्मद कबीर हुसैन, निवासी फतेह दरवाजा, मोहम्मद मोइद पाशा, निवासी फतेह दरवाजा



शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पास से प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के विभिन्न फ्लेवर 190, दो पहिया वाहन 2, एप्पल फोन 3, 13,500 रुपये नकद मिले हैं। जानकारी के अनुसार, विश्वसनीय सूचना पर आयुक्त की टास्क फोर्स, दक्षिण-पूर्व क्षेत्र टीम ने मोहम्मद सुल्तान खान उर्फ सुल्तान, मोहम्मद कबीर हुसैन उर्फ कबीर और मोहम्मद मोईद पाशा उर्फ मोईद को प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम के विभिन्न ब्रांड और विभिन्न स्वादों की ई-सिगरेट के साथ गिरफ्तार हैं।

इन ई-सिगरेट में निकोटीन होता है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थ है, और मौद्रिक लाभ के लिए सार्वजनिक रूप से बेचा जा रहा था। पूछताछ के दौरान पता चला कि मोहम्मद सुल्तान खान उर्फ सुल्तान ने आसिफ के माध्यम से सामी नाम के एक व्यक्ति से प्रतिबंधित ई-सिगरेट खरीदी और मोहम्मद कबीर हुसैन उर्फ कबीर और मोहम्मद मोइद पाशा उर्फ मोइद के माध्यम से जरूरतमंद ग्राहकों को कमीशन के आधार पर ऊंचे दामों पर बेचा और अवैध रूप से लाभ कमाया। यह छापेमारी एस. सैदाबाबू, पुलिस निरीक्षक, दक्षिण-पूर्व जोन टास्क फोर्स टीम की देखरेख में एसआई, के. रामा राव, एम. मधु और पीसी सैयद अजीज मोहम्मद और कमिश्नर टास्क फोर्स, दक्षिण-पूर्व जोन हैदराबाद के कर्मचारियों के साथ-साथ एबिड्स पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों द्वारा की गई।

# मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव को श्रद्धांजलि दी



हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न पी.वी. नरसिम्हा राव की जयंती के अवसर पर जुबली हिल्स स्थित अपने आवास पर उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने पी.वी. नरसिम्हा राव की सेवाओं को याद किया। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बहुभाषी विद्वान, लेखक और आर्थिक सुधारों के जनक के रूप में देश के लिए उनकी अमूल्य सेवाओं के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि देश को प्रगति के पथ पर ले जाने में पी.वी. की भूमिका अतुलनीय है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, तुंगतुर्थी विधायक अमदेली समेल, सथुपल्ली मट्टा रागामई और पर्यटन निगम के अध्यक्ष पटेल रमेश रेड्डी ने भाग लिया।


**पावरग्रिड POWERGRID**

**गूटी और कडप्पा सबस्टेशनों पर फिक्स्ड सीरीज कंपनसेशन (एफएससी) के लिए एलएम3.1.9 मॉड्यूल के विकास और आपूर्ति के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई);**
**विनिर्देशन संख्या: SR-I/C&M/I-3963/2025 दिनांक: 29.06.2025**

भारत में सबसे बड़ी पावर ट्रांसमिशन यूटिलिटी, पावरग्रिड, इस ईओआई के माध्यम से गूटी और कडप्पा सबस्टेशनों पर एफएससी के लिए एलएम3.1.9 मॉड्यूल के विकास और आपूर्ति के लिए स्वदेशी निर्माताओं /आपूर्तिकर्ताओं की पहचान करना चाहता है। संपूर्ण ईओआई दस्तावेज पावरग्रिड की वेबसाइट http://www.powergrid.in पर उपलब्ध हैं।

किसी भी पत्राचार, स्पष्टीकरण और रुचि की अभिव्यक्ति दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए, इच्छुक फर्म/वेंडर्स सीनियर डीजीएम (सी एंड एम) से निम्नलिखित पते पर संपर्क कर सकते हैं। मोबाइल:+91 9971399075, ईमेल: chnr@powergrid.in

SR-I/PR/EoI/Advt-04/2025-26/RK Swamy

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
क्षेत्रीय कार्यालय : दक्षिणी क्षेत्र ट्रांसमिशन सिस्टम-I, # 6-6-8/32 और 395 ई, कवाडीगुडा मेन रोड, सिकंदराबाद - 500 080. टेली :040-2754 6649
पंजीकृत कार्यालय : बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली 110 016
www.powergrid.in, सीआईएन : L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

Power Grid Tender Ad W:8 x H:7 cm


## डीजीपी कार्यालय में स्मृति समारोह का आयोजित



हैदराबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हा राव की 104वीं जयंती के अवसर पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार शनिवार को डीजीपी कार्यालय में स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। समारोह भव्य और सम्मानजनक तरीके से आयोजित किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून और व्यवस्था), महेश एम. भागवत ने पी.वी. नरसिम्हा राव के चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें नमन किया। पुलिस अधिकारियों ने राष्ट्र के लिए पी.वी. नरसिम्हा राव के अमूल्य योगदान, विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में उनके अग्रणी सुधारों, शिक्षा में उन्नति और भाषाई और सांस्कृतिक सद्भाव को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता को याद किया। एआईजी (कानून और व्यवस्था) रमण कुमार, सीएसओ चौ. इस कार्यक्रम में डीजीपी योगेश्वर राव, डीएसपी ए. वेणुगोपाल और उदय भास्कर सहित डीजीपी कार्यालय के कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

# बाघों को कवाल में किया जाएगा स्थानांतरित

## टीएटीआर से बाघों को स्थानांतरित करने की मांग

आदिलाबाद, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। कवाल टाइगर रिजर्व में बाघों की भारी कमी के कारण तेलंगाना वन विभाग ने पड़ोसी महाराष्ट्र के ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व (टीएटीआर) से बाघों को स्थानांतरित करने की मांग की है। कवल में बाघों को लाने के उद्देश्य से 'प्रोजेक्ट टाइगर' नामक एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था और महाराष्ट्र से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, जिससे वन्यजीव उत्साही लोग प्रसन्न हैं। महाराष्ट्र के मुख्य वन्यजीव वार्डन की मंजूरी के बाद, तेलंगाना के मुख्य वन्यजीव वार्डन एलुसिंग मेरु ने इस पहल के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) को औपचारिक अनुरोध भेजा है। अधिकारियों ने बताया कि एनटीसीए अधिकारियों द्वारा जुलाई के पहले सप्ताह में कावल परिदृश्य का दौरा कर आवास की स्थिति का आकलन करने की उम्मीद है।

सूत्रों के अनुसार, तेलंगाना के अधिकारियों ने कम से कम एक



बाघिन सहित पांच बाघों का अनुरोध किया है, जिनकी उम्र आदर्श रूप से दो वर्ष से अधिक होनी चाहिए, क्योंकि ऐसे बाघ स्वतंत्र रूप से घूमते हैं और अधिक अनुकूलनशील होते हैं। उन्हें उम्मीद है कि बाघ कवाल में परिवार बसाएंगे। प्रारंभिक उपाय के रूप में, कोर जोन के मैसमपेट और रामपुर गांवों के आदिवासी परिवारों को बाघों के सुचारू रूप से बसने की सुविधा के लिए पहले ही स्थानांतरित कर दिया गया है। 2012 में बाघ अभयारण्य घोषित किए गए कवल का मुख्य क्षेत्र 893 वर्ग किलोमीटर में फैला है, जबकि बफर क्षेत्र 1,120 वर्ग किलोमीटर में फैला है, जो आदिलाबाद, कुमराम भीम आसिफाबाद, निर्मल और मंचेरियल जिलों में फैला हुआ है। हालांकि, यह रिजर्व उम्मीद के मुताबिक बाघों को आकर्षित करने और बनाए रखने में विफल रहा है। एनटीसीए की बाघों की स्थिति 2022 रिपोर्ट में कहा गया है कि कवल में कागजनगर के पास कुछ क्षणिक व्यक्तियों को छोड़कर कोई बाघ नहीं पाया गया।

इसके विपरीत, चंद्रपुर जिले में कुमराम भीम आसिफाबाद की सीमा पर स्थित ताड़ोबा में बाघों की आबादी बहुत ज़्यादा है। इस रिजर्व में 116.55 वर्ग किलोमीटर का कोर एरिया और 508 वर्ग किलोमीटर का बफर जोन शामिल है, जिसमें वर्तमान में 40 से ज़्यादा बाघ हैं।


**SHRI GUJARATI PRAGATI SAMAJ**

# 4-3-259, Giriraj Lane, Koti, Bank Street, Hyderabad-500 095 (TG)
Ph: 040-24754657, 24758704 | E-mail : pragatisamaj@yahoo.co.in

**NOTICE**

**ANNUAL GENERAL BODY MEETING**

The Annual General Body Meeting of Shri Gujarati Pragati Samaj shall be held on **Sunday, 20th July 2025** at Pragati Mahavidyalaya, Hanuman Tekdi, Hyderabad, from 10:30 am onwards to transact the following Agenda.

**AGENDA**

1. To confirm the minutes of the last General Body Meeting held on 11/08/2024.
2. To adopt the Secretary's Report for the year 2024-25.
3. To adopt the Audited Accounts of Samaj and its subsidiaries for the financial year 2024-25.
4. To appoint the Auditors for the financial year 2025-26 and to fix the remuneration.
5. To conduct elections for the year 2025-2027 to elect 17 Working Committee Members and 8 Trustees as per Bye-Laws (Members may please contact Samaj Office for Election Rules, Regulations and Election Process)
6. Any other matter with the permission of the chair.

Sd/-
Secretary : Shri Gujarati Pragati Samaj
28-06-2025



हिंदू सेवा समाज द्वारा भव्य धार्मिक यात्रा

**श्री अमरनाथ जी यात्रा**

1 से 14 जुलाई 2025

यात्रा स्थल:
1. श्री खाटू श्याम जी
2. श्री अमरनाथ जी
3. श्री वैष्णो देवी
4. शिव खोड़ी
5. अमृतसर (Golden Temple)
6. मेहंदीपुर बालाजी
7. कुरुक्षेत्र
8. मथुरा
9. वृंदावन

यात्रा:
- हैदराबाद से नई दिल्ली ट्रेन
- नई दिल्ली से: 2x2 AC बस द्वारा
- सुविधाजनक आवास की व्यवस्था
- स्वादिष्ट और शुद्ध घरेलू भोजन की व्यवस्था

भक्ति और दर्शन का दुर्लभ अवसर, सीमित स्थान!

यात्रा शुल्क: ₹16,500 मात्र

यदि संभव हो: श्री शंकराचार्य मंदिर, डल झील, खीर भवानी मंदिर

संपर्क करें:
श्रीमती शोभा पांडे - 9247157981
श्रीमती आरती - 6281171640
श्रीमती निधि शर्मा - 8897542160

सत्यनारायण गोपाल बल्दवा

GB GOPAL BALDAWA GROUP


# करीमनगर क्षेत्र में पीडीएस चावल वितरण में देरी

करीमनगर, 28 जून (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्ववर्ती करीमनगर के कई इलाकों में पीडीएस चावल वितरण अभी भी लंबित समय सीमा समाप्त होने में केवल दो दिन शेष रह गए हैं, तथा पूर्ववर्ती करीमनगर जिले के कई क्षेत्रों में पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) चावल का वितरण अधूरा रह गया है।

कुछ जिलों में चावल वितरण का लगभग 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, जबकि अन्य जिलों में यह 80 प्रतिशत ही पहुंचा है। हालांकि अधिकारियों को भरोसा है कि 30 जून की समयसीमा तक 100 प्रतिशत कवरेज हासिल हो जाएगा, लेकिन कई लाभार्थी अभी भी संशय में हैं।

देरी तब शुरू हुई जब केंद्र सरकार ने आगामी मानसून सीजन का हवाला देते हुए तीन महीने का कोटा (जून, जुलाई और अगस्त) जून में ही आपूर्ति करने का निर्णय लिया। राज्य सरकार द्वारा अच्छी किस्म का चावल उपलब्ध कराए जाने के कारण बड़ी संख्या में कार्डधारक इस डर से राशन की दुकानों पर पहले ही पहुंच गए कि देरी होने पर स्टॉक खत्म हो जाएगा। चुनौतियों में तकनीकी मुद्दे भी शामिल थे, जिनमें नई ई-पीओएस (इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट ऑफ सेल) मशीनों की समस्याएं भी शामिल थीं, जिससे वितरण प्रक्रिया धीमी हो गई। वर्तमान में, राज्य और केंद्र सरकार दोनों के योगदान से प्रति व्यक्ति छह किलोग्राम चावल निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

पहले, जब कार्डधारक का विवरण ई-पीओएस मशीन में अपलोड किया जाता था, तो चावल की पूरी मात्रा एक बार में स्वीकृत हो जाती थी। हालांकि, इस महीने आवेदन में बदलाव के बाद, राज्य और केंद्र कोटा अलग-अलग स्वीकृत किए जा रहे हैं। इससे राशन डीलरों का काम दोगुना हो गया है, जिन्हें अब प्रत्येक कार्डधारक के लिए दो बार विवरण अपलोड करना होगा और बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण एकत्र करना होगा।

उदाहरण के लिए, चार सदस्यों वाले परिवार को 24 किलो चावल मिलता है। पहले, सिस्टम एक ही बार में पूरे 24 किलो चावल को मंजूरी देता था। अब, 20 किलो (राज्य कोटा) और 4 किलो (केंद्रीय कोटा) को अलग-अलग मंजूरी देनी होगी, जिसके लिए कार्डधारक के अंगूठे का निशान दो बार देना होगा। चूंकि तीन महीने का कोटा एक ही महीने में वितरित किया जा रहा है, इसका मतलब है कि कार्डधारक का विवरण छह बार अपलोड करना होगा, साथ ही छह बार अंगूठे का निशान लेना होगा- प्रत्येक महीने के कोटे के लिए एक बार। इस प्रक्रिया ने प्रत्येक लेनदेन में लगने वाले समय को काफी हद तक बढ़ा दिया है।

सर्वर की समस्याओं ने देरी को और बढ़ा दिया है, और राशन की दुकानों पर जगह की कमी ने समस्या को और बढ़ा दिया है।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.